सूर्योदय 7:15 सूर्यास्त 5:45

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 2.4 न्यू | 14.5 अधि |
| धर्मशाला | 4.6 न्यू | 18.4 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76330.01 |
| निफ्टी | 23085.95 |
| सोना | 80,070 |
| चांदी | 93,594 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in




सेना प्रमुख बोले- पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर स्थिति संवेदनशील लेकिन स्थिर

पृष्ठ 13 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 14 जनवरी 2025 | 1 माघ, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 27, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### भूकंप के झटकों से दहला जापान, 6.9 रही तीव्रता



**टोक्यो।** जापान के क्यूशू क्षेत्र में सोमवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता 6.9 रही। यूरोपीय-मेडिटेरेनियन सिस्मोलॉजिकल सेंटर के अनुसार, जापान के क्यूशू क्षेत्र में भूकंप भूकंप की गहराई 37 किलोमीटर (23 मील) थी। हालांकि, अब तक किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। भूकंप के बाद मियाजाकी और कोच्चि में तटीय इलाकों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की है। आस-पास के लोगों से तट से दूर रहने और ऊंची जगहों पर जाने की अपील की गई है।

### सत्येंद्र जैन के खिलाफ केस चलाने को मंजूरी



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के विधायक सत्येंद्र जैन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सत्येंद्र जैन के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले में जांच कर रही सीबीआई को सत्येंद्र जैन के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी मिल गई है। सीबीआई ने इस मामले में 4 जनवरी को सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की थी।

### इमरान और उनकी पत्नी के खिलाफ फैसला टला



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की अदालत ने 19 करोड़ पाउंड के अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के खिलाफ अपना फैसला तीसरी बार टाल दिया। इस्लामाबाद स्थित भ्रष्टाचार रोधी अदालत ने फैसला सुनाने की नई तारीख 17 जनवरी निर्धारित की है। न्यायाधीश ने आरोपी के अदालत में पेश नहीं होने का हवाला देते हुए फैसला टाला।

### राहत: निचले स्तर पर पहुंची खुदरा महंगाई

**नई दिल्ली।** देश में खुदरा महंगाई दर दिसंबर में चार महीने के निचले स्तर 5.22 फीसदी पर आ गई। यह दर नवंबर में 5.48 फीसदी थी। यह गिरावट खाद्य वस्तुओं की कीमतों में कमी के कारण आई है। सरकार ने सोमवार को आंकड़े जारी किए। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के तहत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर में खाद्य महंगाई 8.39 फीसदी रही, जबकि नवंबर में यह 9.04 फीसदी और दिसंबर 2023 में 9.53 फीसदी थी।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- घंटों खड़े होकर करना पड़ रहा अपनी बारी का इंतजार -पेज 2
- धर्मशाला बस स्टैंड जीएस बाली के नाम -पेज 3
- अजिया पाल देवता हैं सिमस गांव के रक्षक -पेज 9
- सेंसेक्स 1048 और निफ्टी 345 अंक गिरा -पेज 13
- नोवाक जोकोविच की संघर्षपूर्ण जीत -पेज 14

# महाकुंभ पर महासैलाब, 1.60 करोड़ ने किया शाही स्नान

**44** घाटों पर भक्तों ने पौष पूर्णिमा की लगाई डुबकी

**144** साल बाद दुर्लभ संयोग

एजेंसी, प्रयागराज

**पौष** पूर्णिमा पर 144 साल बाद बने दुर्लभ संयोग में देश-विदेश के 1.60 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं, संतों और साधुओं ने गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के त्रिवेणी तट पर बने 44 घाटों पर आस्था की डुबकी लगाई। पहले शाही स्नान के साथ ही 45 दिन तक चलने वाला महाकुंभ मेला सोमवार से शुरू हो गया। भक्तों पर हेलिकॉप्टर से 20 क्विंटल फूलों की वर्षा की गई।

भीड़ इतनी थी कि 3700 लोग अपनों से बिछड़ गए। बाद में खोया-पाया केंद्र से अनाउंसमेंट कर ज्यादातर लोगों को उनके परिवार वालों से मिलवाया गया। सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चाक-चौबंद दिखी। हेलिकॉप्टर और एनएसजी कमांडो महाकुंभ में आए लोगों पर नजर रख रहे हैं। करीब 37 हजार पुलिस कर्मी सुरक्षा में तैनात किए गए हैं। कुंभ नगरी के हर सेक्टर में कई पुलिस थाने बने हैं। विदेशी श्रद्धालु भी बड़ी तादाद में कुंभ में स्नान करने पहुंचे हैं। प्रशासन के मुताबिक, जर्मनी, ब्राजील, रूस समेत 20 देशों से भक्त पहुंचे हैं।



हेलिकॉटर से 20 क्विंटल फूलों की बारिश



### भारतीय मूल्यों को संजोने वालों के लिए बहुत खास दिन : मोदी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने प्रयागराज में महाकुंभ शुरू होने के साथ ही इसे भारतीय मूल्यों और संस्कृति को संजोने वालों के लिए एक बेहद खास दिन करार दिया। पीएम ने 'एक्स' पर कहा कि यह विशाल धार्मिक आयोजन भारत की कालातीत आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है। हमारी आस्था और संस्कृति से जुड़े इस दिव्य अवसर पर मैं सभी श्रद्धालुओं का हृदय से वंदन और अभिनंदन करता हूं। भारतीय आध्यात्मिक परंपरा का यह विराट उत्सव आप सभी के जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करे, यही कामना है।


### सीएम योगी आदित्यनाथ ने दी शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी श्रद्धालुओं, संत महात्माओं, कल्पवासियों और आगंतुकों का स्वागत करते हुए महाकुंभ के प्रथम स्नान की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने महाकुंभ को भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक गरिमा का प्रतीक बताया।

# सोनमर्ग जेड-मोड़ सुरंग राष्ट्र को समर्पित

## प्रधानमंत्री ने 6.5 किलोमीटर लंबी सुरंग का किया उद्घाटन, बोले- बहुत पुरानी डिमांड आज हुई पूरी

एजेंसी, श्रीनगर



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग इलाके में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण 6.5 किलोमीटर लंबी सोनमर्ग जेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन किया।

श्रीनगर-लेह हाईवे एनएच-1 पर बनी 6.5 किलोमीटर लंबी डबललेन टनल श्रीनगर को सोनमर्ग से जोड़ेगी। पीएम ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की लद्दाख की एक और बहुत पुरानी डिमांड आज पूरी हुई है। उन्होंने कहा कि मोदी जो वादा करता है तो वह निभाता है। हर काम का एक समय होता है और सही समय पर सही काम भी होने वाले हैं। वहीं, राज्य के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उम्मीद है जम्मू-कश्मीर के स्टेटहुड का वादा भी पूरा होगा। सुरंग का उद्घाटन करने के बाद प्रधानमंत्री इसके अंदर गए और परियोजना अधिकारियों से बातचीत की। समुद्र तल से 8,650 फुट की ऊंचाई पर स्थित यह सुरंग भूस्खलन और हिमस्खलन वाले मार्गों से अलग लेह के रास्ते श्रीनगर और सोनमर्ग के बीच सभी मौसम में संपर्क को बढ़ाएगी। इस दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी मौजूद थे।

### गगनगीर से सोनमर्ग के बीच एक घंटे की दूरी 15 मिनट में होगी पूरी

**श्रीनगर**-लेह हाइवे पर गगनगीर से सोनमर्ग के बीच एक घंटे की दूरी अब 15 मिनट में पूरी होगी। इसके अलावा गाड़ियों की स्पीड भी 30 किमी/घंटा से बढ़कर 70 किमी/घंटा हो जाएगी। दुर्गम पहाड़ी वाले इस इलाके को क्रॉस करने में पहले 3 से 4 घंटे का समय लगता था। अब यह दूरी मात्र 45 मिनट में पूरी होगी।

### खुशियों की लोहड़ी



धर्मशाला के कोतवाली बाजार में व्यापार मंडल ने कांगड़ा के डीसी हेमराज बैरवा के साथ लोहड़ी पर्व मनाया। छाया : संजय अग्रवाल

### भारत ने किया बांग्लादेश का डिप्टी हाई कमिश्नर तलब

**नई दिल्ली।** भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर फेंसिंग विवाद को लेकर भारत ने बांग्लादेश के डिप्टी हाई कमिश्नर नुरूल इस्लाम को तलब किया है। इससे पहले रविवार को बांग्लादेश ने भारतीय हाई कमिश्नर को तलब किया था। बांग्लादेशी विदेश मंत्रालय ने भारतीय हाई कमिश्नर प्रणय वर्मा को बुलाकर बॉर्डर पर बीएसएफ की तरफ से की जा रही फेंसिंग (बाड़) को अवैध कोशिश बताया था। बांग्लादेश का आरोप है कि भारत द्विपक्षीय समझौते का उल्लंघन कर बॉर्डर पर पांच स्थानों पर फेंसिंग लगाने की कोशिश कर रहा है। बांग्लादेश की न्यूज एजेंसी ने बताया कि भारतीय हाई कमिश्नर ने बांग्लादेश के विदेश सचिव जशीमउद्दीन के साथ करीब 45 मिनट इस मुद्दे पर बात की।

# 72 मेगावॉट की 7 सौर परियोजनाओं का आवंटन जल्द : सीएम सुक्खू

## बोले- 200 पंचायतों को सरकार करेगी 'हरित पंचायत' के रूप में विकसित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार बड़े स्तर पर हरित ऊर्जा के दोहन का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि 72 मेगावॉट क्षमता की सात सौर ऊर्जा परियोजनाओं को स्थापित करने के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई हैं, जिनका मूल्यांकन किया जा रहा है। कार्य जल्द ही संबंधित कंपनियों को आवंटित कर दिया जाएगा।

इसके अलावा 325 मेगावाट की 8 परियोजनाओं का सर्वेक्षण एवं जांच का कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि राज्य की 200 पंचायतों को 'हरित पंचायत' के रूप में विकसित करने की ओर अग्रसर है, जिसमें 200 केवी के ग्राउंड माउंटेड सोलर संयंत्र लगाए जाएंगे और इन संयंत्रों से प्राप्त आय को पंचायत के विकास कार्यों में खर्च किया जाएगा।

सीएम ने कहा कि सौर ऊर्जा क्षेत्र में ऊना जिले में 32 मेगावॉट की पेखुबेला सौर ऊर्जा परियाजना को 15 अप्रैल, 2024 को जनता को समर्पित किया था और अप्रैल से अक्तूबर 2024 तक साढ़े छह महीने की अवधि में इस परियोजना के माध्यम से 34.19 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन किया है, जिससे 10.16 करोड़ रुपए की आय हुई है। इसके अलावा ऊना जिले के भंजाल में 5 मेगावॉट सौर ऊर्जा परियोजना को 30 नवंबर 2024 को शुरू कर दिया है, जबकि 10 मेगावाट की अघलौर सौर ऊर्जा परियोजना का निर्माण कार्य भी इस माह पूर्ण होना अपेक्षित है।

### 2026 तक हिमाचल बनेगा हरित ऊर्जा राज्य

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि वर्तमान सरकार प्रदेश को 2026 तक देश का पहला 'हरित ऊर्जा' बनाने की दिशा में प्रयासरत है, ताकि प्रदेश के पर्यावरण को किसी प्रकार का नुकसान न हो। हरित ऊर्जा के दोहन से जहां पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी। वहीं, कार्बन उत्सर्जन भी कम होगा। हरित ऊर्जा स्रोत अक्षय हैं और समाप्त नहीं होते, जिससे भविष्य की पीढ़ियों को ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित हो पाएगी। दो प्रदेश के बाल एवं बालिका आश्रमों व वृद्ध आश्रमों और राजीव गांधी मॉडल डे-बोर्डिंग स्कूलों में ग्रिड से जुड़े रूफ टॉप सोलर प्लांट और वाटर हिटिंग सिस्टम स्थापित किए जाएंगे।

### कैग रिपोर्ट पर हाईकोर्ट बोला-दिल्ली सरकार की ईमानदारी पर संदेह

**स्पीकर को भेजकर विधानसभा में चर्चा करवानी थी; रिपोर्ट में शराब नीति का जिक्र था**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले आई कैग रिपोर्ट का मुद्दा अब दिल्ली हाईकोर्ट पहुंच गया है। सात भाजपा विधायकों ने कैग की रिपोर्ट पर विधानसभा में चर्चा करवाने की याचिका दिल्ली हाईकोर्ट में लगाई थी, जिस पर सोमवार को कोर्ट ने दिल्ली सरकार को फटकार लगाई। दिल्ली हाईकोर्ट कोर्ट जस्टिस सचिन दत्ता की बेंच ने कहा कि कैग रिपोर्ट पर विचार करने में जिस तरह से दिल्ली सरकार ने अपने कदम पीछे खींचे हैं, उससे इनकी ईमानदारी पर संदेह पैदा होता है। दिल्ली सरकार को कैग रिपोर्ट को तुरंत स्पीकर को भेजना था और सदन में चर्चा शुरू करनी चाहिए थी। कैग रिपोर्ट में दिल्ली की शराब नीति का मामला भी है। दिल्ली में 2021 में नई शराब नीति लागू की गई थी। इसमें लाइसेंस आवंटन को लेकर कई सवाल खड़े हुए। नीति वापस लेनी पड़ी। अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा। दोनों जेल भी गए। सीएम और डिप्टी सीएम का पद छोड़ना पड़ा। फिलहाल जमानत पर बाहर हैं।

# नालदेहरा में जेसीबी चालक की लापरवाही से गिरा पत्थर, दादी और पोती की मौत

## पशुओं को चारा लाने गई थी दोनों, पुलिस ने शव परिजनों को सौंपे

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**चालक और भूमि मालिक से पूछताछ**

**शिमला** जिले की नालदेहरा पंचायत के झोलो गांव में जेसीबी चालक की लापरवाही से गिरे पत्थर से दादी-पोती की मौत हो गई। मृतकों की पहचान गीता देवी (70) और वर्षा (21) के रूप में हुई है।

दोनों गांव के पास घासनी (पहाड़ी ढलान) में मट्लू खड्ड के साथ पशुओं के लिए चारा लेने गई थी। गीता देवी के बेटे विजय कुमार ने पुलिस को बताया कि वह घटना के समय वह घर पर नहीं थे। उन्हें पिता ने सूचना दी कि गीता देवी और वर्षा घास लाने गई थी और उन पर पत्थर गिरे हैं। जब घटनास्थल पर पहुंचकर देखा तो मां और बेटी के शव पड़े थे। ग्रामीण वहां जमा हो गए थे। झोलो गांव के ऊपर कडोलिया गांव में खेत तैयार करने का काम चल रहा था। कडोलिया गांव के निवासी बसर दत्त और केवल राम अपने खेत को तैयार करने के लिए जेसीबी लगाई थी। पहाड़ी ढलान से बड़े पत्थर खिसककर नीचे गिरे और गीता देवी और वर्षा को अपनी चपेट में ले लिया। जेसीबी मशीन के चालक हरि नंद पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि उसने काम करते समय सुरक्षा के बुनियादी नियमों का पालन नहीं किया। प्रधान सुषमा कश्यप ने प्रशासन से मांग की है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। शिमला पुलिस ने विजय कुमार के बयान के आधार पर ढली थाने में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने जेसीबी को कब्जे में ले लिया है और चालक हरि नंद, खेत मालिक बसर दत्त और केवल राम से पूछताछ की गई। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।

**गुड न्यूज** जलशक्ति और पीडब्ल्यूडी सहित सभी विभागों को मिलेगी राहत, पेंडिंग बिल होंगे क्लीयर

# हिमाचल में बंद ट्रेजरी आज से ओपन

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

अनंत ज्ञान खास खबर

**हिमाचल** प्रदेश में बंद ट्रेजरी मंगलवार से करीब एक सप्ताह के लिए खुल जाएगी। अब लटके बिलों पर अदायगी होना शुरू हो जाएगी। जलशक्ति, पीडब्ल्यूडी सहित सभी विभागों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। पिछले काफी समय से बड़े बिल लटके हुए थे, जिस कारण ठेकेदारों को पेमेंट नहीं हो पा रही है।

वहीं, निर्माण कार्य में भी इसी वजह से स्लो डाउन की स्थिति बन चुकी है। सूत्रों के मुताबिक, सोमवार रात से ही ट्रेजरी से ऐसे लटके हुए बिलों की अदायगी का काम चालू हो जाएगा। ट्रेजरी के सॉफ्टवेयर में एक ऐसी 'कैप' पिछले तकरीबन दो महीनों से अपना असर दिखा रही है, जिसकी वजह से बड़ी-बड़ी राशि के बिल अटके पड़े हैं। हालांकि, कुछ अदायगी हो रही है, लेकिन काफी अरसे के बाद वह भी चुनिंदा ही।

ट्रेजरी खुलने का असर जिला और सब डिवीजन स्तर के सभी कोष कार्यालयों पर पड़ेगा।



ऐसा नहीं है कि कार्यालय बंद हैं, लेकिन मसाला पैसे की अदायगी से जुड़ा हुआ है, इसीलिए विपक्ष भी यह आरोप लगा रहा है कि ट्रेजरी तो बंद है।

आर्थिक संकट ने सरकार को घेर रखा है। यही इस समय की सबसे बड़ी दिक्कत सरकार भी फेस कर रही है, मगर बिलों की अदायगी के लिए सरकारी सूत्रों के मुताबिक, 10 दिन की यह प्रक्रिया फिर खुलेगी, 10 दिन रहती है या कितने दिनों तक? इसका पता तो बाद में चलेगा, लेकिन फिलहाल आज से बहुतों को राहत मिलने वाली है। (अनंत ज्ञान)

### प्रमुख विभागों में करोड़ों रुपए के बिल फंसे

**प्रमुख** विभागों में बड़ी राशि के करोड़ों रुपए के बिल फंसे हुए हैं। ठेकेदार काफी समय से इस आस में हैं कि उनके बिल क्लीयर हों, इसलिए अब सरकार ने जो डायरेक्शन दी है, उसके तहत संबंधित अधिकारियों को भी इसकी सूचना दे दी है। अब ठेकेदारों को मुख्य रूप से बड़ी राहत मंगलवार से मिलनी शुरू हो जाएगी। कितने बिल क्लीयर होंगे? यह तो अभी साफ तौर पर कहा नहीं जा सकता। इतना तय है कि बड़ी राशि के बिलों की अदायगी का क्रम शुरू हो जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### सांसद भारद्वाज की प्रो. धूमल से शिष्टाचार भेंट



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के सांसद व प्रदेश के संगठन चुनाव प्रभारी राजीव भारद्वाज ने समीरपुर में हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा वरिष्ठ नेता प्रो. प्रेम कुमार धूमल से की शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर जिला भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर रहे भी मौजूद।

### अलाव जलकर की सुख-समृद्धि की कामना



हमीरपुर शहर के भोटा चौक पर अलाव जलाकर लोहड़ी मनाते स्थानीय दुकानदार, जिन्होंने सुख-समृद्धि की कामना की।

### लोहड़ी पर लोगों ने की खूब खरीददारी



**हमीरपुर।** लोहड़ी पर्व पर खरीददारी करते लोग।

### अनुराग ठाकुर कल से हिमाचल प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर भाजपा के अंकुश दत्त शर्मा ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर 14 व 15 जनवरी के प्रवास पर रहेंगे। उन्होंने बताया कि 14 जनवरी को अनुराग सिंह ठाकुर सुबह 10 बजे दिव्य आदर्श पब्लिक स्कूल भोटा के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में पात्र विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित करेंगे। इसके उपरांत दोपहर एक बजे माता मंदिर परिसर टौणी देवी में लोहड़ी व मकर संक्रांति के अवसर पर महिला पहाड़ी संगीत कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। 15 जनवरी को अनुराग सिंह ठाकुर सुजानपुर ग्राउंड में सुबह 10.30 बजे सेना दिवस के कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

### मेडिकल कॉलेज में शव की पहचान करें लोग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** थाना सदर हमीरपुर के अधीन ग्राम पंचायत सेर बलौणी में गत दिनों एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ था, जिसका पोस्टमार्टम करवाकर शव को पहचान के लिए मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के शवगृह में रखा गया है। जिला पुलिस हमीरपुर जनता से अपील की है कि यदि किसी का कोई रिश्तेदार या सगा संबंधी गुमशुदा, लापता है तो वह मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के शव गृह में रखी अज्ञात व्यक्ति के शव की पहचान कर सकते हैं।

# निर्माण पर विवाद : रिटायरिंग और ओपन स्पेस क्यों रखा जा रहा खाली

## सराए भवन में चार मंजिलों में बनाए जा रहे हैं सिर्फ 20 कमरे

**विक्रम ढटवालिया, दियोटसिद्ध**

बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध परिसर में लंगर भवन के पास निर्माणाधीन वीबीआईपी सराए में एक मंजिल पर ओपन स्पेस को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। सराए भवन में अब केवल चार मंजिलों में ही 20 कमरे तैयार किए जा रहे हैं। एक मंजिल के स्पेस को रिटायरिंग और ओपन स्पेस के हिसाब से खाली रखने की योजना को विस्तार दिया जा चुका है, जहां पर पांच कमरे और बनाए जा सकते थे। इसका कारण यह है कि निर्माण की ड्राइंग में इनका शुरू में प्रोविजन था, लेकिन बाद में अमेंडमेंट करवाए जाने की वजह से व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों पर निश्चित रूप में सवाल खड़े हो रहे हैं।

तकरीबन 11 करोड़ की लागत से तैयार हो रही इस सुविधाओं से लैस छह मंजिला इमारत में श्रद्धालुओं के लिए फिलहाल 20 कमरों की अच्छी व्यवस्था होने जा रही है। इन कमरों का आकार भी काफी बड़ा है और इनके अंदर अब फर्नीचर किस आधार पर लगाया जाएगा, इसकस इंतजार हो रही है। क्या केवल एक ही डबल बेड होगा या फिर एक एक्स्ट्रा बेड की भी यहां व्यवस्था तैयार होगी, इस पर फिलहाल कोई अंतिम फैसला नहीं लिया गया है। (अनंत ज्ञान)




इमारत के भीतर चल रहा रिनोवेशन का काम, (दाएं) नई निर्माणाधीन सराए इमारत ।

### व्यवस्था के अनुसार ही हो रहा निर्माण

उधर, मंदिर अधिकारी और बिझड़ी के तहसीलदार संदीप ठाकुर का कहना है कि 6 मंजिलें बनाई गई हैं और इस पर तकरीबन 11 करोड़ खर्च हो रहे हैं। ड्राइंग की व्यवस्था के अनुसार ही इसका निर्माण हो रहा है।

### कोई फैसला लेने को नहीं आ रहा आगे

**दरअसल** लंगर भवन के पास काफी स्पेस खाली है, वहीं साथ में बाबा बालक नाथ के महंत का भी रिहायशी बंगला है। यह इमारत नई सराए के बिलकुल उसके साथ तैयार हुई है। जहां पर पहले से एक और 9 नंबर सराए मौजूद है। नई सराय के जिस मंजिल के स्पेस को खाली रखा जा रहा है, उस पर सवाल उठ रहे हैं। तर्क दिया जा रहा है कि यहां पर श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था की जाएगी, लेकिन उसकी कितनी जरूरत है, सवाल इस पर हैं। जब इतनी बढ़िया इमारत का निर्माण किया जा रहा है। यहां 20 की बजाए 25 कमरे तैयार हो जाएं, तो उसका फायदा भी तो श्रद्धालुओं को ही मिलना है। इस एक मंजिल के स्पेस को खाली रखने से न्यास प्रशासन को या फिर श्रद्धालुओं को कोई खास फायदा होने वाला नहीं है, यही तर्क दिया जा रहा है। विडंबना यह है कि कोई फैसला लेने की स्थिति में आगे नहीं आ रहा, जिस कारण पांच कमरों का निर्माण अब लटक कर ओपन स्पेस में चला गया है। चाहिए यह है कि मौजूदा ट्रस्ट को इस पर नए सिरे से फैसला लेना चाहिए और ओपन स्पेस की जगह कमरों का निर्माण होना चाहिए ताकि श्रद्धालुओं के लिए अतिरिक्त व्यवस्था हो सके। इसके लिए यह इतनी बड़ी इमारत खड़ी की गई है।

# सहकारिता का हो रहा सुदृढ़ीकरण बनी 400 नई सहकारी सभाएं

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**उपमुख्यमंत्री मुकेश के नेतृत्व में छू रहा नई ऊंचाइयां**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के नेतृत्व में सहकारिता आंदोलन प्रदेश में नई ऊंचाइयां छू रहा है। प्रदेश में गत एक वर्ष में लगभग 400 नई सहकारी सभाएं पंजीकृत हुई हैं। इनमें 55 प्राथमिक कृषि सहकारी सभाएं, 343 दुग्ध उत्पादक सहकारी सभाएं तथा 2 मत्स्य सहकारी सभाएं हैं।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ कही जाने वाली इन सहकारी समितियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रदेश सरकार भारत सरकार के साथ मिलकर कई योजनाएं संचालित कर रही है, जिनमें सहकारी सभाओं के साथ सहकारिता विभाग का कंप्यूटरीकरण, हिमाचल प्रदेश सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक तथा कांगड़ा सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक का कंप्यूटरीकरण भी शामिल है। जानकारी देते हुए सहकारिता विभाग के उप पंजीयक तथा प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग यूनिट के नोडल अधिकारी ई. प्रत्युष चौहान ने बताया कि प्रदेश में अभी तक 1789 प्राथमिक सभाओं को कंप्यूटरीकरण के लिए चिह्नित कर लिया गया है तथा पहले चरण में 870 में से 660 सभाओं में सॉफ्टवेयर लाइव हो चुका है।

दूसरे चरण की 919 सभाओं में कंप्यूटर प्रिंटर आदि की डिलीवरी की शुरुआत हो चुकी है। कंप्यूटरीकरण से सभाओं में धोखाधड़ी की घटनाओं से बचा जा सकेगा तथा सदस्यों को अपने खाते की सटीक जानकारी उपलब्ध होगी, साथ ही सहकारिता विभाग को अंकेक्षण करवाने में भी सहूलियत होगी। विभाग अपनी वेबसाइट को भी अपडेट कर रहा है जिससे विभाग का सारा काम ऑनलाइन हो जाएगा, जैसे कि सहकारी सभाओं का पंजीकरण, कोर्ट केस, अपील तथा सुनवाई ऑनलाइन माध्यम से की जा सकेंगी। उन्होंने प्रदेश की सहकारी सभाओं के प्रधानों, सचिवों तथा सदस्यों से इन योजनाओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

# सेना दिवस समारोह की तैयारियां पूरीं : राणा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट द्वारा 15 जनवरी को सुजानपुर के ऐतिहासिक चौगान में मनाए जाने वाले सेना दिवस समारोह की तैयारियां पूरी हो गई हैं और संस्था के संस्थापक व पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने सोमवार को तैयारियों का जायजा लेकर इसे अंतिम रूप दिया और आयोजन को कामयाब बनाने के लिए गठित की गई विभिन्न कमेटियों के साथ बैठक भी की।



राजेंद्र राणा ने बताया कि इस भव्य आयोजन में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे, जबकि पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर स्पेशल गेस्ट ऑफ ऑनर होंगे। समारोह की अध्यक्षता सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल बीएस जसवाल करेंगे। उन्होंने बताया कि इस विशेष समारोह में सांसद, पूर्व मंत्री, वर्तमान विधायक, पूर्व विधायक और भारतीय सेना के कई रिटायर्ड अधिकारी गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों व आम जनता में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

राजेंद्र राणा ने बताया कि सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट कई वर्षों से सेना दिवस पर भव्य कार्यक्रम आयोजित करता आ रहा है। ट्रस्ट को यह गौरव प्राप्त है कि उसने सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के सेवारत सैनिकों और पूर्व सैनिकों के परिवारों को उनके अमूल्य योगदान के लिए सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन देश के इतिहास में अपनी तरह का अद्वितीय उदाहरण है। 15 जनवरी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए राणा ने कहा कि यह दिन भारतीय सैन्य इतिहास और राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक है। हम भारतीय सेना दिवस पर उन वीर जवानों को नमन करते हैं, जिन्होंने राष्ट्र की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

### विशेष आकर्षण

सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट हर वर्ष इस आयोजन को भव्यता प्रदान करता है। इस बार भी समारोह में पूर्व सैनिक, सेवारत सैनिकों के परिवारजन और अन्य गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल होंगे। बैंड प्रदर्शन और देशभक्ति से परिपूर्ण विभिन्न कार्यक्रम इस समारोह के मुख्य आकर्षण होंगे।

**हिमाचल की वीर भूमि का गौरव**

हिमाचल प्रदेश को देवभूमि और वीर भूमि के रूप में जाना जाता है, जहां के सपूतों ने सदैव देश की रक्षा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राजेंद्र राणा ने बताया कि सुजानपुर की भूमि भी ऐसे वीरों की जननी रही है।

# वॉलीबाल के रोमांचक मुकाबले में बधानी टीम बनी विजेता और महल टीम उपविजेता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

युवा खेल मैदान में खंड स्तरीय खेल महाकुंभ का सफल आयोजन रहा, जिसमें वॉलीबाल, बैडमिंटन, रस्साकशी, म्यूजिकल चेयर, दौड़ प्रतियोगिता में विजेता टीमों को सम्मानित किया गया। युवा कला मंडल भ्याड़, एनवाईके और जिला खेल विभाग हमीरपुर के माध्यम से युवा खेल महाकुंभ का सफल आयोजन रहा। इसमें 29 दिसंबर से 12 जनवरी तक बैडमिंटन की 16 टीमों ने भाग लिया, जिसमें आशीष एंड टीम (धमरोल) डबल सेट में फाइनल विजेता बने और सन्नी एंड टीम (महल) उपविजेता रहे।

सोमवार को वॉलीबाल प्रतियोगिता में 10 टीमों ने भाग लिया। रोमांचक मुकाबलों में बधानी टीम विजेता बनी और महल टीम उपविजेता बनी। युवा खेल महाकुंभ में 2 दिन में 400 से ज्यादा खिलाड़ियों और दर्शकों ने भाग लिया, खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए रिफ्रेशमेंट का खास प्रबंध किया गया था।



वॉलीबाल प्रतियोगिता के मैच में खिलाड़ियों सहित गणमान्य।

युवा कला मंडल भ्याड़ के सभी सीनियर सदस्यों के प्रयास से युवा खेल महाकुंभ का सफल आयोजन रहा। युवाओं को खेलों के माध्यम से नशे से दूर रहने और देश प्रेम का संदेश दिया गया। युवा खेल महाकुंभ में क्षेत्र के जाने माने व्यावसायिक संस्थाओं ने भी सहयोग किया।

टूर्नामेंट का शुभारंभ गोदडईया सिद्ध रामेश्वरम धाम मंदिर भ्याड़ महंत शिव दास ने किया, जबकि टूर्नामेंट के अंतिम दिन पुरस्कारों का वितरण अमरजीत, रमेश, सेठी प्रसाद, राजकुमार, समी, जीवन, सुनील, ओम प्रकाश, संदीप ने किया।

# विधायक सुरेश ने नवाजे मेधावी

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

मुख्यमंत्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज में सोमवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने दो वर्षों के कार्यकाल में शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार लाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि भोरंज स्कूल को आधुनिक सुविधाएं दी गई है। स्कूल में सोलर पैनल लगाया गया है। इससे स्कूल में बिजली की बचत होगी। इसी तरह डिजिटल पुस्कालय शुरू की गई है, ताकि स्कूल के बच्चे अच्छी शिक्षा ग्रहण कर सकें।

उन्होंने कहा कि भोरंज में प्राथमिकता से बहुउद्देशीय भवन का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा स्कूल परिक्षेत्र में बदलाब किया जाएगा और बड़े खेल के मैदान का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि भोरंज में नगर पंचायत बनाने का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र का शहरीकरण करना है। इसके लिए पुरानी सड़कों का विस्तारीकरण किया जा रहा है। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि प्राइमरी स्कूल भोरंज से दियालड़ी सड़क को चौड़ा करने पर 40 लाख रुपए खर्च होंगे। उन्होंने स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रम की सराहना की तथा सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 11 हजार रुपए देने की घोषणा की।



भोरंज पाठशाला में आयोजित समारोह में मुख्यातिथि विधायक सुरेश कुमार व अन्य।

**बोले-भोरंज में बहुउद्देशीय भवन का किया जाएगा निर्माण**

इससे पहले स्कूल के प्रधानाचार्य अनिल डोगरा ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट से मुख्यातिथि को स्कूल की उपलब्धियों से अवगत करवाया। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया तथा अंत में विधायक सुरेश कुमार ने मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कांगड़ा सहकारी कृषि एवं भूमि विकास बैंक के चेयरमैन रामचंद्र पठानिया, भोरंज ब्लॉक अध्यक्ष विजय बन्याल, पूर्व अध्यक्ष राजीव लाल मैहर, सोशल मीडिया प्रभारी चंदन ठाकुर, विजय डोगरा, राकेश गोल्डी, पंचायत प्रधान पूजा देवी, बीडीसी सदस्य वीना देवी, सेवानिवृत्त उप शिक्षा निदेशक सुदेश ठाकुर, जिला विज्ञान पर्यवेक्षक राजेश गौत्तम, प्रधानाचार्य भरेड़ी डॉ. राजगीर, रमेश ठाकुर व अन्य उपस्थित रहे।

# मोंटी संधू बोले-सीएम का नादौन दौरा रहा सफल



**अनंत ज्ञान, नादौन।** हिमाचल प्रदेश सड़क परिवहन निगम के निदेशक मोंटी संधू ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू का नादौन विस क्षेत्र का दौरा काफी सफल रहा है। जनता ने जहां जगह-जगह उनका स्वागत किया, वहीं मुख्यमंत्री ने दौरे के दौरान लोगों की समस्याओं को सुना और मौका पर निपटारा किया। वहीं, क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं एवं उद्घाटन किए।

मुख्यमंत्री की इस यात्रा से नादौन क्षेत्र में विकास की नई राहें खुलेंगी। उनकी जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशीलता और विकास के प्रति प्रतिबद्धता सराहनीय है। हम उनके नेतृत्व में क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर हैं।

# विकसित भारत बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका

## एनआईटी हमीरपुर में किया यंग लीडर्स विकसित भारत संवाद का लाइव स्ट्रीमिंग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी हमीरपुर ने सोमवार को यंग लीडर्स विकसित भारत संवाद का सफलतापूर्वक लाइव स्ट्रीमिंग का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वपूर्ण विचार साझा किए गए। देश निर्माण में युवाओं की भागीदारी को प्रेरित करने वाले इस आयोजन में 150 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसका समन्वय डॉ. राकेश शर्मा फैकल्टी इंचार्ज, विकसित भारत, डॉ. अमन कुमार फैकल्टी इंचार्ज, स्टूडेंट डिसिप्लिन और डॉ. संदीप कुमार सिंह एसपीईसी कोऑर्डिनेटर ने किया।

संवाद के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में युवा नेतृत्व और नवाचार के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा और क्षमता विकसित भारत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आपके आज के सपने और कर्म ही देश का भविष्य तय करेंगे। प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भरता और उद्यमिता को अपनाने पर जोर देते हुए कहा आत्मनिर्भर भारत ही सशक्त भारत है। आपके नवाचार हमारी प्रगति की नींव रखेंगे।



एनआईटी हमीरपुर में यंग लीडर्स विकसित भारत संवाद की स्ट्रीमिंग पर छात्र।

विकसित भारत फैकल्टी इंचार्ज डॉ. राकेश शर्मा ने कहा कि एनआईटी हमीरपुर सरकार की पहल के तहत ऐसे कार्यक्रम लगातार आयोजित कर रहा है, जो भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य से जुड़े हैं। हमारा उद्देश्य छात्रों में नेतृत्व क्षमता विकसित करना है, ताकि वे भविष्य के बदलावकर्ता बन सकें।

डॉ. अशोक कुमार डीन ऑफ स्टूडेंट्स वेलफेयर ने युवाओं द्वारा संचालित संवादों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ये मंच छात्रों को सहयोग, नवाचार और देश की प्रगति में सार्थक योगदान देने का अवसर प्रदान करते हैं। डॉ. अर्चना संतोष नानोटी रजिस्ट्रार, एनआईटी हमीरपुर ने नेतृत्व क्षमता विकसित करने में संस्थान की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हम छात्रों में नवाचार और अनुशासन को बढ़ावा देकर उन्हें भविष्य की चुनौतियों से निपटने और राष्ट्रीय विकास में योगदान देने के लिए तैयार कर रहे हैं। एनआईटी हमीरपुर के निदेशक प्रो. एच.एम. सूर्यवंशी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम छात्रों को उनके सपनों को देश के लक्ष्यों से जोड़ने के लिए प्रेरित करते हैं। मिलकर हम 2047 तक विकसित भारत का सपना साकार कर सकते हैं।

कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। यह आयोजन एनआईटी हमीरपुर की नेतृत्व, नवाचार और देशभक्ति को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। संवाद ने छात्रों को भारत के भविष्य को आकार देने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

**समस्या** राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में गायनी ओपीडी में गर्भवती महिलाओं को हो रही परेशानी

# घंटों खड़े होकर करना पड़ रहा अपनी बारी का इंतजार

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

डॉ. राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज में गायनी ओपीडी में गर्भवती महिलाओं और अन्य बीमारी से पीड़ित महिलाओं को इलाज के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ओपीडी के बाहर बैठने की उचित व्यवस्था न होने और टोकन सिस्टम बंद होने के कारण गर्भवती महिलाओं को घंटों गैलरी में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है।

अस्पताल के अंदर फार्मासिस्ट स्टोर, गायनी ओपीडी और पर्ची काउंटर के पास मरीजों और उनके परिजनों की भीड़ लगी रहती है। गैलरी में खड़े होकर मरीजों को चेकअप के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है, जिससे गर्भवती महिलाओं और बुजुर्ग मरीजों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।





पीडी के बाहर बैठने की उचित व्यवस्था न होने के चलते महिलाओं को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

### नेत्र ओपीडी और इमरजेंसी वार्ड में भी हालात बदतर

इमरजेंसी वार्ड और नेत्र ओपीडी में भी मरीजों को बैठने की कोई व्यवस्था नहीं है। अधिकतर बुजुर्ग और महिलाएं गैलरी में खड़े रहकर अपनी बारी का इंतजार करते हैं। यह स्थिति स्वास्थ्य सेवाओं में अव्यवस्था और लापरवाही को दर्शाती है।

**सिक्योरिटी स्टाफ की बदसलूकी से भी परेशान मरीज :** अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर सिक्योरिटी स्टाफ आए दिन मरीजों और उनके साथ आए लोगों से बदसलूकी करता है। मरीजों का कहना है कि बड़ी मुश्किल से उन्हें चेकअप के लिए समय मिलता है, लेकिन सिक्योरिटी की बदतमीजी और अव्यवस्था से उनकी परेशानी और बढ़ जाती है।

**मरीजों और स्थानीय लोगों ने उठाई समाधान की मांग :** स्थानीय लोगों और मरीजों ने प्रशासन से मांग की है कि गायनी ओपीडी और अन्य विभागों में बैठने की व्यवस्था की जाए, टोकन सिस्टम को फिर से शुरू किया जाए और सिक्योरिटी स्टाफ की बदसलूकी पर कड़ी कार्रवाई की जाए। प्रशासन से उम्मीद है कि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान कर मरीजों को राहत दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

> कई बार मरीजों की तादाद ज्यादा होने के चलते हॉस्पिटल मे थोड़ी बहुत समस्या तिमारदारों को जाती है, लेकिन मरीजों के लिए हर समय बेहतर व्यवस्था का प्रयास रहता है। सुरक्षा कर्मियों को थोड़ा स्ट्रिक्ट रहने के निर्देश दिए गए है क्योंकि कुछ लोग अपने फायदे के लिए राजनीतिक रौब भी दिखाते है, लेकिन अब सुरक्षा कर्मियों को कुछ ढील बरतने के लिए कहा जाएगा
>
> **डॉ. अजय कुमार, एमएस आरके मेडिकल कॉलेज**

# त्योहारों से बच्चों को जागरूक करना आवश्यक

**अनंत ज्ञान , भोरंज**

महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना भोरंज के अधीन आने वाले आंगनबाड़ी केंद्र जाहू कलां में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सावित्री रांगड़ा की अध्यक्षता में लोहड़ी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न प्रकार की लोहड़ियां गाकर लोहड़ी त्योहार के महत्व से अवगत करवाया गया।

इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सावित्री रांगड़ा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा देश विभिन्नता में एकता की भावना से भरा हुआ है, यहां पर विभिन्न प्रकार के त्योहार व पर्व साल भर मनाएं जाते हैं। लोहड़ी का त्योहार भी इन में से एक है। उन्होंने बच्चों को त्योहारों के महत्व से अवगत करवाते हुए कहा कि यह पर्व हमारी प्राचीन संस्कृति को याद करने तथा उसे संरक्षित करने की भावना पैदा करते हैं।

इस दौरान सभी बच्चों को लोहड़ी के त्योहार की बधाई दी तथा घरों से खुशी-खुशी से लोहड़ी मनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सहायिका माया देवी, बच्चों में शगुन, माहीं, आयुष, आयान, साक्षी, पॉयल, खुशबू, पंकज, शिवानी, शिवम, रीना देवी, सपना, शीतला, रीता, आरती देवी, केसरी देवी आदि उपस्थित रहीं।



आंगनबाड़ी केंद्र जाहूकलां में बच्चे लोहड़ी पर्व को मनाते हुए।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517
NOTICE
I, Ram Kishan S/o Sh. Balwant Singh R/o Vill. Patti, P.O Rissa, Teh. Sarkaghat, Distt. Mandi (H.P) declares that I have changed my minor Son's name from Tanishk to Tanish Palsra. Please Note.

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517
NOTICE
I, Ram Kishan S/o Sh. Balwant Singh R/o Vill. Patti, P.O Rissa, Teh. Sarkaghat, Distt. Mandi (H.P) declares that I have changed my minor daughter's name from Avni Thakur to Avni Palsra. Please Note.


# तांदी के अग्नि प्रभावितों को पांच हजार किराया देगी सरकार : सुक्खू

## कहा-दुःख की घड़ी में सरकार आपके साथ, हरसंभव सहायता की जाएगी

**अनंत ज्ञान, बंजार**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को कुल्लू जिले की बंजार घाटी के गांव तांदी में आग लगने से प्रभावित घटनास्थल का दौरा कर राहत कार्यों का जायजा लिया तथा प्रभावित परिवारों से मिले।

इस मौके पर उन्होंने अग्नि प्रभावित परिवारों का दुःख साझा करते हुए कहा कि इस दुःख की घड़ी में सरकार आपके साथ है और हरसंभव सहायता की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राहत कार्यों में युद्ध स्तर पर तेजी लाई जाए। मुख्यमंत्री सुक्खू ने किराए के मकान में रहने वाले लोगों को 5000 रुपए प्रति माह की दर से 6 माह तक किराया देने और पुनः घर न बनने की स्थिति में आगामी 6 माह के लिए 5000 रुपए प्रतिमाह किराया देने तथा पशुशालाएं बनाने के लिए 50,000 रुपए देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने पूर्ण रूप से जल चुके घर तथा जो घर अब रहने योग्य नहीं रहे है, ऐसे घरों के निर्माण के लिए सात लाख रुपए की सहायता राशि, मुफ्त बिजली तथा पानी का कनेक्शन, घर बनाने के लिए नियमानुसार लकड़ी मुहैया करवाने और जिन घरों का सामान जल गया है उन घरों के लिए आवश्यक सामान, बर्तन, कपड़े आदि देने की घोषणा भी की।



उन्होंने गांव में पक्की सड़क बनाने के लिए 75 लाख रुपए तथा गांव तक पहुंचने के लिए 4 किलोमीटर सड़क की मरम्मत हेतु एक करोड़ रुपए देने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने बंजार में अग्निशमन केंद्र खोलने की घोषणा भी की।

इस अवसर पर विधायक भुवनेश्वर गौड़, सुरेंद्र शौरी, पूर्व मंत्री खिमी राम शर्मा, एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति के अध्यक्ष राम सिंह मियां, जिला परिषद के अध्यक्ष पंकज परमार, उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षक कुल्लू भी उपस्थित थे।

# धर्मशाला बस स्टैंड जीएस बाली के नाम

## एचआरटीसी में किए गए कार्यों के लिए लिम्का बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज है बाली का नाम

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

बस अड्डा धर्मशाला का नाम पूर्व मंत्री स्व. जीएस बाली के नाम पर रखने पर सोमवार को एक कार्यक्रम का अयोजन किया गया, जिसमें हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम कर्मचारी महासंघ इंटक द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का आभार प्रकट किया गया।

इस मौके पर निगम के डीएम पंकज चड्डा ने कहा कि बस अड्डे पर जीएस बाली के नाम का साइनिश बोर्ड लगाया गया है जो दिन-रात चमकता नजर आएगा। पूर्व मंत्री जीएस बाली ने एसआरटीसी को नई बुलंदियों में पहुंचाया है तथा उनके नाम तथा कार्यों को हमेशा याद किया जाता रहेगा।




इस दौरान हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम कर्मचारी महासंघ इंटक अध्यक्ष रविंद्र कुमार चीनी ने कहा कि पूर्व मंत्री जीएस बाली ने इलेक्ट्रिक बसें शुरू करने का निर्णय प्रदेश में प्रदूषण कम करने की दिशा में अहम रहा है। उन्होंने इलेक्ट्रिक बसों का रोहतांग में भी सफल ट्रायल कराया तथा बाली ने ही पहली बार सभी बसों में अपना मोबाइल नंबर लिखवाया था। उन्होंने कहा उनके प्रयासों से निगम की बसें दुर्गम क्षेत्रों तक चली, जिसके कारण जीएस बाली का नाम लिम्का बुक आफ रिकार्ड में दर्ज किया गया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश से देश तक की सड़कों में वोल्वो बसों को दौड़ाने का श्रेय भी पूर्व मंत्री स्व. जीएस बाली को जाता है। पूर्व मंत्री जीएस बाली के बड़े फैसले लोगों को हमेशा याद रहेंगे।

वीरभद्र सरकार में मंत्री रहे जीएस बाली ने देश में पहली बार हिमाचल की सड़कों पर इलेक्ट्रिक बसें दौड़ाई। स्व. जीएस बाली द्वारा प्रदेश के जिला मुख्यालयों को राजधानी शिमला से जोड़ने लिए एचआरटीसी की सुपर फास्ट बसें शुरू की थीं, जिससे आम जनता सुबह शिमला पहुंचकर दफ्तरों के काम करा सके और शाम को उसी बस से लौट सकें। उन्होंने कहा कि परिवहन निगम की बसों में बाली ने ही महिलाओं को किराए में छूट और रियायती बस पास जारी करने की योजना शुरू की थी।

### जीएस बाली ने देश में पहली बार हिमाचल की सड़कों पर इलेक्ट्रिक बसें दौड़ाई

प्रदेश के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों को जोड़ने के लिए विशेष बस सेवाएं शुरू कीं। पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप में नए बस अड्डों का निर्माण कराया। यात्रियों के लिए सस्ती थाली जैसी योजनाएं बाली की ही देन रही है। इस मौके पर निगम के अधिकारी व कर्मचारी सहित कर्मचारी संघ के कई पदाधिकारी, निगम के पदाधिकारी व चालक-परिचालक उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री ने हिमाचली संगीतकार गर्ग के निधन पर शोक व्यक्त किया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रसिद्ध संगीतकार प्रो. नंद लाल गर्ग के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उनका इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज शिमला में 92 वर्ष की आयु में देहांत हो गया। वह शिमला जिला के धामी के मूल निवासी थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रो. नंद लाल गर्ग का पूरा जीवन कला और संगीत की सेवा में समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में बतौर संगीत प्रोफेसर उन्होंने अनेक विद्यार्थियों को संगीत की विधाओं से परिचित करवाया। उनकी शिक्षा और मार्गदर्शन ने अनेक युवा कलाकारों को संगीत के क्षेत्र में आगे बने के लिए प्रेरित किया। प्रो. नंद लाल गर्ग की बहुमुखी प्रतिभा ने उन्हें न केवल एक कुशल संगीतकार के रूप में प्रतिष्ठित किया, बल्कि हिमाचली वाद्ययंत्रों को भी देश-प्रदेश में एक अलग पहचान दिलाई, जिसे हमेशा स्मरण किया जाएगा। सीएम सुक्खू ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को इस अपूर्णीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### अनिल गोयल दिल्ली चुनाव में कालका जी विधानसभा क्षेत्र देखेंगे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के नेता एवं एआईसीसी को-ऑर्डिनेटर अनिल गोयल को कांग्रेस हाईकमान ने एक और बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। अनिल गोयल को अब दिल्ली चुनाव में कालका जी विधानसभा क्षेत्र बतौर समन्वयक लगाया गया है, जिनके साथ अरशद मोहम्मद को अटेच किया गया है। इससे पहले भी अनिल गोयल राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस पार्टी के लिए अहम जिम्मेदारियां देख चुके हैं। वह हिमाचल प्रदेश में भी वर्तमान मुख्यमंत्री और पूर्व पार्टी अध्यक्ष रहे सुखविंद्र सिंह सुक्खू के राजनीतिक सलाहकार के पद पर तैनात थे। वाइस चेयरमैन अखिलेश शुक्ला ने उनकी नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने अनिल गोयल को तत्काल काम संभालने को कहा है जो मंगलवार को दिल्ली जाएंगे। हिमाचल चुनाव में वह अलका लांबा के साथ अटेच रहे हैं और अब उनके चुनाव में दिल्ली जा रहे हैं जहां कांग्रेस पार्टी व प्रत्याशी के लिए काम करेंगे।





**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** लोहड़ी के उपलक्ष्य में व्यापारियों द्वारा सुन्नी चौक पर अग्नि प्रज्वलित कर मूंगफली व रेवड़ी बांटी गई। (अनंत ज्ञान)

### रोहड़ू के सन्नी नेगी बने अध्यक्ष



**दशमी रावत, रोहड़ू।** हिमाचल प्रदेश कर्मचारी संघर्ष मोर्चा सर्कल रोहड़ू, जुब्बल व कोटखाई में पैरा वर्कर यूनियन का गठन किया गया। यह बैठक सोमवार को रोहड़ू में प्रदेश महासचिव उपनेश डोगरा की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें अध्यक्ष पद का प्रभार रोहड़ू के सन्नी नेगी को सौंपा गया। उपाध्यक्ष का पदभार जुब्बल के परमीत फिस्टा और सचिव का पदभार जुब्बल के कुशल बंदटा को दिया गया। यूनियन ने सरकार के समक्ष अपनी कई मांगे रखी। (अनंत ज्ञान)

# खनन माफिया के सामने प्रशासन और मंत्री भी बेबस : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार में खनन माफिया इस कदर बेलगाम हो गए हैं कि उनके सामने प्रशासन और मंत्री भी बेबस नजर आ रहे हैं। सरकार की नाकामी के कारण ही अवैध खनन से पीड़ित लोगों ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। खनन माफियाओं के इस तांडव से यह स्पष्ट है कि सरकार का जोर खनन माफियाओं पर चल नहीं रहा है या सरकार को उन्हें खुला संरक्षण है।

आखिर यह संरक्षण किसका है कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री को भी प्रशासन के सामने गुहार लगाते देखा जा रहा है। जो बातें सरकार में बैठे नेताओं को विभागीय मीटिंगों में कड़े शब्दों में कहनी चाहिए वह बातें आम जनसभा के मंचों से कहानी पड़ रही है। क्या तालमेल का अभाव इस कदर है कि जो बातें मंत्री के रूप में अधिकारियों को आदेशित करनी चाहिए वह बातें जनसभा के माध्यम से उन तक पहुंचानी पड़ रही है। या इस तरह से अपनी बात अधिकारियों से कहना उनसे खनन रोकने के लिए गुहार लगाना और खनन रोकने के लिए धमकाना मंत्रियों की अपनी बेबसी है कि उनकी भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है? जयराम ठाकुर ने कहा कि उपमुख्यमंत्री के अपने जिले में हो रहे खनन को लेकर लोगों द्वारा जनहित याचिका दायर करनी पड़ी है।



समर्थकों के साथ लोहड़ी मनाते पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर।

# शिमला में धूमधाम से मनाया लोहड़ी पर्व

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला में सोमवार को लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनाया। लोगों ने सुंदर मुंदरिये होए तेरा कौन बेचारा हो... गाना गाकर लोहड़ी मनाई। शाम के समय अलाव जलाकर मूंगफली और रेवड़ियां बांटीं गई। बच्चों की टोलियों ने भी जमकर मस्ती की।

इस दौरान अलाव जलाया गया और एक दूसरे को लोहड़ी की शुभकामनाएं दीं। सुबह से ही परिचित एक-दूसरे को गजक, मूंगफली और रेवड़ी बांटकर बधाइयां दे रहे। लोअर बाजार, मालरोड, विकासनगर, न्यू शिमला, कसुम्पटी और संजौली में भी लोहड़ी धूमधाम से मनाई गई।

गंज बाजार और लोअर बाजार समेत आसपास के इलाकों तथा होटलों में भी अलाव जलाए गए। बाहरी राज्यों से आए पंजाबी पर्यटकों ने अलाव के पास जाकर मस्ती की। वह ढोल की थाप पर जमकर थिरके।

इसके अतिरिक्त राधा कृष्ण गंज मंदिर, मिड बाजार शिव मंदिर और कालीबाड़ी मंदिर में भी दर्शनों के लिए भक्तों का तांता लगा रहा।

## 'अनंत ज्ञान' प्रेस परिसर में लोहड़ी की धूम



'अनंत ज्ञान' ने लोहड़ी का पावन पर्व नगरोटा बगवां स्थित प्रेस परिसर में सोमवार शाम धूमधाम से मनाया। इस मौके पर मौजूद सीईओ विशाल धीमान, डायरेक्टर प्रतिभा धीमान, संपादक समरजीत एवं प्रोडक्शन विभाग, सुर्कलेशन विभाग तथा डिजिटल टीम के साथ 'अनंत ज्ञान' टीम के अन्य सदस्य।

# 9वां सशस्त्र सेना पूर्व सैनिक (वेटनर्स) दिवस मनाया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भारतीय सेना ने मुख्यालय सेना प्रशिक्षण कमान (आरट्रैक) शिमला के तत्वावधान में 9वां सशस्त्र सेना पूर्व सैनिक (वेटनर्स) दिवस मनाया। यह कार्यक्रम बहादुर सैनिकों द्वारा किए गए बलिदानों और उनकी सेवा और विरासत का सम्मान करने के लिए आयोजित किया गया। शिमला में आयोजित वेटर्नस दिवस समारोह सेवारत कर्मियों और वेटर्नस के बीच के बंधन को मजबूत करने के साथ-साथ उनके कल्याण के लिए सेना की प्रतिबद्धता को दर्शाता है

इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा, जीओसी-इन-सी एआरटीआरएसी ने राज्य के कई दिग्गजों को सम्मानित किया, जिनमें कर्नल केएस मंटा (सेवानिवृत्त), कर्नल राजेश कुमार शर्मा (सेवानिवृत्त), हवलदार/सीआईके मनीष कुमार (सेवानिवृत्त) और एनके अमर चंद (सेवानिवृत्त) शामिल थे, जिन्होंने समाज के उत्थान में अपना अमूल्य योगदान दिया।

**समस्या** — मरीजों को तब तक चिकित्सक दवाइयां नहीं देते, जब तक टेस्ट की रिपोर्ट नहीं आ जाती

# आईजीएमसी में एमआरआई के लिए मिल रही 3 माह की डेट

**रविंद जस्टा, शिमला**

अगर आप आईजीएमसी का सच जानेंगे तो हैरान हो जाएंगे। यहां सुविधा की जगह मरीज अब दुविधा में पड़ गए हैं। सचाई यह है कि यहां पर मरीजों को एमआरआई करवाने के लिए 3 महीने की डेट दी जा रही है। अब मरीजों को दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर होना पड़ रहा है।

खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के लोग जब भी अपना उपचार करवाते है, तो चिकित्सक उन्हें एमआरआई करवाने को लिख लेते हैं, लेकिन जब एमआरआई करवाने की बारी आती है, तो मरीजों को 3 महीने की डेट दी जाती है। हद तो यह है कि मरीजों को तब तक चिकित्सक दवाईयां नहीं देता है, जब तक टेस्ट की रिपोर्ट नहीं आती है।



मरीजों को नार्मल टेस्ट करवाने के लिए भी दो सप्ताह लग जाते हैं। एमआरआई की तो मरीज को उमीदें ही छोड़नी पड़ती है। मरीजों की रिपोर्ट आने तक बीमारी दोगुनी बढ़ जाती है। यही नहीं, बल्कि मरीजों को पहले घर जाना पड़ता और और फिर से दोबारा टेस्ट करवाने के लिए आना पड़ता है। इस स्थिति में मरीजों के पैसे भी अधिक खर्च हो जाते है। वहीं दर्द से भी मरीज अधिक पीड़ित हो जाता है। यहां पर अतिरिक्त मशीनों का प्रावधान होना बहुत जरूरी है। तभी लोगों की दिक्कतें दूर होगी। (अनंत ज्ञान)

### एक मशीन पर हजारों मरीजों का बोझ

**आईजीएमसी** में प्रदेश के हजारों मरीज अपना उपचार करवाने आते हैं। ऐसे में एमआरआई की सिर्फ एक ही मशीन है। यह मशीन काफी पुरानी है, जितनी इस मशीन की कीमत है, उतना ही खर्चा इसकी मरम्मत करने में लगा है।

### निजी लैब वालों की चांदी

**इन** दिनों अब सारे मरीज निजी लैब में एमआरआई करवाने जा रहे हैं। ऐसे में मरीजों को निजी लैब में भारी पैसे भी खर्च करने पड़ रहे हैं। मरीज निजी लैब में इसलिए जाते हैं कि समय से उनका टेस्ट हो जाए। डॉक्टर निजी लैब की रिपोर्ट को भी मान्यता दे रहे हैं। निजी लैब में एमआरआई 5 हजार से 10 हजार के बीच होता है।

मरीजों की संख्या बढ़ने के चलते एमआरआई करवाने के लिए डेट दी जाती है। सभी मरीजों के टेस्ट एक ही दिन या दो दिन में नहीं हो पाते हैं। यह समस्या शीघ्र ही आईजीएमसी में दूर होगी।
**-डॉ. सीता ठाकुर**
**प्रिंसिपल आईजीएमसी**

### सिफारिश वालों के पहले हो रहे एमआरआई

**आईजीएमसी** में हालत ऐसी भी बन चुकी है कि यहां पर कुछ लोगों द्वारा सिफारिश लगाई जाती है। ऐसे में सिफारिश वालों के एमआरआई भी पहले होते हैं। यहां पर गरीब मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# एसडीएम ईशांत जसवाल ने घृत पर्व नगरकोट महोत्सव की तैयारियों का लिया जायजा

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

कांगड़ा के नगर परिषद मैदान में 15 जनवरी को जिलास्तरीय मकर संक्रांति घृत पर्व नगरकोट महोत्सव कार्यक्रम के लिए एसडीएम कांगड़ा ईशांत जसवाल के नेतृत्व में मैदान में चल रही तैयारियों का जायजा लिया। एसडीएम कांगड़ा ईशांत जसवाल ने कहा कि मैदान में बनने वाले माता के भव्य भवन की तैयारी चली हुई है, इसको लेकर तैयारियां का जायजा लिया गया।

उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर व अन्य स्थानों में एलईडी स्क्रीन लगाई जाएगी। जागरण के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल लगाए गए हैं। डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने कहा कि 14 और 15 जनवरी को होने वाले कार्यक्रमों के लिए कांगड़ा पुलिस द्वारा यातायात व्यवस्था के लिए एक ट्रैफिक प्लान बनाया गया है, वहीं पार्किंग व्यवस्था के लिए बहुतकनीकी संस्थान में फ्री पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी।



तैयारियों का जायजा लेते एसडीएम कांगड़ा ईशांत जसवाल, साथ हैं अन्य अधिकारी।

इसके अलावा जीएवी स्कूल का प्रांगण, कांगड़ा बाईपास और गुप्त गंगा रोड में गाड़ियों को खड़ा करने के लिए व्यवस्था होगी।

उन्होंने लोगों से भी आग्रह किया कि आसपास के रहने वाले लोग गाड़ियों में न आकर पैदल ही माता के दरबार तक पहुंचे ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि इसी तरह 15 जनवरी को होने वाले नगर परिषद मैदान के कार्यक्रम में भी यही व्यवस्था रहेगी। उन्होंने कहा कि तहसील चौक पर बैरिकेडिंग की जाएगी, उस दौरान किसी भी वाहन को चलने की इजाजत नहीं होगी।

- मंदिर परिसर व अन्य स्थानों में एलईडी स्क्रीन लगाई जाएगी
- बहुतकनीकी संस्थान में फ्री पार्किंग की व्यवस्था : अंकित शर्मा

इस मौके पर डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा, मंदिर अधिकारी नीलम राणा, तहसीलदार पूजा अधिकारी, ट्रस्टी अशोक हिमाचली, उमाकांत शर्मा, थाना प्रभारी संजीव कुमार भी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 14 जनवरी 2025

# मकर संक्रांति

मकर संक्रांति भारत का ऐसा पर्व है, जो न केवल खगोलीय महत्व रखता है, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहलुओं से भी जुड़ा हुआ है। हर वर्ष 14 या 15 जनवरी को सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के साथ उत्तरायण की शुरुआत होती है। यह दिन प्रतीक है सर्दियों की समाप्ति और गर्म, उज्ज्वल दिनों के आगमन का। देशभर में इसे विभिन्न नामों और परंपराओं के साथ मनाया जाता है, जैसे-तमिलनाडु में पोंगल, गुजरात में उत्तरायण, पंजाब में लोहड़ी और उत्तर भारत में माघ साजी लोहड़ी या खिचड़ी आदि। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान, सूर्य देव की पूजा, और विशेष पकवानों की तैयारी जैसे रीति-रिवाज प्रचलित हैं। इस पर्व की विविधता हमारी संस्कृति की अद्वितीयता को प्रदर्शित करती है, जो आधुनिकता के बीच अपनी जड़ों से जुड़े रहने की प्रेरणा देती है।



आस्था का प्रतीक एवं ऐतिहासिक विश्व विख्यात धार्मिक पर्यटन स्थल व प्राकृतिक गंधकयुक्त गर्म पानी के चश्मों के लिए प्रसिद्ध तत्तापानी हिमाचल प्रदेश में सतलुज नदी के किनारे बसा एक पवित्र तीर्थ स्थल है। यह ऋषि जमदग्नि और परशुराम की तपोस्थली के रूप में जाना जाता है। तत्तापानी शिमला से करीब 56 किलोमीटर दूर है। यह तीर्थ स्थल त्रेता युग से ही हिंदुओं का तीर्थ स्थल रहा है। उपमंडल करसोग के प्रवेश द्वार व समुद्र तल से 630 मीटर की ऊंचाई पर स्थित तत्तापानी सतलुज नदी के किनारे बसा हुआ है, जहां हर वर्ष लोहड़ी व मकर संक्रांति के पावन अवसर पर हजारों की भीड़ उमड़ती है। यहां आकर श्रद्धालु स्नान कर स्वयं को धन्य समझते हैं। तत्तापानी में पूजा-अर्चना तथा तुलादान धार्मिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है, परंतु कोल डैम परियोजना के चलते यह क्षेत्र वर्ष 2015 में कृत्रिम झील में तब्दील हो गया है। अब कोल डैम प्रबंधन द्वारा उक्त क्षेत्र को अधिगृहीत कर लिया गया है।



डॉ. तारा देवी सेन
वनस्पति विभागाध्यक्ष
वल्लभ कॉलेज, मंडी

## परंपरा, पोषण और आधुनिकता का संगम

### शरद ऋतु की समाप्ति और वसंत के आगमन का प्रतीक

**हिमाचल** प्रदेश में मकर संक्रांति का खास महत्व है, क्योंकि इसे न केवल कृषि उत्सव के रूप में मनाया जाता है, बल्कि यह सर्दी के मौसम के समाप्त होने और वसंत ऋतु के आगमन का भी प्रतीक माना जाता है। यह विश्वास किया जाता है कि मकर संक्रांति के बाद से सर्दियों का कड़ा मौसम खत्म होने लगता है और धीरे-धीरे मौसम गर्म होने लगता है। यह त्योहार खास रूप से उन बुजुर्गों के लिए खुशी का समय होता है, जिन्होंने पूरे सर्दी के मौसम को सहन किया है। इसलिए परिवार और समुदाय खुशी-खुशी यह जश्न मनाते हैं कि उनके बुजुर्गों ने सर्दी की कठिनाइयों को पार कर लिया और अब वे नए मौसम का स्वागत करने के लिए तैयार हैं। यहां के पहाड़ी क्षेत्रों में मकर संक्रांति को माघ साजी और निचले इलाकों में लोहड़ी के रूप में मनाया जाता है। इसमें इस पर्व का खास आकर्षण पारंपरिक रीति-रिवाज, सामूहिक भोज, और सांस्कृतिक गतिविधियां हैं। स्थानीय व्यंजन जैसे भल्ले, सिडडू, चिलड़ा और खिचड़ी यहां की समृद्ध परंपरा को दर्शाते हैं। हिमाचली समाज इस दिन जल स्रोतों के पास स्नान करता है, जिसे शुद्धिकरण और स्वास्थ्य लाभ के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। इसके अलावा, बुजुर्गों का आशीर्वाद लेना और गरीबों को दान देना इस पर्व की सामाजिक सामंजस्य की भावना को मजबूत करता है। यहां के कुछ पहाड़ी क्षेत्रों में यह त्योहार जनवरी माह के अंत तक मनाया जाता है। इस दौरान लोग अपने रिश्तेदारों के घर जाते हैं। वे एक-दूसरे को खिचड़ी, अखरोट और दूसरे मौसमी फल वितरित करते हैं।

### मानव, प्रकृति और ब्रह्मांड के बीच के संतुलन का प्रतीक

**मकर** संक्रांति का मुख्य उद्देश्य प्रकृति की समृद्धि का सम्मान करना और सामूहिकता का उत्सव मनाना है। यह समय फसलों के पकने और नई शुरुआत का प्रतीक है। इस त्योहार में तिल, गुड़, चावल, उड़द दाल और मौसमी फसलों से बने व्यंजनों का खास महत्व है। तिल-गुड़ के लड्डू, खिचड़ी, पोंगल, और सरयारा लड्डू जैसे पारंपरिक खाद्य पदार्थ न केवल स्वादिष्ट हैं, बल्कि स्वास्थ्य के लिए लाभकारी भी हैं। इन व्यंजनों का वैज्ञानिक महत्व भी है। तिल और गुड़ जैसे पदार्थ सर्दियों में गर्मी और ऊर्जा प्रदान करते हैं, जबकि उड़द दाल प्रोटीन और पोषण का अच्छा स्रोत है। मकर संक्रांति केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि जीवन के हर पहलू को जोड़ने वाला एक सेतु है। यह मानव, प्रकृति और ब्रह्मांड के बीच के संतुलन को समझने और अपनाने का अवसर है। यह पर्व हमें यह सिखाता है कि किस प्रकार से साधारण और मौसमी भोजन को जीवन का हिस्सा बनाकर स्वस्थ और संतुलित जीवन जिया जा सकता है। यह समय है कि हम अपनी परंपराओं का सम्मान करें और उन्हें आधुनिक जीवन शैली के साथ जोड़ने के प्रयास करें।




## तत्तापानी में स्नान और तुलादान का विशेष महत्व



प्रस्तुति : महेंद्र सिंह, सुन्नी, शिमला

### गर्म पानी के चश्मों में 37 औषधीय गुण

**आयुर्वेदिक** महत्व रखने वाले इन प्राकृतिक स्रोतों में चरम रोगों से मुक्ति पाने की अपार संभावनाएं हैं। आयुर्वेद के महत्व के अनुसार यह माना जाता है कि गंधकयुक्त इस प्राकृतिक गर्म पानी के स्नान से त्वचा के रोगों के साथ जोड़ों के दर्द का इलाज भी संभव है। जानकारी के अनुसार हिमाचल प्रदेश में ऐसे प्राकृतिक गंधकयुक्त गर्म पानी के स्रोत केवल 5-6 जगहों पर हैं, लेकिन वैज्ञानिक दृष्टि से तत्तापानी के इन गर्म पानी के चश्मों में 37 औषधीय गुण हैं। ये औषधीय गुण मानव शरीर के लिए बाह्य तौर से संजीवनी का काम करते हैं।

### तत्तापानी को मिला है हरिद्वार का दर्जा

**लोगों** का मानना यह भी है कि तत्तापानी में महर्षि जमदग्नि और उनके बेटे परशराम ने इस स्थल पर तपस्या कर इसे एक तीर्थ बनाकर ऊपरी हिमाचल का हरिद्वार बना दिया। मान्यता है कि जो व्यक्ति अपने परिजनों की अस्थियां हरिद्वार में प्रवाहित नहीं कर सकता है, वह तत्तापानी में उन्हें प्रवाहित कर सकता है। इसी कारण इसे हरिद्वार का दर्जा भी मिला है, लेकिन उक्त क्षेत्र के जलमग्न होने के साथ तत्तापानी केवल चित्रों में ही सिमट कर रहा गया है।

### इतिहास

**विद्वानों** के अनुसार महर्षि जमदग्नि ने काफी समय अपनी पत्नी रेणुका के साथ सतलुज के किनारे व्यतीत किया था। जमदग्नि ऋषि अपने आश्रम में नित्य यज्ञ का आयोजन किया करते थे और यज्ञ में आने वाले लोगों को श्रद्धा से भोजन भी करवाते थे। राजा रुद्राजीत ने एक दिन निश्चय किया कि वह आश्रम में भोजन करने के लिए दल-बल सहित जाएगा। जब वह बिना सूचना के ही वहां पहुंचा तो आश्रम में उसका खूब स्वागत किया गया तथा सभी को विभिन्न प्रकार के व्यंजन दिए गए, तो राजा रुद्राजीत हैरान हो गया। उसे ऐसा लगा कि महर्षि के पास जरूर कोई देवीय शक्ति है। भोजन के उपरांत राजा ने महर्षि से इस बारे पूछा तो उन्होंने बताया कि कामधेनु गाय की कृपा से ही यह सब संभव है और राजा ने चालाकी दिखाते हुए उनसे वह कामधेनु गाय दक्षिणा में मांग ली, परंतु महर्षि ने इनकार कर दिया। परिणामस्वरूप बात युद्ध तक पहुंच गई। ऐसी अजीब स्थिति को देखकर माता रेणुका ने अपने पुत्र परशुराम को याद किया। विद्वानों के अनुसार उस समय परशुराम स्नान कर रहे थे। स्नान करते ही माता की आज्ञा मानकर गीली धोती में ही वह युद्ध स्थल पर पहुंच गए और राजा रुद्राजीत को मौत के घाट उतार दिया। परशुराम जब आश्रम पहुंचे थे, तो उनकी धोती मणिकर्ण के गर्म पानी से गीली ही थी। उन्होंने आश्रम स्थल पर ही धोती को निचोड़ा और जो जल धोती से निकला वह आश्रम भूमि पर भू-गर्भ में समा गया। महर्षि जमदग्नि ने अपने पुत्र की वीरता की स्मृति को बनाए रखने के लिए इस भू-गर्भित गर्म पानी को अपनी अलौकिक शक्ति से स्थायी जल स्रोत के रूप में स्थापित कर दिया। सतलुज की शीतल जलधारा के साथ यह गर्म पानी का चश्मा विद्यमान है।

मकर संक्रांति हमें कृतज्ञता, सामूहिकता और स्थिरता का संदेश देती है। यह हमें सिखाती है कि जब हम अपने पूर्वजों की परंपराओं और प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाते हैं, तब हम न केवल अपने जीवन को समृद्ध बनाते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक स्वस्थ और टिकाऊ भविष्य का निर्माण करते हैं। इस वर्ष मकर संक्रांति पर आइए हम संकल्प लें कि इस पर्व के सार को समझते हुए इसे केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि एक जीवनशैली का हिस्सा बनाएंगे।

### मानव और प्रकृति के बीच सामंजस्य का संदेश

**इस** पर्व का महत्व केवल धार्मिक और सांस्कृतिक तक सीमित नहीं है। यह मानव और प्रकृति के बीच सामंजस्य का संदेश भी देता है। फसलों और मौसम के साथ जुड़ी परंपराएं हमें स्थिरता और सतत जीवन शैली अपनाने की प्रेरणा देती हैं। आधुनिक युग में, जब लोग प्राकृतिक खाद्य पदार्थों और पारंपरिक ज्ञान से दूर हो रहे हैं, मकर संक्रांति हमें अपनी जड़ों की ओर लौटने का अवसर प्रदान करता है। हालांकि, आज के समय में इस पर्व के मनाने के तरीके में बदलाव देखा जा सकता है। शहरी क्षेत्रों में पतंगबाजी और आधुनिक व्यंजन इस पर्व का हिस्सा बन गए हैं, लेकिन इस बदलाव के बीच हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारी परंपराएं और मूल तत्व विलुप्त न हों। हमें इस त्योहार से अपने युवाओं को अपने समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराना चाहिए।

## 12 संक्रांतियों में मकर संक्रांति सबसे शुभ

◆ यह दिन सूर्य देव के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का दिन



श्रीश्री रवि शंकर, आध्यात्मिक गुरु

**एक वर्ष में बारह संक्रांतियां आती हैं, जिनमें से मकर संक्रांति को सबसे महत्वपूर्ण माना गया है क्योंकि यहीं से उत्तरायण पुण्यकाल शुरू होता है। मकर संक्रांति के इस शुभ अवसर पर हम सूर्य देवता का आह्वान करते हैं। जब शीत ऋतु समाप्त होने लगती है तो सूर्यदेव मकर रेखा का संक्रमण करते हुए उत्तर दिशा की ओर अभिमुख हो जाते हैं और इसे ही उत्तरायण कहा जाता है। मकर संक्रांति के दिन हम सूर्य देवता का स्मरण करते हैं और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। वैसे तो पूरे वर्ष को शुभ माना जाता है, लेकिन इस उत्तरायण की अवधि को देवताओं का समय होने के कारण अधिक शुभ कहते हैं। सदियों से हम इस त्योहार को बड़े उत्साह से मनाते आए हैं। इसी उत्तरायण काल को पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर और दिल्ली में लोहड़ी के रूप में, असम में बिहू के रूप में और तमिलनाडु में पोंगल के रूप में मनाते हैं। किसान इसी समय एक फसल काटने के बाद, दूसरी फसल के लिए बीजरोपण करते हैं और उत्सव मानते हैं। इस दिन से ठंड कम होने लगती है और यह वसंत के आगमन का सूचक भी है। इस समय तिल, गन्ना, मूंगफली और धान जैसी नई फसलें आती हैं। इन सबको मिलाकर पहले दिन खिचड़ी बनाई जाती है और फिर इसे सभी लोग आपस में बांटते हैं। दूसरे दिन गाय की पूजा भी की जाती है। जब नई फसल आती है तो उसे सभी के साथ बांटकर खाते हैं और दान भी करते हैं।**

### गंगा स्नान का विशेष महत्व

**ऐसा** कहते हैं कि मकर संक्रांति के दिन गंगा जी ने राजा भगीरथ की तपस्या से प्रसन्न होकर उनके साठ हजार पितरों को मोक्ष प्रदान किया था। वैसे तो हर उत्सव में गंगा स्नान का बहुत महत्व होता है, लेकिन मकर संक्रांति पर गंगा स्नान का विशेष महत्व माना जाता है। जो लोग गंगा के पास हैं, वे तो गंगा में स्नान करते ही हैं, लेकिन जहां गंगा नहीं है, वहां यह समझना चाहिए कि गंगा अपने घर में ही हैं। मकर संक्रांति के पर्व पर गंगा स्नान का अर्थ यही है कि ज्ञान की गंगा में स्नान करें। ज्ञान से लोगों को पीढ़ी दर पीढ़ी सुकून मिलता है और जब हम ध्यान करते हैं और ज्ञान में रहते हैं तब उसका प्रभाव केवल हम तक ही सीमित नहीं रहता, बल्कि आगे वाली पीढ़ियों और हमारे पूर्वजों पर भी पड़ता है।

### तिल और गुड़ का आदान-प्रदान

मकर संक्रांति पर हम तिल और गुड़ का आदान-प्रदान करते हैं। छोटे-छोटे तिल हमें याद दिलाते हैं कि इस ब्रह्मांड में हमारा महत्व भी एक तिल के बीज के समान मात्र एक छोटे से कण जैसा है-लगभग कुछ भी नहीं। यह भावना कि 'मैं कुछ भी नहीं हूं' हमारे अहंकार को समाप्त कर देती है और हमारे भीतर विनम्रता लाती है। यही 'अकिंचनत्व' है माने 'मैं कुछ भी नहीं हूं'। ये संसार अनंत है। यहां अरबों-खरबों तारे सितारे हैं, उनमें से एक सूरज है। यहां अनेक ग्रह हैं, जिनमें से एक पृथ्वी है, जहां आपके जैसे पता नहीं कितने लोग आए और कितने चले गए। जब आप इस बात के प्रति सजग हो जाते हैं कि इस विशाल सृष्टि में हम कुछ भी नहीं हैं, तब आपका ये अहंकार और बनावटीपन जिससे सारी परेशानियां होती हैं, वह सब छूट जाता है और आप एक नवजात शिशु की तरह सहज हो जाते हैं। यही तिल का संदेश है।

### गुड़ खाओ और मधुर बोलो

महाराष्ट्र में इस दिन एक दूसरे को यह कहकर अभिवादन करते हैं कि 'गुड़ खाओ और मधुर बोलो।' हम मिठास के बिना नहीं रह सकते क्योंकि यदि हमारे शरीर में ब्लड शुगर का स्तर कम हो जाता है तो हमारे स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। गुड़ माने मधुरता और मधुरता जीवन का आधार है। मकर संक्रांति हमें यही संदेश देती है कि हमारे जीवन में गुड़ जैसी मधुरता और तिल जैसा अकिंचनत्व दोनों साथ-साथ हों।

## जीवंत रीति-रिवाजों और परंपराओं से सजा त्योहार

### आशा, समृद्धि और नई शुरुआत का जश्न मनाने का दिन

**भारत** के कई राज्यों में 14 जनवरी को अलग-अलग नामों से सांस्कृतिक उत्सव मनाए जाते हैं-मकर संक्रांति, पोंगल, माघ बिहू आदि। कई हिंदू त्योहारों के विपरीत इन त्योहारों की तारीख काफी हद तक तय होती है। मकर संक्रांति, भारत में सबसे अधिक मनाए जाने वाले त्योहारों में से एक है, जो सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने का प्रतीक है, जो सर्दियों के अंत और लंबे दिनों की शुरुआत का प्रतीक है। यह त्योहार आध्यात्मिक भक्ति और सांस्कृतिक उत्साह का मिश्रण है, जिसे विभिन्न राज्यों में विभिन्न रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाता है। यह फसल, समृद्धि और नई शुरुआत का जश्न मनाने का दिन है। यह त्योहार भारत के विभिन्न राज्यों में बहुत सांस्कृतिक और धार्मिक महत्त्व रखता है। यह सूर्य के उत्तरी गोलार्ध की ओर बढ़ने को दर्शाता है, जो गर्मी और सकारात्मकता लाता है। प्रकृति को धन्यवाद देने और प्रचुरता के लिए कृतज्ञता व्यक्त करने का दिन है।



डॉ. सत्यवान सौरभ
स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार
बड़वा, भिवानी (हरियाणा)

*हिंदू महाकाव्य महाभारत में मकर संक्रांति से जुड़े माघ मेले का उल्लेख है। हर बारह वर्ष बाद मकर संक्रांति पर कुंभ मेला आयोजित होता है, जो विश्व के सबसे बड़े सामूहिक तीर्थस्थलों में से एक है, जिसमें लाखों लोग आते हैं। संक्रांति को एक ऐसे देवता के रूप में पूजा जाता है, जिन्होंने किंवदंतियों के अनुसार राक्षस शंकरसुर को पराजित किया था। यह सूर्य के मकर राशि में प्रवेश को दर्शाता है, जो शीतकालीन संक्रांति के अंत और लंबे दिनों की शुरुआत को दर्शाता है। सूर्य देवता को समर्पित मकर संक्रांति पूरे भारत में मनाया जाने वाला सांस्कृतिक, धार्मिक और कृषि संबंधी अत्यधिक महत्व का त्योहार है। भारत और पड़ोसी देशों में विभिन्न नामों से मनाया जाता है, जिनमें पोंगल, माघ बिहू, उत्तरायण आदि शामिल हैं। प्रत्येक क्षेत्र में त्योहार से जुड़ी अपनी अनूठी रीति-रिवाज और अनुष्ठान होते हैं।*

### विविधता में एकता का प्रतीक

**मकर** संक्रांति विविधता में एकता का प्रतीक है, प्रत्येक राज्य अपने अनूठे तरीके से इस त्योहार को मनाता है। यह समुदाय, नवीनीकरण और कल्याण की भावना का प्रतिनिधित्व करता है। पवित्र स्नान, प्रार्थना और पारंपरिक मिठाइयां तैयार करने जैसी रस्में त्योहार के सार को दर्शाती हैं। विभिन्न क्षेत्रों में पोंगल, माघ बिहू और लोहड़ी जैसे विभिन्न नामों से मनाया जाता है। प्रकृति, कृषि और मौसमी चक्रों के महत्व पर प्रकाश डालता है। पतंग उड़ाना, लोक नृत्य और दावतें जैसे अनुष्ठान समुदायों को एक साथ लाते हैं। मकर संक्रांति का उत्सव जीवंत रीति-रिवाजों और परंपराओं से चिह्नित है, जो विभिन्न राज्यों में अलग-अलग हैं, पतंग उड़ाना गुजरात और राजस्थान में विशेष रूप से लोकप्रिय, स्वतंत्रता और खुशी का प्रतीक है। तीर्थयात्री गंगा और यमुना जैसी पवित्र नदियों में अनुष्ठानिक स्नान करते हैं। इस दिन पारंपरिक भोजन तिल और गुड़ से बनी मिठाइयां बांटी जाती हैं। फसल की खुशी मनाने के लिए राज्यों में मेले और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस समय कपड़े, भोजन और धन दान करना शुभ माना जाता है। स्नान, सूर्य देव को नैवेद्य अर्पित करना, दान, श्राद्ध कर्म और व्रत खोलना जैसी गतिविधियां पुण्य काल के दौरान की जाती हैं। यदि मकर संक्रांति सूर्यास्त के बाद होती है, तो ये गतिविधियां अगले सूर्योदय तक स्थगित कर दी जाती हैं। श्रद्धालु अक्सर अपने पापों से शुद्ध होने के लिए गंगा, यमुना, गोदावरी, कृष्णा और कावेरी जैसी पवित्र नदियों में डुबकी लगाते हैं।

### गुजरात का अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव

**गुजरात** का अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव राज्य के सबसे जीवंत और विश्व स्तर पर प्रसिद्ध कार्यक्रमों में से एक है, जिसे हर साल जनवरी में मकर संक्रांति के दौरान मनाया जाता है। अहमदाबाद में आयोजित होने वाला यह उत्सव दुनिया भर से पतंग के शौकीनों और प्रतिभागियों को आकर्षित करता है। विभिन्न आकार और आकारों की अनूठी पतंगों के उड़ने से आसमान एक रंगीन कैनवास में बदल जाता है। पतंग उड़ाने के साथ-साथ, इस उत्सव में सांस्कृतिक प्रदर्शन, स्थानीय व्यंजन और शिल्प प्रदर्शनियां भी शामिल हैं, जो गुजरात की समृद्ध परंपराओं की सच्ची झलक पेश करती हैं। यह कार्यक्रम खुशी, एकता और गुजरात की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, जो इसे स्थानीय लोगों और पर्यटकों दोनों के लिए जरूर देखने लायक बनाता है।

### आयुर्वेद में खिचड़ी खाने की सलाह

**मकर** संक्रांति पर ताजा कटे हुए अनाज खाने का समय होता है, जिसे सबसे पहले देवताओं को चढ़ाया जाता है और फिर खाया जाता है। आयुर्वेद में खिचड़ी खाने की सलाह दी जाती है क्योंकि यह हल्का और आसानी से पचने वाला व्यंजन है। खिचड़ी खाने का मतलब है कि यह शरीर को मौसम में होने वाले बदलाव के लिए तैयार करता है, चाहे वह सर्दियों की ठंडी हवा हो या वसंत की आने वाली गर्मी। जैसे-जैसे तापमान शुष्क ठंड से आश्चर्यजनक रूप से गर्म होता जाता है, शरीर असंतुलन के प्रति संवेदनशील हो जाता है। इस प्रकार, खिचड़ी शरीर को आवश्यक पोषण प्रदान करते हुए भूख को संतुष्ट करने के लिए एक आदर्श व्यंजन है। स्वास्थ्य के लिए इसके लाभों के अलावा, इस त्योहार पर खिचड़ी पकाना और खाना एकता का प्रतीक है, क्योंकि लोग एक ही बर्तन में ताजे कटे हुए चावल, दालें, मौसमी सब्जियां और मसाले सहित सभी सामग्रियों को मिलाकर इस व्यंजन को पकाते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### एचएमपीवी से डरने की जरूरत नहीं: डॉ. गुलेरी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी ने कहा है कि एचएमपी वायरस को लेकर कहा कि यह एक सामान्य वायरस है, जिससे घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि सर्दी के मौसम में इस प्रकार के वायरस देखने को मिलते हैं तो समय के साथ खुद ही समाप्त हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चे तथा वृद्ध लोग, जिनके शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता कम होती है, उनको थोड़ा ध्यान रखने की रखना चाहिए। अभी तक इस वायरस का कोई भी लक्षण सामने नहीं आया है फिर भी जिला के अस्पतालों में ऐसे वायरस को लेकर तमाम सुविधाएं पहले से ही मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि बुखार, खांशी के दौरान डॉक्टर से संपर्क कर दवाई लें। आमतौर पर सर्दियों और वसंत के दौरान ऐसे संक्रमण अधिक हो सकते हैं। इनका अलग-अलग इलाकों में अलग-अलग असर होता है।

### शहीद बाबू राम मेमोरियल स्कूल मोच में नवाजे मेधावी



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** शिक्षा खंड फतेहपुर के तहत पड़ते मोच स्थित शहीद बाबू राम मेमोरियल पब्लिक स्कूल में वार्षिक समारोह हेडटीचर कमल सिंह की अध्यक्षता में धूमधाम से मनाया गया। इसमें रिटायर हेडटीचर अनिल भारती ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करते हुए की गई। स्कूली बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देते हुए सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, मुख्यतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए शिक्षा के साथ-साथ मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रहना भी अति आवश्यक है। उन्होंने साल भर में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों के साथ-साथ कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया गया। इससे पूर्व स्कूल परिसर में पहुंचने पर स्कूल प्रबंधन, स्कूल प्रशासन व बच्चों द्वारा मुख्यतिथि का जोरदार स्वागत किया गया।

### नेहरू युवा केंद्र धर्मशाला ने मनाया युवा दिवस

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** नेहरू युवा केंद्र धर्मशाला और स्वामी विवेकानंद तकीपुर द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष रमेश बराड़ ने शिरकत की। इस कार्यक्रम में अनेक प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिन्होंने सबका मन मोह लिया। इस कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद के एमडी प्रवेश देओल ने सभी का अभिनंदन व स्वागत किया और नेहरू युवा केंद्र का धन्यवाद किया कि वह इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन करता रहे, ताकि युवा वर्ग नशे की ओर न जाकर अन्य गतिविधियों में बना रहे। उन्होंने स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर भी प्रकाश डाला। मुख्यातिथि ने भी राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद और युवाओं को कैसे आगे बढ़ाना है स्वामी विवेकानंद को आदर्श मानकर चलना चाहिए। इस कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधि और बहुत सारे गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### धर्मशाला में होगा जिला स्तरीय गणतंत्र समारोह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर जिला स्तरीय समारोह धर्मशाला के पुलिस ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को समारोह के सफल आयोजन के लिए आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए इसके साथ ही गणतंत्र दिवस पर परेड तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए प्रारूप तैयार करने के लिए भी कहा गया। उन्होंने कहा कि समारोह में स्वतंत्रता सेनानियों, सैन्य सम्मान प्राप्त विशिष्ट जनों को आमंत्रित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

# लोहड़ी उमंग और उत्साह का पर्व: मनकोटिया

## धरोहर गांव परागपुर में भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ राज्यस्तरीय लोहड़ी उत्सव का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, परागपुर**





प्रथम धरोहर गांव परागपुर में सोमवार को भव्य शोभायात्रा के साथ राज्यस्तरीय लोहड़ी उत्सव का शुभारंभ हुआ। शोभायात्रा परागपुर बाजार से होती हुई धरोहर गांव के मंदिर तक पहुंची। शोभायात्रा की अगुवाई करते हुए कांग्रेस नेता सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने कहा कि पहले परागपुर उपतहसील थी, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा परागपुर को तहसील का दर्जा दिया गया, जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि त्योहार हमारी सांस्कृतिक समृद्धि के प्रतीक हैं। लोहड़ी का पर्व हमारे जीवन में नवीन उमंग और उत्साह का संचार करता है।

उन्होंने कहा कि परागपुर में राज्य स्तरीय लोहड़ी उत्सव का आयोजन क्षेत्रवासियों के लिए गौरव का विषय है। वहीं, लोहड़ी के उपलक्ष्य पर लोगों का मनोरंजन करने विशेष रूप से पहुंचे पहाड़ी गायक राज जैरी ने अपनी प्रस्तुति से खूब धमाल मचाया। इस अवसर पर विभिन्न शिक्षण संस्थानों के बच्चों ने भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इनके अलावा बालिका आश्रम गरली के बच्चों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा, तहसीलदार परागपुर चिराग शर्मा, तहसीलदार रक्कड़ अनुजा सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## हैप्पी बर्थडे



ढसोली की यशीता को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



टिप्परी के सौरव पठानिया को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

# अशोक कुमार ने संभाला बीडीओ नूरपुर का कार्यभार

**भूषण शर्मा, नूरपुर**

- कहा, अंतिम लाइन में खेड़े व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचाना प्राथमिकता



ब्लॉक नूरपुर विकास खंड अधिकारी के रूप में अशोक कुमार ने सोमवार को कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा, 'मैंने आज ही ज्वाइन किया है तथा अभी मैं यहां की परिस्थितियों से भी अनभिज्ञ हूं, लेकिन जल्द ही कार्यालय के कर्मचारियों के साथ बैठकर बातचीत की जाएगी तथा प्रत्येक पंचायत में जाकर विकासात्मक कार्यों की भी स्थिति देखकर सभी कार्यों को युद्धस्तर पर पूरा करने की कोशिश की जाएगी।' इसके अलावा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याण योजनाओं को भी हर लाभार्थी तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि इस बात का पूरा पूरा ध्यान रखा जाएगा कि आखिरी कोने पर बसे लाभार्थी तक सरकार की हर स्कीम पहुंचे। (अनंत ज्ञान)

### 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे आरोपी

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** पुलिस चौकी रे के तहत पड़ती पंचायत मच्छोट के युवक मुनीश राणा को आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने वाले राजस्थान के दोनों आरोपियों को सोमवार को दूसरी बार न्यायालय में पेश किया गया। यहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत के लिए धर्मशाला भेज दिया गया है। इससे पहले ये दोनों पुलिस रिमांड पर थे।

### जिले में दो स्थानीय अवकाशों की घोषणा

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने हिमाचल प्रदेश सामान्य प्रशासन विभाग के दिशानिर्देशों के अंतर्गत आदेश जारी करते हुए जिले के विभिन्न उपमंडलों में कैलेंडर वर्ष 2025 के लिए 2 स्थानीय अवकाशों की घोषणा की है । 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर्व पर देहरा उपमंडल छोड़कर जिले के अन्य सभी उपमंडलों में स्थानीय अवकाश रहेगा। देहरा में माता श्री बगलामुखी जन्मोत्सव के अवसर पर 5 मई को स्थानीय अवकाश रहेगा। इसके अलावा जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर धर्मशाला, कांगड़ा, पालमपुर, बैजनाथ, जयसिंहपुर, शाहपुर, नगरोटा बगवां और धीरा में 16 सितंबर को सायर उत्सव के दिन स्थानीय अवकाश रहेगा। वहीं नूरपुर, देहरा, ज्वाली, ज्वालामुखी, फतेहपुर और इंदौरा उपमंडल में 22 अक्तूबर को गोवर्धन पूजा के दिन स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

# लोहड़ी समृद्धि व खुशियों का पर्व: डॉ. विवेक

## अरनी यूनिवर्सिटी में धूमधाम से मनाई लोहड़ी और मकर संक्रांति



**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

अरनी विश्वविद्यालय के परिसर में लोहड़ी एवं मकर संक्रांति का त्योहार बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। इस त्योहार को विश्वविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं के द्वारा लोककला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, पहाड़ी डांस, भांगड़ा और गिद्दा आदि की प्रस्तुति दी गई। विवि के चांसलर डॉ. विवेक सिंह ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि लोहड़ी का पर्व सुख-समृद्धि व खुशियों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि लोहड़ी पर्व पंजाब, हरियाणा और अन्य उत्तरी भारतीय राज्यों में खासतौर पर मनाया जाता है, जिसमें फसल की कटाई की खुशी का इजहार किया जाता है। लोहड़ी रिश्तों की मधुरता, सुकून और प्रेम का प्रतीक है।

लोहड़ी की रात परिवार और सगे-सबंधियों के साथ मिल बैठ कर नाचना-गाना करके रिश्तों में मिठास भरने, सद्भावना से रहने का संदेश देती है। शाम के समय आग जलाकर तिल, रेवड़ी, गजक, मूंगफली और गुड़ की रोटी समेत कई मिठाइयों को आपस में बांटकर त्योहार का जश्न मनाया जाता है। लोहड़ी पर जलाई जाने वाली आग सूर्य देव के उत्तरायण होने के दिन का पहला विराट और सार्वजानिक यज्ञ कहलाता है। इस उपलक्ष्य पर डॉ. मनीष कुमार श्रीवास्तव (प्रो. वाइस चांसलर) एवं अरनी विश्वविद्यालय के समस्त स्टाफ द्वारा इस लोहड़ी व मकर संक्रांति की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। (अनंत ज्ञान)




## न्यूज ब्रीफ

### अधिकारी सभी उपमंडलों में करेंगे निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर के सभी औद्योगिक इकाइयों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों में बाल श्रम और अन्य श्रम कानूनों की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए विभाग के अधिकारी जनवरी माह में सभी उपमंडलों में निरीक्षण करेंगे। यह जानकारी श्रम अधिकारी, अश्विनी कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों के अधिकारों के रक्षा करना है। इसके अतिरिक्त न्यूनतम वेतन अधिनियम, श्रमिकों की सुरक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े कानूनों का अनुपालना हो रहा है या नहीं, इसकी जांच की जाएगी। श्रम कानूनों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित संस्थानों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण श्रमिकों के कल्याण और संस्थानों में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए आवश्यक है। श्रमिकों और नियोक्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना और श्रम कानूनों का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करना श्रम विभाग का प्राथमिक उद्देश्य है।

### लोहड़ी पर सजे झंडूता के मुख्य बाजार



**अनंत ज्ञान, झंडूता।** लोहड़ी व मकर संक्रांति पर्व को लेकर झंडूता के तीन मुख्य बाजारों में रौनक छाई हुई है। मूंगफली और रेवड़ी की खूब बिक्री हो रही है। बाजारों के अतिरिक्त विभिन्न स्थानों पर इनकी बिक्री देखी जा रही है। झंडूता उपमंडल के बरठीं, शाहतलाई व झंडूता बाजार में लोग ग्रामीण क्षेत्रों से आकर लोहड़ी का सामना खरीदने आ रहे हैं। लोहड़ी व मकर संक्रांति पर्व के लिए मूंगफली के साथ-साथ रेवड़ी की भी खासी बिक्री हो रही है। जिस तरह से मूंगफली और रेवड़ी की बिक्री बढ़ रही है। उसी तरह से ही इनके दाम भी अबकी बार पिछले वर्ष के मुकाबले कुछ ज्यादा ही हैं। बाजारों में मूंगफली 100 से 130 रुपए प्रति किलोग्राम हैं। झंडूता उपमंडल में लोहड़ी पर्व मनाया जाएगा। इसे लेकर बाजार सज गए हैं।

### लूहणू घाट पर सतलुज आरती का किया आयोजन



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** रेनबो स्टार क्लब एवं भाषा संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ऐतिहासिक लूहणू घाट पर सर्वधर्म एकता का प्रतीक सतलुज आरती का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम स्वारघाट श्री नैना देवी धर्मपाल चौधरी ने शिरकत की। जबकि विशेष रूप से सर्वधर्म समभाव राष्ट्रीय मंच की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूजा चौधरी ने शिरकत की। रेनबो स्टार क्लब के संस्थापक अध्यक्ष एवं सतलुज आरती के संयोजक इशान अख्तर एवं रेनबो स्टार क्लब के प्रधान अजय कौशल एवं इंजीनियर श्याम लाल पंवार, सत्यदेव शर्मा ने माता श्री वैष्णो देवी जी से लाई चुनरी एवं हिमाचली टोपी, शॉल एवं स्मृति चिन्ह से मुख्य अतिथि एसडीएम धर्मपाल चौधरी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूजा चौधरी सम्मानित किया। सतलुज आरती में सभी धर्मों के लोगों ने भाग लेकर आपसी भाईचारे का संदेश पूरी दुनिया में दिया। रेनबो स्टार क्लब के संस्थापक अध्यक्ष इशान अख्तर ने बताया कि सदियों पहले भी राजाओं के समय बिलासपुर में आरती होती रहती थी। जिसमें सभी धर्मों के लोग सिख, ईसाई मुस्लिम, हिंदू वर्ग हिस्सा लेते थे, लेकिन समय बदलने के साथ साथ पूरी तरह से लुप्त हो गई। सतलुज आरती के अवसर पर संबोधित करते हुए एसडीएम धर्मपाल चौधरी ने कहा कि सभी धर्मों के वर्गों से आए लोगों द्वारा सतलुज आरती में भाग लेकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया गया है। इस मौके पर उत्तरी भारत प्रमुख साहित्यकार अनु ठाकुर भुनाल, सर्वधर्म समभाव राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सत्यदेव शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर श्याम लाल पंवार, लाडली फाउंडेशन की जिला महासचिव इंजीनियर सुमन चढ़ा, हेल्पिंग हैंड की जिला अध्यक्ष नीलम सूद, प्रीति भाटिया, चंपा देवी,सरदार प्रताप सिंह , प्रमुख साहित्यकार निर्झर चंद, अनीता शर्मा , तनवीर खान,कमला शर्मा, बिलकिस खान, सरदार प्यारे लाल, सरित शर्मा, मुश्ताक अहमद, आसिफ खान, कुंदन सिंह कंवर इत्यादि सैकड़ो लोग ,समाज सेवक एवं अन्य सभी धर्मों के प्रतिनिधि और अनुयाई मौजूद रहे।

### बेसहारा बैलों ने दो लोगों पर किया जानलेवा हमला

**अनंत ज्ञान, महादेव।** गांव महादेव में खेत की रखवाली कर रहे एक वरिष्ठ नागरिक शास्त्री नाम से मशहूर फागणू पुत्र मोहण माली पर अचानक एक बेसहारा बैल ने हमला कर दिया। इससे उसकी टांग में गहरी चोट आ गई, जिसमें सात टांके लगे हैं इसके साथ -साथ गांव धनोटू की एक महिला की भी बेसहारा पशु के हमले में घायल होने की खबर मिली है। गनीमत रही कि कृषि कार्य से जुड़े कठोर परिश्रमी इस ग्रामीण की जान बाल-बाल बच गई वरना नाचन क्षेत्र में पूर्व की भांति बेसहारा पशुओं के हमले में गई जानों की तरह यहां भी संकट का पहाड़ गिर सकता था। प्रभावित ने बताया कि पिछले कई वर्षों से महादेव गांव में बेसहारा पशुओं के झुंड जगह-जगह मंडराकर फसल उजाड़ने सहित कई क्षेत्रों में भारी नुकसान कर रहे हैं और इन्हें खदेड़ने जाओ तो ये हिंसक हो जाते हैं जो जानलेवा साबित हो रहे हैं। रही प्रशासन एवं सरकार की कारगुजारी की बात तो सुरक्षा से मुंह मोड़े ये लोग बेसहारा पशु नियंत्रण के लिए कुछ करने के बजाए हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं।उक्त घटना यानि हमले में घायल बदन दर्द से कराहते हुए फागणू ने बेसहारा पशु समस्या से निजात दिलाने को लेकर पूर्ण चंद पुत्र भजनू राम की ओर से सुंदरनगर के एसडीएम (सिविल) को दी गई अर्जी का भी जिक्र किया जो पिछले वर्ष दी गई थी उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि इस दिशा में किसी किस्म की ठोस कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है । उधर, गांव के ही जाने माने समाजसेवी एवं पर्यावरण प्रेमी कृष्ण चंद्र महादेविया ने बढ़ती बेसहारा पशु हमलों की घटनाओं पर अपना अफसोस जाहिर करते हुए प्रदेश की सुक्खू सरकार से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही जान माल का ख्याल कर लंबित पड़ी मांग के दृष्टिगत बेसहारा पशुओं के लिए नियंत्रण नीति बनाई जाए।



घायल किया व्यक्ति।

बंदलाधार और बहादुरपुर धार के फॉरेस्ट रेस्ट हाउस और एरिया दिया जाएगा लीज पर

# ईको टूरिज्म के तहत जिले की दो साइटों को किया जाएगा विकसित

**शुभम राही, बिलासपुर**

**वन विभाग ने इन दो साइटों को चिन्हित कर निदेशालय को भेजी फाइल**

वॉटर टूरिज्म के बाद अब बिलासपुर जिला को ईको टूरिज्म के तहत विकसित किया जाएगा। बिलासपुर जिला की बंदलाधार व बहादुरपुर धार को वन विभाग लीज पर देने जा रहा है। इस क्षेत्र को ईको टूरिज्म के तहत विकसित करने की प्लानिंग है। जिसको लेकर वन विभाग बिलासपुर ने इसकी सारी रिपोर्ट तैयार करके निदेशालय को भेज दी है।

निदेशालय से हरी झंडी मिलने के बाद यहां पर कार्य शुरू किया जाएगा। इस क्षेत्र के दोनों फॉरेस्ट रेस्ट हाउस को भी लीज पर दिया जाएगा। बंदलाधार वैसे भी पैराग्लाइडिंग टेक आफ साइट की दृष्टि से विकसित हो रही है और लोगों का आनाजाना भी शुरू हो गया है। वन क्षेत्र में पाई जाने बंदलाधार को ट्रेकिंग स्थल व घूमने के स्थल की दृष्टि से विकसित किया जा रहा है। बहादुरपुर को ट्रेकिंग की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना गया है। दोनों स्थानों में वन विभाग के रेस्ट हाउस बने हुए हैं। (अनंत ज्ञान)



### दोनों क्षेत्रों से जिले के चारों ओर को दिखता है नजारा

**वहीं** इन दोनों क्षेत्रों में जिले के चारों ओर को नजारा बहुत अच्छा दिखता है। गेस्ट हाउस के अलावा दोनों ही क्षेत्रों में अन्य कोई विशेष सुविधा नहीं है। अब इन साइटों की पैमाइश करके स्थान चयनित किया जाएगा और वहां पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा। दोनों साइटों और गेस्ट हाउसों को लीज पर दिया जाएगा। लीज पर देने की मुख्य शर्त यह रहेगी कि यह साइटें इको टूरिज्म की दृष्टि से विकसित की जाएंगी। यहां बता दें इको टूरिज्म साइट पर इको फ्रेंडली संरचना वाले होटल, टेंट हाउस, इको फ्रेंडली पार्क, वाइल्ड सफारी सुविधाएं मुख्य रूप से दी जाती हैं। इको टूरिज्म या पारिस्थितिक पर्यटन, प्रकृति-आधारित पर्यटन का एक रूप है। इसका मकसद, पर्यटकों को कम प्रभाव वाले, गैर-उपभोगी, और स्थानीय रूप से उन्मुख वातावरण में आकर्षित करना होता है। इको टूरिज्म साइटों के निर्माण में टिकाऊ सामग्री का इस्तेमाल किया जाता है। इन साइटों पर पर्यटकों के लिए पर्यावरण अनुकूल सुविधाएं अपनाई जाती हैं।

### ये हैं जरूरी निर्देश

- सिंगल-यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करना।
- पानी की बोतल, शापिंग बैग और बर्तन साथ रखना।
- कचरे का निपटान करना।
- चिन्हित पगडंडियों पर चलना।
- वन्यजीवों को परेशान न करना।

बंदला और बहादुरपुर साइटों को चयनित कर लिया है। इन साइटों को इको टूरिज्म की दृष्टि से विकसित किया जाएगा। दोनों स्थलों पर स्थान निर्धारित करके लीज पर दिया जाएगा।

**-मृत्युंजन माधव, अरण्यपाल, वन विभाग, बिलासपुर।**

# चिकित्सा अधीक्षक ने बिलासपुर अस्पताल का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

**निरीक्षण के दौरान पाई गई कुछ खामियां, सुरक्षा गार्डों की संख्यां बढ़ाने की कही बात**

क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में तैनात चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एके सिंह ने रात्रि के समय अस्पताल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने अस्पताल की रात्रि ओपीडी का भी निरीक्षण किया और उन्होंने चिकित्सक की कार्यप्रणाली की जांच की। इस अवसर पर अस्पताल के मेडिकल वार्ड से लेकर कई अन्य सारे वार्ड की व्यवस्थाएं भी जांची। उन्होंने मेडिकल वार्ड में भर्ती हुए मरीजों से बातचीत की और मरीजों को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में भी पूछा।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एके सिंह ने बताया कि अस्पताल में फिलहाल बेहतर सुविधाएं मरीजों को दी जा रही है, लेकिन कुछ व्यवस्थाओं में अभी भी सुधार करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि सबसे महत्वपूर्ण अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने की प्लानिंग है, जिसमें निर्णय लिया जा रहा है कि अस्पताल में रात्रि के समय सुरक्षागार्डों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

अभी तक दो सुरक्षा गार्ड रात्रि के समय तैनात रहते है। लेकिन अस्पताल का कैंपस एरिया बड़ा होने के चलते यहां पर सुरक्षा गार्डों की संख्या अधिक बढ़ाने की आवश्यकता है। ऐसे में निर्णय लिया जा रहा है कि अस्पताल में रात्रि के समय पांच सुरक्षा गार्ड की तैनाती की जाएगी।

एमएस ने बताया कि अस्पताल में मरीजों को बेहतर सुविधा देने के लिए अस्पताल प्रशासन कार्यरत है। अस्पताल में कई बार रात्रि के समय चोरी की घटनाएं भी पेश आई है। ऐसे में सुरक्षा गार्ड अधिक होने से संदिग्ध लोगों पर नजर रखी जा सकती हैं।



जिला अस्पताल बिलासपुर का समय-समय पर रात्रि के समय औचक निरीक्षण किया जाता है। कुछ व्यवस्थाओं को ठीक करने के निर्णय लिए जा रहे हैं। मरीजों को बेहतर सुविधा देने के लिए अस्पताल प्रशासन कार्यरत हैं।

**-डॉ. एके सिंह, चिकित्सा अधीक्षक बिलासपुर।**

# थाना प्रभारी पूजा को बताई बरमाणा क्षेत्र की समस्याएं

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**



थाना प्रभारी से मुलाकात करते ग्रामीण।

बरमाणा थाना के नए प्रभारी पूजा कौंडल ने कार्यभार संभाल लिया है। इसी कड़ी में सोमवार को बरमाणा पंचायत के पूर्व उपप्रधान नतीश ठाकुर सहित अन्य ग्रामीणों ने नवनियुक्त थाना प्रभारी से बातचीत की।

उन्होंने थाना प्रभारी पूजा कौंडल को सम्मानित किया और बरमाणा क्षेत्र की समस्याओं को लेकर अवगत भी करवाया। ऐसे में थाना प्रभारी ने गांववासियों को आश्वासन दिया कि हम सब आपके साथ मिलकर इस चिट्टे जैसी गंभीर बीमारी को जड़ से खत्म करने में सहयोग करेंगे। साथ ही समय-समय पर पुलिस का गांव-गांव में जाकर नशे को समाप्त करने में कैंप आदि करेंगे।

पूजा कौंडल ने आश्वासन दिया कि किसी को बक्शा नहीं जाएगा, जो भी नशे कि खेप के साथ पकड़ा जाता हैं उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस मौके पर प्रकाश चंद, रोशन लाल, रूप लाल, नरेंद्र कुमार, सुभाष ठाकुर, सुनीता ठाकुर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, उर्मिला देवी आंगनबाड़ी सहायिका आदि ने स्वागत किया ।

### लापरवाही से वाहन चलाने व अवैध शराब का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** थाना सदर में लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज हुआ है। जानकारी के अनुसार रुघाणु नाला पुल के नीचे एक कार दुर्घटनाग्रस्त हालत में गिरी। इस कार के पीछे एक व्यक्ति पत्थरों के ऊपर मृत अवस्था में मिला। मृतक की पहचान अभिषेक भारद्वाज गांव बहदेहड़ भोरंज जिला हमीरपुर के रूप में हुई है।

वहीं गोहर पुलिस ने गस्त के दौरान शीला कुमारी पत्नी प्रेम कुमार गांव मसोग व चच्योट मंडी से कटलोग नाला के पास चिकन कार्नर की दुकान अवैध शराब 1500 एमएल बरामद की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि अवैध शराब का कारोबार करने वालों कभी भी बख्शा नहीं जाएगा।

# कबड्डी में बटोह ने ब्रह्मपुखर को 14 अंक से हराया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



कबड्डी मुकाबले के दौरान मौजूद खिलाड़ी व साथ हैं अन्य।

बाहोट कसोल में विवेकानंद युवा मंडल द्वारा लोहड़ी पर्व और विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में युवा महोत्सव 2025 का आयोजन किया गया। खेलों का शुभारंभ श्री श्री ट्रस्ट के अध्यक्ष उदय तिवारी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर किया। तिवारी ने युवा महोत्सव के दौरान विवेकानंद युवा मंडल और सारथी ग्रुप द्वारा 'मुक्ति' नामक अभियान की शुरुआत मानव शृंखला बनाकर की।

इस पहल के तहत एक ह्यूमन चेन का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय महिला मंडल, युवक मंडल और आम जनता को शपथ भी दिलाई। विवेकानंद युवा मंडल के संयोजक अशोक शर्मा ने बताया कि यह कदम समाज में ड्रग्स के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के साथ एक सकारात्मक संदेश देने के उद्देश्य से उठाया गया है।

युवा महोत्सव के पहले दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम और अंडर 50 वेट के कबड्डी मुकाबले आयोजित किए गए। कबड्डी के पहले राउंड में बटोह की टीम ने 38 अंक हासिल कर ब्रहम पुखर की टीम को 14 अंकों से हराया। बाकी मुकाबले जमथल-पंजगाई, बागा-बाहोट कसोल, सैवन स्टार-घागस, और कोलवाला टोबा-ब्रदर्स के बीच खेले जा रहे हैं।

मुख्यातिथि श्री श्री ट्रस्ट के अध्यक्ष उदय तिवारी ने खेल आयोजकों को 21000 रूपए की राशि प्रदान कर कहा कि यह आयोजन युवा पीढ़ी को खेल और संस्कृति के माध्यम से एकजुट करने का शानदार प्रयास है। उन्होंने साथ ही इसे समाज में ड्रग्स के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से भी महत्वपूर्ण कदम बताया ।

# सड़यार पंचायत में खर्च किए डेढ़ करोड़ : धर्माणी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



लोगों की समस्याएं सुनते हुए राजेश धर्माणी व साथ हैं अन्य।

नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यवसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने सड़यार पंचायत के सड़यार, अंदरौली और सयोथा गांवों में जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और अधिकतर समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया। शेष समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। धर्माणी ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि विकास योजनाओं और नीतियों का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचे। उन्होंने बताया कि सड़यार पंचायत में पिछले दो वर्षों के दौरान लगभग डेढ़ करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं।

इस राशि का उपयोग सड़क निर्माण, जल आपूर्ति व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, एम्बुलेंस रोड निर्माण और वर्षाशालिक जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पंचायत में चल रहे विकास कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने पानी की समस्या, सड़क मरम्मत और रोजगार से संबंधित मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। मंत्री ने इन समस्याओं के त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। धर्माणी ने ग्रामीण युवाओं के कौशल विकास और स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवा पीढ़ी को सशक्त बनाने और ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव कदम उठा रही है।

धर्माणी ने कहा कि जन सुनवाई कार्यक्रम जनता के साथ सीधा संवाद स्थापित करने और उनकी समस्याओं को गहराई से समझने का एक प्रभावी माध्यम है। उन्होंने पंचायत में विकास योजनाओं का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरे किए जाएं।

राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गति तेज करने और आम जनता की बेहतरी के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रमों से न केवल स्थानीय समस्याओं का समाधान होता है, बल्कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और जनता की भागीदारी भी सुनिश्चित होती है।

# छात्रा सिमरन नेशनल लेवल पर करेगी प्रदेश का प्रतिनिधित्व

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**



जंगलों में चीड़ के पत्तियों का भी आसानी से सदुपयोग किया जा सकता है। चीड़ की इन पत्तियों से बने उत्पाद लोगों को आत्मनिर्भर बना सकते हैं। खासकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए यह चीड़ की पत्तियां कारगर साबित हो सकती हैं। इन चीड़ की पत्तियों से बने उत्पाद सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं।

चीड़ की पत्तियों से विभिन्न प्रकार के उत्पाद बनाने में जिला बिलासपुर के झंडूता क्षेत्र से संबधित कोसरियां स्कूल की सातवीं कक्षा की छात्रा सिमरन माहिर है। अब सिमरन द्वारा चीड़ की पत्तियों से तैयार किए गए विभिन्न उत्पाद पूरा देश देखेगा।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोसरियां की छात्रा सिमरन पीएम श्री अंतर विद्यालय प्रतियोगिता नेशनल प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रनिधित्व करेगी।

### सिमरन चीड़ की पत्तियों से बेहतरीन उत्पाद बनाने में माहिर

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोसरियां के समन्वयक संजीव राठौर ने बताया कि स्कूल की छात्रा सिमरन चीड़ की पत्तियों से बहुत ही बेहतरीन उत्पाद बनाने में माहिर है। वहीं, स्कूल प्रबंधन समिति की प्रधान पूजा व स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों तथा पाठशाला के शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारियों ने भी इस होनहार छात्रा को बधाई दी है।

स्कूल की छात्रा सिमरन का चयन नेशनल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। उम्मीद है कि सिमरन नेशनल प्रतियोगिता में भी बेहतर प्रदर्शन कर विजेता बनेगी।

**-रमेश कुमार नेगी, पाठशाला प्रधानाचार्य।**

### पांच साल में पूरा नहीं हो सका सामुदायिक अस्पताल तलाई का कार्य



**गोपाल कपिल, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के शाहतलाई में पांच साल से बन रहे अस्पताल का कार्य आज तक पूरा नहीं हो सका है। इस अस्पताल के बनने से कोसरिया, नघ्यार, शाहतलाई के अनेको गांव को लाभ मिलना था। लेकिन निर्माण कार्य धीमी गति से चला है। जिससे आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को इलाज करवाने के लिए सिविल अस्पताल बरठी, घुमारवीं या बिलासपुर जाना पड़ता है।

शाहतलाई से बिलासपुर जाने के लिए लगभग 70 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है।लोगों का कहना है कि इस इलाके की जरूरत को देखते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने अस्पताल का शिलान्यास रखा था।

जगदेव भाटिया का कहना है कि 2020 को शिलान्यास किया गया था आज 2025 चला हुआ है। पांच साल में लैटर तक ही कार्य पहुंचा है। प्रशासन से यही गुहार है कि जल्दी से जल्दी कार्य को पूरा किया जाए।

**टूर्नामेंट** झंडूता में सांसद खेल महाकुंभ-3 के तहत कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ

# कबड्डी प्रतियोगिता के लिए 20 टीमें पंजीकृत

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता विधानसभा क्षेत्र में सांसद खेल महाकुंभ-3 के तहत सोमवार को कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ समारोह प्रयागराज में महाकुंभ के आगाज के चलते धार्मिक व अध्यात्म के रंग में भी रंगा नजर आया। शिवा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल झंडूता में कबड्डी प्रतियोगिता के उद्घाटन मौके पर विधायक जीतराम कटवाल ने प्रतिभागी खिलाड़ियों व अन्य लोगों को खेल महाकुंभ के साथ ही 144 वर्ष के लंबे अंतराल के बाद दुर्लभ संयोग वाले प्रयागराज महाकुंभ की बधाई व शुभकामनाएं भी दीं।

उन्होंने कहा कि यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल प्रयागराज महाकुंभ के भव्य आयोजन का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। विश्व का यह सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन और सनातन का सबसे बड़ा समागम



कबड्डी प्रतियोगिता के दौरान मौजूद खिलाड़ी व साथ हैं अन्य।

उन्हीं के प्रयासों से संभव हो पा रहा है। 45 दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक कार्यक्रम में भारत समेत 183 देशों के लगभग 45 करोड़ लोगों के आने की उम्मीद है। यह सभी देशवासियों के लिए गौरव की बात है।

जीतराम कटवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। यह संकल्प विकसित भारत यंग लीडर्स की सहभागिता से ही पूरा किया जा सकता है। प्रधानमंत्री प्रत्येक देशवासी को स्वस्थ व खुशहाल भी देखना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने 'फिट इंडिया मूवमेंट' की शुरुआत की है। सांसद खेल महाकुंभ भी इसी मुहिम का हिस्सा है। युवा पीढ़ी को स्वस्थ और तंदरुस्त बनाने में ऐसे आयोजन अहम भूमिका निभा रहे हैं।

आने वाले समय में देश की बागडोर युवाओं को ही संभालनी है। उन्हें यह जिम्मेदारी निभाने के लिए हमेशा तैयार रहना होगा। युवा पीढ़ी को चाहिए कि वह विकसित भारत का संकल्प लेकर पूरे जोश से आगे बढ़े। युवा एक कदम चलेंगे तो देश हजार कदम बढ़ेगा।

जीतराम कटवाल ने कहा कि सांसद खेल महाकुंभ के प्रति युवाओं का रुझान लगातार बढ़ रहा है। ग्रामीण इलाकों में कई प्रतिभाएं छिपी हैं। इस आयोजन के माध्यम से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाकर आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है।

इस बार कबड्डी प्रतियोगिता के लिए झंडूता क्षेत्र की 20 टीमों का पंजीकरण हुआ है। बिलासपुर समेत हिमाचल के कई खिलाड़ियों ने खेल जगत में बड़ा नाम कमाने के साथ ही ऊंचा मुकाम हासिल किया है। उन्हें पूरा विश्वास है कि सांसद खेल महाकुंभ भी गांवों की प्रतिभाओं का भविष्य उज्ज्वल बनाने में अहम भूमिका निभाएगा।

इस मौके पर झंडूता भाजपा मंडल अध्यक्ष रसम सिंह चंदेल, भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष शैलजा शर्मा, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनोज चंदेल तथा रचना आदि साथ थे।

### डीसी आबिद हुसैन सादिक ने लोगों को दी लोहड़ी की बधाई

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** लोहड़ी के शुभ अवसर पर बिलासपुर उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक को जिले वासियों को लोहड़ी की शुभकामनाएं दी।



उन्होंने कहा कि लोहड़ी त्योहार एकता, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक है, जो हमें हमारे पारंपरिक मूल्यों और संस्कृतियों से जोड़ता है। यह त्योहार, मुख्य रूप से भारत के उत्तरी भागों में मनाया जाता है, फसल के मौसम को चिह्नित करता है और किसानों की कड़ी मेहनत के लिए एक श्रद्धांजलि है। यह कृषि समुदाय में विशेष महत्व रखता है, क्योंकि यह सर्दियों के अंत और नए फसल के मौसम की शुरुआत का जश्न मनाता है। लोहड़ी गर्मी और उज्जवल दिनों के स्वागत का भी प्रतीक है। उपायुक्त सादिक ने आगे निवासियों से आग्रह किया कि वह त्योहार एकजुटता और सौहार्द की भावना के साथ मनाने, मजबूत सामुदायिक संबंधों को बढ़ावा दे।

# सरकार के फैसले से लोग तहसील के लाभ से वंचित

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



लोगों को संबोधित करते हुए राजेंद्र गर्ग व साथ हैं अन्य।

पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कहा कि घुमारवीं के विधायक एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी मुख्यमंत्री सुक्खू के समक्ष यहां के विकास व जनहित की बात रखने में पूरी तरह से असफल रहे। जिसका खामियाजा घुमारवीं की जनता को भुगतना पड़ रहा है। पूर्व मंत्री भराड़ी उपतहसील के भपराल में लोगों को संबोधित कर रहे थे।

गर्ग ने कहा कि पिछले दिनों हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार की मंत्रीमंडल की बैठक में सरकार ने प्रदेश के कई स्थानों पर तहसीलें व उपतहसीलें खोलने का निर्णय लिया, लेकिन, घुमारवीं से चुने गए प्रतिनिधि एवं प्रदेश सरकार में मंत्री भराड़ी में डिनोटीफाई की गई तहसील को दोबारा जनहित में नोटीफाई करवाने के लिए मुख्यमंत्री के समक्ष अपना मुंह तक नहीं खोल पाए। गर्ग ने कहा कि भाजपा सरकार में उन्होंने घुमारवीं के भराड़ी में उपतहसील को अपग्रेड करवाकर तहसील का दर्जा दिलवाया था। जिससे इस क्षेत्र के हजारों लोगों को लाभ पहुंचा था, लेकिन प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होते ही भराड़ी में खोली गई तहसील को डिनोटीफाई कर दिया।

कांग्रेस सरकार के इस फैसले से इस इलाके के हजारों लोग तहसील के लाभ से वंचित हो गये। उन्होंने कहा कि घुमारवीं से चुने गए विधायक प्रदेश सरकार में मंत्री हैं, लेकिन वो लोगों के हित में मुख्यमंत्री के समक्ष अपना मुंह नहीं खो पा रहे हैं। इससे घुमारवीं की भोली-भाली जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

गर्ग ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। स्कूलों में जहां शिक्षकों का टोटा है, वहीं अस्पताल चिकित्सकों की कमी से जूझ रहे हैं। मरीजों को अस्पताल के भीतर मिलने वाली मुफ्त दवाई नहीं मिल रही है।

प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने अस्पतालों में पीएसए प्लांट में तैनात तकनीकी कर्मियों सहित कई आउटसोर्स कर्मियों की सेवा सत्म कर दी है। गर्ग ने प्रदेश सरकार पर तंज कसा है कि एक व्यवस्था परिवर्तन का दावा करने वाली सरकार है, जिससे ऑक्सीजन प्लांटस तक चलाया नहीं जा रहे हैं। व्यवस्था पतन वाली सरकार से लोगों का इलाज तो छोड़िए, सामान्य दवाइयां बैंडेज व मरहम पट्टी तक नहीं दी जा रही है। इस मौके पर भराड़ी भाजपा मंडल अध्यक्ष जोरावर सिंह पटियाल, कृष्ण सिंह आदि मौजूद थे।

# कुलदीप पठानिया ने किया सिहुंता कॉलेज के भवन का शिलान्यास

## देहरा खड्ड से कल्याणा तक बनने वाले लिंक रोड का किया भूमि पूजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**



विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज 8.68 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले राजकीय महाविद्यालय सिहुंता के भवन का शिलान्यास तथा 68.22 लाख रुपए की लागत से देहरा खड्ड से कल्याणा तक बनने वाली संपर्क सड़क का भूमि पूजन भी किया। जनसभाओं में संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि समूचे प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण एवं संतुलित विकास प्रदेश सरकार की उच्च प्राथमिकता है, जिसके तहत भटियात विधानसभा क्षेत्र में भी गत दो वर्षों के दौरान शिक्षा, सड़क व स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है।

उन्होंने कहा कि 8.68 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला सिहुंता कॉलेज का भवन सितंबर 2026 तक बनकर तैयार होगा तथा इससे इस क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व सुधार होगा। इसके अलावा निकट भविष्य में सिहुंता कालेज में नए पीजी कोर्सेज भी शुरू किए जाएंगे। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क और भवन इत्यादि से संबंधित निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें तथा लंबे समय तक आरंभ न होने वाले कार्यों के टेंडर्स को रद्द करें। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि शीघ्र ही सिहुंता में 32 करोड़ रुपए से सीवरेज कार्य के अलावा मिनी सचिवालय भवन, विश्राम गृह तथा स्टेडियम का निर्माण कार्य आरंभ किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सिंहुता से लाहड़ू तक डबल लेन सड़क पर 52.34 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। इसके अलावा समोट-दरम नाला सड़क पर समोट घार में भूस्खलन की रोकथाम के लिए 18.75 करोड़, टुंडी-धरूं सड़क पर 6.17 करोड़, बनेट-मोरठू सड़क पर 88 लाख रुपए, भराड़ी-कुर्ला सड़क पर 88 लाख रुपए, सेरला दा बासा वाया पटियां सड़क पर 87 लाख रुपए तथा गांव सामूं के संपर्क सड़क के लिए 89 लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

वह दोपहर बाद शिव दयाल मंदिर कमेटी सिहुंता द्वारा आयोजित लोहड़ी उत्सव में भी शामिल हुए। उन्होंने शिवदयाल मंदिर कमेटी सिहुंता को अपनी ओर से 51 हजार रुपए देने की भी घोषणा की। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को लोहड़ी व मकर संक्रांति की बधाई देते हुए खुशहाल भविष्य जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं और क्षेत्रवासियों की जन समस्याएं भी सुनी तथा उपस्थित अधिकारीयों को उन्हें हल करने के निर्देश दिए।

# न्यूज ब्रीफ

## कृषि मंत्री ने नाग मंदिर करियाड़ा में टेका माथा



**अनंत ज्ञान, गरली।** कृषि एवं पशुपालन मंत्री चौधरी चंद्र कुमार सोमवार देर सायं लोहड़ी पर्व पर अचानक करियाड़ा के सुप्रसिद्ध नाग मंदिर पहुंचे। उन्होंने जहां मंदिर में नतमस्तक होकर प्रदेश की खुशहाली हेतु कामना की, तो वहीं हवन यज्ञ भी करवाया। मंदिर प्रबंधक कुलदीप सिंह गुरेरिया, पुजारी हरदीप सिह गुलेरिया, राहुल गुलेरिया, मोनू गुलेरिया आदि ने मंत्री एवं उनके साथ आए अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को मां की चुनरी देकर बाबा जी का आशीवार्द दिया।

## धीरज नरयाल ने सुभाष प्रिंस को दिया सम्मान



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** विंटर कार्निवाल वॉयस ऑफ शिमला शो में सेकेंड रनरअप रहे चंबा जिले के सुभाष प्रिंस को भाजपा जिलाध्यक्ष धीरज नरयाल ने भाजपा जिला कार्यालय सरोल में एक कार्यक्रम में सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष धीरज नरयाल प्रिंस को बधाई देते हुए कहा कि यह हम चंबावासियों के लिए गौर्व का विषय है कि आम और साधारण परिवार से निकल कर अपनी कड़ी मेहनत के कारण आज सुभाष ने चंबा का नाम रोशन किया है। अन्य युवाओं को भी सुभाष से प्रेरणा लेनी चाहिए, जो सुविधाओं के आभाव में गलत रास्ते में भटक जाते हैं। वहीं, सुभाष प्रिंस ने कहा कि यह जीत मेरी नहीं, बल्कि उन सबकी जीत है, जिनकी दुआओं से आज यहां पहुंचा हुआ। उन्होंने इस मान सम्मान के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष के साथ वहां मौजूद सभी भाजपा कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया।

## अनिल को नवयुवक मंडल राजल की कमान



**अनंत ज्ञान, गगल।** गांव राजल में नवयुवक मंडल कमेटी के चुनाव कमेटी के प्रभारी मदन लाल और राकेश कुमार की अध्यक्षता संपन्न हुए। इसमें अनिल कुमार को नई के कमेटी का अध्यक्ष चुना गया। वहीं, प्रवीण कुमार को महासचिव तथा संजीव कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। नवनियुक्त अध्यक्ष अनिल कुमार ने कहा कि वह जो भी कार्य करेंगे, वह पारदर्शी व निष्ठापूर्वक और कमेटी के हित में करेंगे। यही उनकी प्राथमिकता रहेगी।

## जलशक्ति विभाग के पंप ऑपरेटर ने की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** पुलिस थाना खैरी के अंतर्गत सोमवार सुबह उस समय सनसनी वाला माहौल पैदा हो गया, जब जलशक्ति विभाग के कार्मचारी द्वारा आत्महत्या का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मानिंद्र कुमार निवासी गांव जांगी, जो 2021 से नियमित तौर पर विभाग में कार्यरत था। मृतक के घरवालों ने बताया कि वह काफी समय से परेशान था मानिसक तौर पर परेशानी के कारण उसने कई बार सह कर्मचारी व परिजनों को अपनी घबराहट के बारे में बताया। परिजनों ने बताया कि बीती रात करीब 1 बजे मृतक से बात हुई तथा उसे सुबह चेकअप के लिए ले जाना था, किसे पता था कि आज सुबह साल के प्रथम त्योहार लोहड़ी पर वह आत्महत्या कर लेगा । परिजनों द्वारा किसी पर कोई शक नहीं जताया गया है। मामले की छानबीन एएसआई राजकुमार द्वारा की जा रही है। 194 भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई जारी है।

## लोक मित्र केंद्र में ई-केवाईसी करवाएं कामगार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के सौजन्य से जिला कार्यालय चम्बा द्वारा पंजीकृत कामगारों की ई-केवाईसी की जा रही है। जिला श्रम कल्याण अधिकारी श्वेता कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी पंजीकृत कामगारों की ई-केवाईसी की जाएगी, जिसमें कामगारों के आधार कार्ड का सत्यापन किया जाएगा। उन्होंने सभी पंजीकृत कामगारों से आग्रह किया है कि वे अपने नजदीकी लोक मित्र केंद्र में जाकर अपना आधार कार्ड नंबर अपने मोबाइल नंबर से लिंक करवाना सुनिश्चित बनाएं ताकि कामगारों की भविष्य में हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभ लेने की पात्रता बनी रहे।

## विद्युत उपभोक्ता 15 फरवरी तक करवाएं केवाईसी

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** विद्युत उपमंडल डलहौजी के अंतर्गत आने वाले सभी घरेलू एवं होटल उपभोक्ताओं की केवाईसी की जा रही है । केवाईसी का समय 15 फरवरी तक बढ़ा दिया गया है। इस बात की जानकारी विद्युत विभाग उपमंडल कार्यालय डलहौजी के सहायक अभियंता इंद्रजीत सिंह ने सभी स्थानीय उपभोक्ताओं से अपील की है कि वह अपनी ईसी फरवरी तक करवा ले वरना मिलने वाली सब्सिडी से वंचित रहना पड़ सकता है इसलिए केवाईसी अत्यंत जरूरी है। केवाईसी करवाने के लिए उपभोक्ताओं को विद्युत विभाग का सहयोग करना पड़ेगा। उन्होंने यह भी बताया कि केवाईसी करवाने के लिए उपभोक्ता को अपना आधार कार्ड और पुराना बिजली का बिल जरूर साथ लेकर आना है ज्यादा जानकारी के लिए अपने नजदीकी विद्युत विभाग कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# हिमालयन फोक फेस्ट में सन्नू राम ने चंबियाली गीतों से लूटी वाहवाही

**अनंत ज्ञान, भरमौर**



### तीसरा स्थान हासिल कर जीता एक लाख का इनाम

पश्चिम बंगाल में आयोजित हिमालयन फोक फेस्टिवल में लोगों को चंबा की संस्कृति की झलक देखने को मिली। नाट ऑन मैप संस्था की ओर से चलो चंबा अभियान के तहत फेस्टिवल में भाग लेने पहुंचे चंबा के लोक गायक सन्नू राम उर्फ बिट्टू प्रेमी ने चंबियाली गीतों से इतनी खूबसूरती से चंबा की झलक दिखाई कि हर कोई वाहवाही करने से खुद को नहीं रोक सका। जिला चंबा को शानदार प्रदर्शन के लिए फेस्टिवल में तीसरा स्थान मिला है। वर्णमाला परिवार एवं एक्ट संस्था की ओर से 10 से 12 जनवरी तक हिमालयन फोक फेस्टिवल का आयोजन किया गया। यह फेस्टिवल पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में आयोजित हुआ। इसमें हिमालयी क्षेत्र के लोक कलाकारों ने भाग लिया। फेस्टिवल में सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमंग ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने शानदार प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को पुरस्कार से सम्मानित किया। जिला चंबा के लोक गायक का तीसरा स्थान मिलने पर एक लाख रुपए की राशि भी भेंट की गई, जबकि, ठठरी पश्चिम बंगाल को पहला व नेपाल को दूसरा स्थान हासिल हुआ। हिमालयी क्षेत्रों के करीब 150 प्रतिभागियों ने इसमें भाग लेकर अपनी-अपनी संस्कृति की छटा बिखेरी। इस बारे में सन्नू राम ने बताया कि गत वर्ष उन्होंने उक्त फेस्टिवल के लिए ऑडिशन दिया था। इसके बाद मुझे फेस्टिवल में भाग लेने का अवसर मिला। इसमें चंबा को पुरस्कार मिला है। वह सौभाग्यशाली हैं कि चलो चंबा अभियान के तहत उन्हें अपनी कला व संस्कृति को गीतों के माध्यम से देश-विदेश के लोगों को बताने का अवसर मिला।

# चिलामा के लोगों को 10 वर्ष बाद दोबारा मिला राशन डिपो

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

चिलामा के लिए आज का दिन बहुत खुशी का दिन है। आज से 10 वर्ष पहले 2014 को 2/4 बाजार की डीपू को 1/4बाजार के डीपो के साथ मर्ज कर दिया गया था। इस कारण चिलामा और 2/4 के बाजार के लोगों को अपने राशन लेने के लिए बकलोह के डीपो होल्डर को पास जाना पड़ता था। इससे यहां लोगों के अपने डिपो का राशन लेने के लिए भारी भरकम पैसे खर्च करके जाना पड़ता था जिससे उनको काफी आर्थिक उठानी हानि पड़ती थी। 2018 मे यहां के स्थानीय निवासी जितेंद्र राणा के द्वारा इस मुद्दे को डीसी चंबा के आगे उठाया गया, परंतु फिर भी इसका कुछ लाभ नहीं हुआ। अंत में जैसे ही कांग्रेस की सरकार आई उन्होंने दोबारा से इस मुद्दे को भाटिया के विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के आगे स्थानीय लोगों की ओर से इस मुद्दे को रखा गया। उन्होंने उसी वक्त तुरंत कार्रवाई करते हुए चिलामा और 2/4 बाजार के लोगों लिए उनके उचित स्थान पर डिपो खोलने का लिए खाद्य विभाग के प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए गए। सोमवार को दोबारा से पूरे 10 साल के कठिन परिश्रम के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सागर गुरुंग के अगुवाई में रिबन काटकर पूरा विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना के बाद लोगों के लिए सरकारी डिपो खोल दिया गया है। इसके लिए जितेन राणा, कैप्टन सागर गुरुंग, महिला मंडल और चिलामा और 2/4बाजार के निवासियों ने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया आभार जताया है। (अनंत ज्ञान)

# एफसीए मामलों में लाएं तेजी: डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा कि विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं के तहत एफसीए (वन संरक्षण अधिनियम) मंजूर मामलों की प्रक्रिया में तेजी लाने को लेकर सभी संबंधित विभागों के अधिकारी समन्वय आधारित गतिविधियों को सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने ये निर्देश भी दिए कि प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से संबंधित कार्यों में विशेष प्राथमिकता रखी जाए। रेपसवाल ने परियोजनाओं के तहत विभिन्न विभागीय प्रक्रियाओं को पूरा करने के पश्चात राज्य नोडल अधिकारी को प्रेषित किए गए एफसीए मंजूर मामलों की वर्तमान स्थिति को लेकर लगातार कार्यालय के साथ संपर्क स्थापित रखने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। उपायुक्त ने अंतर विभागीय समन्वय आधारित कार्य गतिविधियों को और बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# लोहड़ी पर्व पर चंबा के बाजारों में दिखी रौनक

## अग्नि की पूजा से भी जुड़ा है यह त्योहार, सुख-समृद्धि का प्रतीक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

समूचे उत्तर भारत में नए वर्ष का पहले त्योहार लोहड़ी एवं मकर संक्रांति को लेकर जिला चंबा के सभी क्षेत्रों के बाजारों में अच्छी खासी रौनक देखने को मिली। इस दिन छोटे बच्चे घर-घर जाकर लोहड़ी के गीत गाकर लोहड़ी मांगते हैं। बदले में लोग उन्हें मूंगफली, रेवड़ियां, गच्चक तथा नकदी इत्यादि देते हैं। यह त्योहार उत्तरी भारत के लगभग सभी राज्यों में मनाया जाता है।

जिला चंबा में जहां सोमवार को लोहड़ी मनाई गई, तो वहीं आज मकर संक्रांति को लेकर खिचड़ी का लुत्फ उठाया जाएगा। लोहड़ी पर्व लोककथाओं और पारिवारिक परंपराओं में गहराई से निहित है, इसे दशकों से फसल उत्सव के रूप में मनाया जाता रहा है। पारंपरिक रूप से कृषि पर निर्भर परिवारों के लिए महत्वपूर्ण, लोहड़ी भरपूर फसल के लिए आभार व्यक्त करने का समय दर्शाती है। यह त्योहार अग्नि की पूजा से भी जुड़ा है, जो समृद्धि का प्रतीक है। लोहड़ी के बाद सर्दी कम हो जाती है और लंबे दिन शुरू हो जाते हैं, जिससे यह उत्सव और नई शुरुआत का समय बन जाता है। यह पर्व नई शुरुआत को दर्शाता है। लोहड़ी का त्यौहार को अलाव के साथ मनाया जाता है। परंपरागत रूप से इसकी तैयारी लगभग एक या दो सप्ताह पहले से शुरू हो जाती है जहां किशोर लड़के और लड़कियां अलाव के लिए उपले बनाने के लिए गाय का गोबर और टहनियां इकट्ठा करना शुरू कर देते हैं, लोहड़ी वाले दिन लोग नए कपड़े पहनते हैं और अलाव जलाने के लिए उसके चारों ओर इकट्ठा होते हैं। लोग अलाव के सामने प्रार्थना करते हैं और उसमे तिल, मूंगफली और चूरा डालते हैं क्योंकि इन सभी खाद्य पदार्थों को लोहड़ी का प्रसाद माना जाता है। इस दिन पुरुष और महिलाएं खूब नाचते गाते हैं, जिसमें पारंपरिक गीत और भांगड़ा और गिद्दा कर के लोग अपनी खुशी जाहिर करते हैं। लोग एक-दूसरे को लोहड़ी की शुभकामनाएं देते हैं। इसके आलावा लोहड़ी के दिन, स्वादिष्ट भोजन पकाया जाता है जिसमें मुख्य रूप लोहड़ी विशेष भोजन 'सरसों का साग' और 'मक्की की रोटी' और खीर, आटे के लड्डू के साथ-साथ कई अन्य व्यंजन बनाए और खिलाए जाते हैं।

# दिव्य ज्योति जागृति संस्थान ने की विशेष सभा



नूरपुर। दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा बोड में नारी सशक्तिकरण के संदर्भ में एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। इसमें साध्वी लक्ष्यप्रीता भारती ने बताया कि सबसे पहले यह जानना जरूरी होगा कि आखिर यह नारी सशक्तिकरण होता क्या है? नारी सशक्तिकरण का अर्थ है कि किसी भी नारी की क्षमता को उस स्तर तक ले जाना, जहां पर वह अपनी भीतर विलुप्त हुई शक्ति का प्रगटीकरण करने में सक्षम हो सके। साध्वी ने बताया कि इसमें कोई शक नहीं है कि आधुनिक समाज में नारी ने प्रगतिशीलता को प्राप्त किया है, लेकिन अभी भी समाज में कुछ महिलाओं की ऐसी सोच है कि पैसा ही चाहिए और वो पति की आय से हो ही जाता है। आज नारी बच्चों का पालन-पोषण, घर की संभाल अपना धर्म समझती है, किंतु अगर हम आत्ममंथन करें तो यह कार्य शायद पशु-पक्षी भी कर रहे हैं। भगवान ने अगर नारी को जन्म दिया है, तो उसे अपने से ऊपर उठकर सोचना होगा। कहने का मतलब नारी का सशक्तिकरण ब्रह्मज्ञान से ही संभव है, क्योंकि ज्ञान ही वह शक्ति है, जो उसका भीतर से निर्माण करती है। (अनंत ज्ञान)

# प्रो. नंद लाल गर्ग के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्त असिस्टेंट कमीश्नर टू डिप्टी कमीश्नर चंबा रम्या चौहान के पिता प्रो. नंद लाल गर्ग के निधन पर हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया को-ऑर्डीनेटर/ पैनेलिस्ट व प्रदेश अध्यक्ष हिमाचल इंटरेगेटड मेडिकल एसोसिएशन आयुस डॉक्टर दिनेश कुमार ने गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि संगीत के क्षेत्र में प्रो. नंद लाल गर्ग के अमूल्य योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने शोक-संतप्त परिवार के प्रति संगठन की तरफ से गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए संगीत के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति बताया।

# लंबित कार्यों को मिशन मोड पर करें पूरा: हेमराज बैरवा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



जिला कांगड़ा में प्लानिंग के तहत स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा को लेकर सोमवार को उपायुक्त कार्यालय में बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने विभिन्न विभागों से प्लानिंग के तहत स्वीकृत कार्यों का सिलसिलेवार ब्योरा लिया।

उन्होंने विभिन्न विभागों से आए अधिकारियों को प्लानिंग के तहत लंबित कार्यों को मिशन मोड में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा प्लानिंग के तहत विभिन्न विकास कार्यों के लिए आवंटित धनराशि को लेकर सभी विभागीय अधिकारियों को सात दिन के भीतर उपयोगिता सर्टिफिकेट पोर्टल पर जमा करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी यूटेलाइजेशन सर्टिफिकेट को एमआईएस पोर्टल के माध्यम से भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्लानिंग के तहत चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की नियमित समीक्षा करें ताकि सभी कार्यों को समयबद्ध पूरा किया जा सके।

## सूडोकु 0043 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 0042 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

14 जनवरी, 2025, मंगलवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** पौष, **तिथि** प्रतिपदा (3:24): **नक्षत्र** पुनर्वसु (10:18), **पक्ष :** कृष्ण **योग :** विष्कुम्भ (2:58) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:09-12:51), **राहुकाल** (03: 07 -04:26)।

## विशेष दिन

- 14 जनवरी: मकर संक्रांति।
- 14 जनवरी : धनु मलमास पूर्ण होगा ।
- 14 जनवरी : कुंभ का प्रथम शाही स्नान।

**मेषः** माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। किसी के बहकाने से सपने संबंध तोडने से बचें। पैर में चोट लग सकती है। समाज में नाम आपका होगा।

**वृषभः** समय रहते जरूरी कार्य पूरे करें। निजी जीवन में दूसरों को प्रवेश न दें। पिता के व्यवहार से मन मुटाव होगा। जीवनशैली में परिवर्तन के योग है।

**मिथुनः** सोचे कार्य समय पर होने से मन प्रसन्न रहेगा। अपने वाक् चातुर्य से सभी काम आसानी से करवा लेंगे। कार्यस्थल पर अपनी अलग पहचान स्थापित करेंगे।

**कर्कः** व्यस्तता के कारण सेहत को न भूलें। अपने जीवनसाथी से नम्रता से बात करें और आपके दोनों के वार्तालाप में स्नेह झलके। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह :** वित्तीय लाभ प्राप्त हो सकते हैं और नई साझेदारी भी होने की संभावना है। लेकिन बढ़े हुए व्यय के कारण साझेदारी में कुछ समस्याएं पनप सकती है।

**कन्या :** अधिकारियों के साथ अपने संबंधों के मामले में कठिन समय का सामना करना पड़ सकता है। बॉस पर हावी होने की कोशिश न करें।

**तुलाः** सामान्य रूप से लोगों के साथ आपके संबंध बेहतर होंगे और आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। यह अवधि निवेश प्रयासों के लिए भी परिपक्व है।

**वृश्चिकः** साझेदारी से आपके लिए बेहतरीन प्रोत्साहन मिल सकते हैं, जो आपकी वित्तीय स्थिति को काफी मजबूत कर सकते हैं। आलस्य से बचकर रहें।

**धनु :** वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा है। निवेश और बचत की योजनाएं भी बन जाएंगी। दिन की शुरुआत आनंदप्रद रहेगी।

**मकर :** वित्तीय मामले बिना किसी बाधा के आसानी से आगे बढ़ेंगे। जिसे आप किसी काम का नहीं समझते थे, आज वही आप के कार्यों में सहभागी बनेगा।

**कुंभ :** क्षमताओं का प्रदर्शन करने के लिए पर्याप्त अवसर मिलेंगे। राजनेताओं को नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। आज आपका दिन मध्यम है।

**मीन :** समय से पहले और भाग्य से ज्यादा किसी को नहीं मिलता। अपनी बारी का इंतजार करें। संतान के सहयोग से कार्य पूरे होंगे।

# परागपुर लोहड़ी उत्सव में स्थानीय कलाकारों की अनदेखी का आरोप

### विधायक बिक्रम ठाकुर को भी नहीं मिला निमंत्रण

**शिवम शर्मा, परागपुर**

परागपुर में इस बार आयोजित राज्य स्तरीय लोहड़ी उत्सव में जहां बालिका आश्रम की बच्चियों के प्रदर्शन को लेकर उम्मीदें हैं, वहीं इस आयोजन को लेकर स्थानीय कलाकारों और नेताओं में नाराजगी भी देखने को मिल रही है। खासकर, स्थानीय कलाकारों की उपेक्षा और क्षेत्रीय विधायक को निमंत्रण न दिए जाने को लेकर विवाद छिड़ गया है। यह उत्सव प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देने और कलाकारों को मंच प्रदान करने का एक बेहतरीन अवसर होता है, लेकिन इस बार प्रशासन ने कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं, जिनसे क्षेत्रीय लोगों में असंतोष व्याप्त है।

उत्सव में भाजपा विधायक बिक्रम सिंह ठाकुर को भी नहीं बुलाया गया। इस कारण सियासत भी गर्माना शुरू हो गई है।

# संजय चौहान ने दी लोहड़ी की बधाई

**अनंत ज्ञान, डरोह।** सलोह में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी, कांग्रेसी सदस्यों, कार्यकर्ताओं व आम जन को संबोधित करते हुए संजय सिंह चौहान ने बधाई दी तथा सभी के साथ सामुहिक तौर पर इस पर्व की सांकेतिक पहचान खिचड़ी का आनन्द लिया। चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि लोहड़ी का त्योहार धार्मिक दृष्टि से धन, समृद्धि, और खुशहाली का प्रतीक माना जाता है। साथ ही लोहड़ी का त्योहार सर्दियों के अंत और बसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक भी होता है । संजय सिंह चौहान ने आगे कहा कि लोहड़ी का त्योहार किसानों का त्योहार है।

# शाहपुर आईटीआई में आयोजित प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेले में 4 युवाओं का चयन

**कोहली, शाहपुर**

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शाहपुर में सोमवार को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यातिथि आईएमसी मेंबर प्रदीप बलौरिया ने किया। उन्होंने बताया कि इसमें देश की विभिन्न- विभिन्न कंपनियों ने भाग लिया। इसमें एम टी ऑटो क्राफ्ट बद्दी (सोलन) तथा स्वराज इंजन लिमिटेड (मोहाली) जैसे मल्टी नेशनल कंपनियों ने युवाओं को मौका दिया।

उन्होंने बताया कि इन कंपनियों में 12 अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाई, जिसमें चार अभ्यर्थियों का अप्रेंटिसशिप के लिए चयन हुआ। यह अभ्यर्थी जल्द ही कंपनियां में अपनी सेवाएं देंगे। इस मौका पर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शाहपुर के प्रधानाचार्य इंजीनियर चैन सिंह राणा तथा धर्मशाला आईटीआई के प्रधानाचार्य आर के पुरी भी मौजूद रहे। शाहपुर आईटीआई के प्रधानाचार्य इंजीनियर चैन सिंह राणा ने बताया कि इसमें बच्चे ट्रेनिंग के साथ कमाई भी करते है। उनका स्किल डेवलप होता है। उन्हें देश और विदेश के कंपनियों में काम करने का अनुभव मिलता है। संस्थान बच्चों के प्लेसमेंट के लिए हमेशा जॉब मेला का आयोजन करते रहती हैं, ताकि बच्चे बेरोजगारी के गर्त से रोजगार की तरफ बढ़ें सके। (अनंत ज्ञान)

**अवहेलना** कांगड़ा जिले में बाहरी लोग 'पॉलिथीन हटाओ' नारे को दिखा रहे ठेंगा

# अपनों पर लगाम, बाहरी राज्यों के लोग बेलगाम

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

पॉलिथीन हटाओ पर्यावरण बचाओं प्रदेश सरकार का यह नारा जिला कांगड़ा में नाकाम साबित हो रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा क्षेत्र के अपने लोगों को पॉलिथीन प्रयोग करने को लेकर पाबंदी तो लगा दी है, मगर दूसरे प्रदेशों से आने वाले लोगों पर यह पाबंदी धूल फांकती नजर आ रही हैं।

जिला प्रशासन द्वारा भी ऐसे लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिसके चलते लोग बिना खौफ के जिले में पॉलिथीन का प्रयोग करते हुए देखे जा सकते हैं। जिला कांगड़ा के कई क्षेत्रों में इन दिनों दूसरे प्रदेशों से फेरी लगाकर कपड़ा बेचने वाले भारी संख्या में घूमते हुए देखे जा सकते हैं जो कपड़ों को पॉलिथीन बैगों में डालकर बेच रहे हैं। जिला के धर्मशाला, कांगड़ा, पालमपुर, नगरोटा बंगवा, मैक्लोडगंज व ग्रामीण इलाकों सहित बस अड्डों पर दूसरे प्रदेशों के लोगों को सरेआम पॉलिथीन का प्रयोग देखा जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

## सब्जी मंडियों में भी सरेआमहो रहा इस्तेमाल

**कांगड़ा** के सब्जी मंडियों में भी पॉलिथीन का प्रयोग सरेआम किया जा रहा है। पॉलिथीन के बड़े-बड़े लिफाफों में सब्जी को पैक कर एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजा जा रहा है, जबकि दूसरें प्रदेशों से भी पॉलिथीन के बीच सब्जियां व फल मंडियों में पहुंच रहे हैं। लोगों में अब इस बात को लेकर भारी रोष देखने को मिलने लगा है कि पॉलिथीन का प्रयोग न करने के लिए सरकार द्वारा प्रदेश के लोगों पर लगाम तो लगा दी गई है मगर दूसरे प्रदेशों से आने वाले लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। वह इसकी सूचना विभाग को दे।

## क्या कहते हैं डीसी

**इस** संबंध में जिला उपायुक्त हेमराज बैरवा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि अगर प्रदेश से बाहर के लोगों द्वारा फेरी लगाकर कपड़ा बेचते हुए पॉलिथीन का प्रयोग किया जा रहा है तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता को भी चाहिए कि अगर कोई बाहरी व्यक्ति सरकार के आदेशों तथा उनके पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है, तो वह इसकी सूचना विभाग को दे। उस पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

इस देश को लेकर मेरी एक दृष्टि है। ऐसा भारत जो भूख, भय, निरक्षरता और अभाव से मुक्त हो। -अटल बिहारी वाजपेयी

## संपादकीय

## भारत-बांग्लादेश में तनाव

जिस भारत ने पाकिस्तान से अलग करवाकर बांग्लादेश बनवाया आज वही बांग्लादेश भारत का दुश्मन बनने जा रहा है। बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस सरकार एक किस्म से भारत के खिलाफ मोर्चा खोले बैठी है। बांग्लादेश तनाव बढ़ाने का कोई मौका नहीं छोड़ रहा है। ऐसा लग रहा है कि जैसे वह भारत से जंग की तैयारी कर रहा है। दोनों देशों में यह तनाव पहले तो सीमा पर बाड़ लगाने को लेकर उत्पन्न हुआ, लेकिन जब मामला जैसे तैसे शांत हुआ तो अब इसी कड़ी में एक कदम और आगे बढ़ाते हुए बांग्लादेश की सेना बॉर्डर पर घास हटाकर गड्ढा खोदती हुई नजर आई। बांग्लादेश का आरोप है कि भारत 4,156 किलोमीटर लंबी भारत-बांग्लादेश सीमा पर पांच जगहों पर बाड़ लगाने की कोशिश कर रहा है। उसका दावा है कि यह द्विपक्षीय समझौते का उल्लंघन है। यह समझौता सीमा पर गतिविधियों को नियंत्रित करता है। खुफिया रिपोर्टों की मानें तो इससे स्पष्ट है कि बांग्लादेश बॉर्डर पर गड्ढा इसलिए खोद रहा है कि वह बंकर बनाने में जुटा है।

जाहिर है बंकर तभी बनाए जाते हैं जब किसी देश के खिलाफ लड़ाई का मोर्चा खोलना हो। अगर बात सत्य है तो यह वाकई चिंता का विषय है। एक प्रमुख कारण यह है कि बांग्लादेश सरकार ने भारतीय सेना पर सीमा क्षेत्र में कथित तौर पर फायरिंग का आरोप लगाया है। इसके अलावा, दोनों देशों के बीच सीमा विवाद और जल संसाधनों के बंटवारे को लेकर भी मतभेद हैं। हाल ही में, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया है और उनसे सीमा तनाव के मुद्दे पर बातचीत की है। इसके अलावा, बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने ब्रिटिश मंत्री ट्यूलिप सिद्दीक और उनके परिवार की संपत्तियों की जांच की मांग की है, जो कि बांग्लादेश के पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के रिश्तेदार हैं।

इन घटनाओं से यह स्पष्ट होता है कि भारत और बांग्लादेश के बीच संबंधों में तनाव काफी आगे तक निकल गया है। हालांकि, यह भी महत्वपूर्ण है कि दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत बनाने के लिए बातचीत और समझौते के प्रयास किए जाएं। भारत और बांग्लादेश के बीच संबंधों में बढ़ते तनाव के बीच भारतीय विदेश मंत्रालय ने बदलती परिस्थितियों पर चर्चा के लिए बांग्लादेश के उप-उच्चायुक्त नुरुल इस्लाम को तलब किया था। बांग्लादेश बनाने में भारत का योगदान बहुत महत्वपूर्ण था। 1971 में बांग्लादेश का जन्म दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक घटनाओं में से एक थी। भारत ने बांग्लादेश की स्वतंत्रता की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। भारतीय जनता, सरकार और सशस्त्र बलों ने बांग्लादेश की स्वतंत्रता की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। भारत ने बांग्लादेश को सैन्य सहायता प्रदान की थी, जिससे पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई में बांग्लादेश को महत्वपूर्ण सफलता मिली थी। इसके अलावा, भारत ने बांग्लादेश को आर्थिक और मानवीय सहायता भी प्रदान की थी। भारत ने बांग्लादेश के शरणार्थी शिविरों में सहायता प्रदान की थी और बांग्लादेश के पुनर्निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। दोनों देशों के बीच मजबूत मित्रता है। दोनों देशों को मिल बैठकर इस मसले को जल्द से जल्द सुलझा लेना चाहिए।

बॉर्डर पर दो देशों में झगड़े किसी भी सूरत में उचित नहीं हैं। यह न केवल दोनों देशों के बीच संबंधों को खराब करता है, बल्कि यह स्थानीय लोगों के जीवन को भी प्रभावित करता है। भारत और बांग्लादेश के बीच सीमा विवाद और जल संसाधनों के बंटवारे को लेकर मतभेद हैं, लेकिन इन मुद्दों का समाधान बातचीत और समझौते के माध्यम से निकाला जा सकता है। इसके अलावा, बॉर्डर पर झगड़े से व्यापार और आर्थिक गतिविधियों पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। भारत और बांग्लादेश के बीच व्यापारिक संबंध बहुत मजबूत हैं और दोनों देशों को एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करने से फायदा हो सकता है। इसलिए, बॉर्डर पर झगड़े की बजाय दोनों देशों को बातचीत और समझौते के माध्यम से अपने मतभेदों का समाधान निकालना चाहिए। उम्मीद है सीमा उप उपजे विवाद को दोनों देश सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाकर सुलझा लेंगे। यह तनाव दोनों देशों के बीच संबंधों के लिए एक चुनौती है। देखना होगा कि दोनों देश कैसे इस मुद्दे को सुलझाते हैं। सीमा पर शांति और सुरक्षा बनाए रखना दोनों देशों के हित में है।

### आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## महावीर चक्र से सम्मानित भारतीय सेना अधिकारी

**ब्रिगेडियर** राजेंद्र सिंह भारतीय सेना में एक अधिकारी थे। वह स्वतंत्र भारत में 'महावीर चक्र' पाने वाले वीर जांबाजों में से एक थे। उन्हें तत्कालीन सेना प्रमुख फील्ड मार्शल केएम करिअप्पा द्वारा मरणोपरांत महावीर चक्र से सम्मानित किया गया था। देश की आजादी के बाद पाकिस्तान सेना ने कबायलियों के साथ मिलकर 'आपरेशन गुलमर्ग' के तहत कश्मीर पर कब्जा करने की तैयारी कर ली थी। पांच हजार सैनिकों के इस मंसूबे को ब्रिगेडियर राजेंद्र सिंह ने अपने सत्तर साथियों के साथ अंतिम सांस तक लड़कर नाकाम कर दिया। इस असाधारण वीरता की गवाही देने के लिए 27 अक्तूबर, 1947 को देश से जम्मू-कश्मीर की विलय के दिन महाराजा की फौज के इन सिपाहियों में से 30 सैनिक ही जिंदा बचे थे। ब्रिगेडियर राजेंद्र सिंह का जन्म जम्मू शहर के बगूना गांव में हुआ था। इनके पिता सूबेदार लखा सिंह, जो जम्मू-कश्मीर की सेना में नौकरी करते थे। राजेंद्र सिंह के दादा जी ने भी सेना में अपनी सेवाएं दी थीं। यहीं से वीरता और बलिदान राजेंद्र सिंह के खून में आए। पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने अपने परिवार की सेना में भर्ती होने की परंपरा को आगे बढ़ाने का फैसला किया। उन्हें 14 जून 1921 को जम्मू-कश्मीर सशस्त्र बल में कमीशन मिला। मई 1942 में वह ब्रिगेडियर के पद तक पहुंच गए और 25 सितंबर 1947 को जम्मू-कश्मीर बलों के चीफ ऑफ स्टाफ बन गए। भारत अंग्रेजों से आजाद तो हुआ, लेकिन देश के बंटवारे ने दंगा-फसाद और बढ़ा दिया था। सांप्रदायिकता की आग ने जम्मू-कश्मीर को भी अपनी लपटों में ले लिया। ब्रिगेडियर राजेंद्र सिंह को मरणोपरांत देश के 'महावीर चक्र' से सम्मानित किया गया। फील्ड मार्शल केएम करिअप्पा ने 30 दिसंबर सन 1949 को जम्मू संभाग में बगूना सांबा के इस सपूत की वीर पत्नी रामदेई को सम्मानित किया था।



ब्रिगेडियर राजेंद्र सिंह
जन्म : 14 जनवरी, 1899
बलिदान : 27 अक्तूबर, 1947

### कविता

## शुकर है आई बरखा रानी



राजेंद्र पालमपुरी


*शुकर है आई बरखा रानी खूब है बरसा झमझम पानी*
*कितनी तूने देर लगा दी सबको याद करा दी नानी*
*शुकर है आई बरखा रानी.........*
*ठिठुर ठिठुरते लोग कांपते जरा सा चलते और हांफते*
*हो गई ठंड थी बड़ी सयानी शुकर है आई बरखा रानी.........*
*धौलाधार भी चमक उठी है जैसे चांदी दमक उठी है*
*अब बहुतेरा होगा पानी शुकर है आई बरखा रानी........*
*नई कोंपलें लगीं हैं खिलने फूलों से सब लगीं हैं मिलने*
*जैसे राजा हो और रानी शुकर है आई बरखा रानी.........*
*शरम से सूरज कहीं छिपा है दो दिन से वह नहीं दिखा है*
*लेकिन देखो लगती हमको बरखा की यह ऋतु सुहानी*
*शुकर है आई बरखा रानी खूब है बरसा झमझम पानी*
*कितनी तूने देर लगा दी सबको याद करा दी नानी*
*शुकर है आई बरखा रानी शुकर है आई बरखा रानी*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# युवाओं के विकास में ही छिपा है देश का विकास



भारत लोकतांत्रिक देश है यह बहुधार्मिक बहुजाति वाला देश है। यही इसकी दुनिया में अलग पहचान कराती है कि यहां बहुत जाति बहुधार्मिक बहुभाषी लोग एक साथ रहते हैं सबके सुख-दुख में भागीदार होते हैं सब एक परिवार की तरह रहते हैं। किसी देश के विकास में आज युवाओं की भूमिका बहुत बड़ी है औसतन तीस से चालीस प्रतिशत युवा हर देश में विकास में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। वह कोई भी क्षेत्र हो हर जगह युवा है। किसी भी देश का विकास उसके युवा शक्ति और संख्या पर निर्भर करता है। हम कह सकते हैं युवा आज देश के संरचनात्मक और कार्यात्मक ढांचा है।



लेखक : डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक

प्रत्येक राष्ट्र के तरक्की का आधार उसकी युवा पीढ़ी होती है जिसकी उपलब्धियों से उस राष्ट्र का विकास होता है। किसी राष्ट्र का भविष्य युवाओं के सर्वांगीण विकास में निहित होता है। युवा ही आज राष्ट्र के निर्माण में सर्वोच्च भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। युवाओं में समाज और क्षेत्र शामिल होता है जो एक राष्ट्र के लिए नए भाग्य का निर्माण करता है। आज देश में युवाओं की स्थिति काफी दयनीय होती जा रही है। कारण इसके बहुत हैं। हर पहलू पर ध्यान दिया जाए, तो समस्या ही समस्या है। कहने को भारत युवाओं का देश है जहां दुनिया के सबसे ज्यादा युवा रहते हैं, परंतु अगर हम युवाओं के रोजगार पर बात करें, तो भारत में ही आज अस्सी प्रतिशत युवा बेरोजगारी के दंश से ग्रसित और विक्षिप्तता की स्थिति में जीवन जी रहे हैं। वह बेरोजगार होकर समाज परिवार पर एक बोझ की तरह है। भारत में सरकारी विश्वविद्यालयों महाविद्यालयों और तकनीकी विश्वविद्यालय के साथ-साथ निजी शिक्षा संस्थानों की बाढ़ से बहुत लोग शिक्षित होने लगे और हर शिक्षित युवाओं को सफेद कालर जाब की इच्छा होने लगीं हम कह सकते हैं जितने अधिक शिक्षित हो रहे हैं उतने ज्यादा बेरोजगार होने की संभावना भी बढ़ रही है। 2021 में भारत की आबादी में 27 प्रतिशत युवाओं की है। देश में हर साल सत्तर से अस्सी लाख युवा रोजगार के लाइन में खड़ा हो रहा है या खड़ा है। भारत के साथ-साथ पूरी दुनिया में कोविड 19 के बाद ही रोजगार के अवसर बहुत कम हो रहे हैं आखिर यह क्या और क्यों हुआ कोविड 19, ने जहां लोगों को मौत दिया वहीं वह रोजगार के बढ़ते अवसर को कम कैसे कर दिया या यह कोई वैश्विक साजिश हो रही है कि आज के युवाओं को बेरोजगार रखा जाए। यह एक सवाल है जिसका उत्तर आज नहीं कल मिलेगा। आज हर देश के साथ भारत में गुणवत्ता वाला रोजगार भी कम उपलब्ध है।

2022 में युवाओं में बेरोजगारी दर माध्यमिक और उच्च शिक्षा वाले व्यक्तियों की तुलना में गुना अधिक है (18,4 प्रतिशत) और (29 प्रतिशत )स्नातकों में नौ गुना अधिक थी, जबकि पढ़ लिख नहीं सकने वाले युवाओं में बेरोजगारी दर 3,4 प्रतिशत है। वर्ष 2024 में समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में 8,2 प्रतिशत विकास दर की वृद्धि के साथ भारत दुनिया में तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। भारत में बेरोजगारी दर तेजी से बढ़ रही है जो सात प्रतिशत से बढ़कर 9,2 प्रतिशत हो गई है। भारत का 80 प्रतिशत कार्यबल अनियंत्रित अर्थव्यवस्था में काम करता है। यह भारतीय रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट में बताया गया है। भारत का अधिकांश कार्यबल ग्रामीण क्षेत्रों में है जो बेरोजगारी के रूप दर्ज नहीं होता है। आज भारत का युवा बेरोजगारी का खामियाजा भुगत रहा है। बेरोजगारी की समस्या दिन-प्रतिदिन विकराल होती जा रही है और सरकार उदासीन होती जा रही है। भारत में एक वर्ष में विभाग 55000 अर्धसैनिकों ने सेवानिवृत्त ले लिया है फिर भी भर्ती नहीं हो रही है। भारत के बेरोजगार स्नातक युवाओं के विरोध-प्रदर्शन ने भारत की संसद को कुछ समय के लिए विधित करने में किताबी हासिल की । प्रदर्शनों ने लंबे समय से चली आ रही उन क्षतमाम समस्याओं को उजागर किया, जिसका सामना युवा शिक्षित काम खोजने की कोशिश करते समय करते हैं। यदि वर्तमान अर्थ व्यवस्था हर साल बाजार में प्रवेश कर रहे लाखों स्नातक युवाओं के लिए रोजगार का अवसर उपलब्ध नहीं करा सकता है तो यह अर्थव्यवस्था देश को कभी भी विकसित राष्ट्र नहीं बना सकता है। कारण अर्थव्यवस्था बढ़ रही है तो रोजगार भी बढ़ना चाहिए, परंतु आंकड़ों में अर्थव्यवस्था बढ़ रही है और रोजगार गुणात्मक कम होता जा रहा है यह कैसे। आईएलओ की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत स्नातकों को बिना अनौपचारिक शिक्षा के रहने वालों की तुलना में अधिक बेरोजगारी का सामना करना पड़ रहा है।

युवा बेरोजगारी दर जैसे-जैसे शिक्षा का दर बढ़ रहा वैसे-वैसे बढ़ रहा है। स्नातक डिग्री या उससे अधिक शिक्षित लोगों में बेरोजगारी दर बहुत तेजी से बढ़ रहा है। आज भारत में 25 आयु वर्ष के 70 प्रतिशत स्नातक ही सबसे अधिक बेरोजगारी है, जबकि इसी आयुवर्ग मे मात्र 11 प्रतिशत लोग हैं जो केवल साक्षर हैं। यदि यह सच है कि भारत की अर्थ व्यवस्था सात प्रतिशत की दर से बढ़ रही है तो यह साल 12 मिलियन नौकरियां पैदा करनी होगी जो असंभव लग रहा है। भारत एक विचित्र स्थिति में है कहा जा रहा है अर्थव्यवस्था में विकास हो रहा है और नौकरियां नहीं पैदा हो रही है यह कौन सा नया सूत्र है समझ से बाहर है जब भी अर्थव्यवस्था तेजी से विकसित होगी तो रोजगार भी बढ़ेगा पर यहां तो उल्टी गंगा बह रही है विकास तेजी से हो रहा पर रोजगार ही कम हो रहा है। आज भारत में एक और समस्या है जो बेरोजगारी के बढ़ते दर के कारण पैदा हो गई है। शहरों से गांव तक लूट फरेब जिसमें युवा ही शामिल हैं कारण बस एक बेरोजगारी।

नशा गांव से शहर तक बढ़ रहा है जिसमें सबसे ज्यादा युवा है वह भी बेरोजगारी का कारण है। कुछ युवाओं ने सोशल मीडिया यू ट्यूब को रोजगार बना लिया है तरह-तरह के वीडियोज बना रहे हैं पर कितने सफल है यह अभी सवाल के घेरे में है तो कुछ युवा राजनीतिक दल में अपना भविष्य देखने लगे हैं पर राजनीति में वही युवा है जिनके घर के लोग पहले से है या फिन नव धनाढ्य वर्ग अब राजनीति को अपने लिए सुरक्षित और विकास का माडल बनाया है वह अपने धन बल पर पार्टी में पद और टिकट ले रहे हैं और अपने व्यापार को राजनीति की छाया में बेरोकटोक आगे बढ़ा रहे हैं अगर वास्तव में सरकार देश के युवाओं में राष्ट्र का भविष्य देख रही है तो देश में एक शिक्षा अनेक नौकरी के साथ पुलिस और कानून को सरल बनाएं। न्याय तुरंत हो और हर तरह का टैक्स कम हो नहीं। तो प्रतिभाएं पलायन करेगी। भाषणों से युवाओं में राष्ट्र प्रेम नहीं जगाया जा सकता है। असली प्रतिभाएं जब देश की पलायन कर जाएगी, तो बस ठंडा उठाने वाले झंडा लेकर चलने वाले और मंदिर मस्जिद पर वोट देने वाले ही युवा देश में रहेंगे। जो सब दंगे में शामिल होकर भीड़ ही बनेंगे कोई गोली से मरेगा को लाठी से। वैज्ञानिक अभियंता डॉक्टर सब देश छोड़कर कहीं और जीवन की जीवन जिएंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

### नजरिया

# बढ़ती जनसंख्या एक विस्फोट, जिम्मेदार कौन?

देश में बढ़ती जनसंख्या चिंता का सबब बनती जा रही है। देश के लोगों को आज जनसंख्या को नियंत्रित करने का संकल्प लेना होगा। जनसंख्या नियंत्रण से हर आदमी को रोटी, कपड़ा, मकान मिल सकता है इस पर मंथन करना चाहिए, ताकि हर आदमी को रोटी नसीब हो सके। प्रतिवर्ष जनसंख्या दिवस पर लोगों को जागरूक किया जाता है। सेमिनार लगाए जाते हैं रैलियां निकाली जाती है। मगर एक दिन के दिवस से जनसंख्या को रोकना नाकाफी है।

नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को जनसंख्या से हो रही मुश्किलों से अवगत कराया जाता है। मगर लोगों के सिर जूं तक नहीं रेंगती। जनसंख्या के बढ़ते काफिले को रोकना होगा। सरकारों द्वारा जनसंख्या के बढ़ते सैलाब को रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियानों पर करोड़ों रुपया खर्च किया जाता है। देश में जनसंख्या बढ़ती ही जा रही है। जनसंख्या रोकने के लिए सरकारों के प्रयास विफल होते जा रहे हैं।



लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

लोगों द्वारा मनमानी की जा रही है। सरकार जनसंख्या को रोकने के लिए कई अभियान चला रही है। हम दो हमारे दो का नारा दिया गया, मगर किसी ने भी इस पर अमल नहीं किया। लड़के की चाह में आधा दर्जन तक बच्चे पैदा कर लिए। आज लड़का-लड़की में भेदभाव किया जा रहा है। आज सब बराबर है। अगर छोटा परिवार होगा तो हर आदमी सुखी जीवन जी सकता है। कुछ मनमानी करने वालों ने क्रिकेट की टीमें पैदा कर दी है। आज जनसंख्या का विकराल रूप होता जा रहा है।



आज हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। बढ़ती जनसंख्या एक बहुत ही खतरनाक विस्फोट है। आज कोरोना महामारी ने हर मानव को संकट में डाल दिया है। जनसंख्या को नियंत्रित करना होगा, ताकि हर मानव को रोटी कपड़ा और मकान व स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं मिल सके। आज विश्व में बेरोजगारी का मुख्य कारण जनसंख्या ही है। एक पद के लिए लाखों लोग प्रयास कर रहे हैं।

आबादी बढ़ती जा रही है और साधन घटते जा रहे हैं। अस्पतालों में बेतहाशा भीड़ है। इलाज नहीं मिल रहा है। इलाज के अभाव में लोग दम तोड़ रहे हैं। दवाइयां नहीं मिल रही है। भोजन नहीं मिल रहा है। जनसंख्या ही मूल कारण है। परिवार नियोजन जैसे नारों का उलंघ्घन किया जा रहा है। नसबंदी व नलबंदी जैसे अभियान चलाए जा रहे हैं। नसबंदी के बाद भी बच्चे पैदा होने के मामले सामने आते हैं।

जनसंख्या के दुष्परिणाम का सामने आ रहे हैं। कुपोषण व भूखमरी के कारण लाखों लोग काल के गाल में समाते जा रहे हैं। बढ़ती जनसंख्या से समस्याएं पैदा होती रहेगी। जनसंख्या पर लगाम लगानी होगी। हर आदमी को रोटी, पानी व सुविधाएं तब मिल सकती है जब हम सब मिलकर कदम बढ़ाएंगें। लोगों को जागरूक किया जाए, ताकि आने वाले समय में इस पर रोक लग सके। बढ़ती जनसंख्या एक अशुभ संकेत है। संकल्प लेना होगा। बढ़ती आबादी के संकट को रोकना होगा। बेकाबू हो रहे इस काफिले को जनसंख्या को काबू करना होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

### अपनी बात

**नशीने पदार्थों** का सेवन करने वालों को जेलों में भरकर तथा पुनर्वास केंद्रों में भेजकर भी इस विकराल समस्या का समाधान नहीं होने वाला है। समाज में लड़ाई-झगड़े, मारपीट, चोरी, डकैती, ठगी, अत्याचार, अनाचार, बलात्कार, हत्या तथा अपराधों की एक अनगिनत तथा लंबी कड़ी की शुरुआत होती है। नशे से आदमी का स्वास्थ्य, मानसिकता, बुद्धि तथा कार्य करने की ऊर्जा पर कुप्रभाव पड़ता है। नशे के खिलाफ सभी वर्गों को एक साथ चलने की आवश्यकता है। मेरे पड़ोस में एक जवान लड़के की चिट्टे की ओवरडोज से मौत हो गई है। एक ही एक बच्चा था अपने मां-बाप के। हमारे बच्चे बचपन में उसके साथ खेलते थे, बचपन में मैंने उसे मां की तरह पाला है। इस चिट्टे ने बर्बाद कर दिया।

**रमित कुमार, धर्मशाला**

# पढ़ाई व कमाई के लिए घर से दूर कमरे में रहने वाला युवा

पढ़ाई व कमाई मानव जीवन का आधार है। पहले पढ़ाई और उसके बाद कमाई किसी भी व्यक्ति के जीवन को स्थिरता प्रदान करने वाले दो प्रमुख आधार स्तंभ माने जाते है, लेकिन इसी पढ़ाई व कमाई की कहानी कुछ इस कदर अनोखी है कि कई बार ये एक युवा को अपने साथ घर-गांव से दूर ले जाती है।



लेखक : ठाकुर दीक्षित धलारिया
संधोल मंडी

वैसे तो अपनी इच्छा से घर से दूर कोन ही जाना जाता है, मगर जाना पड़ता है कई बार खुद के लिए ही। जाते समय युवा पीछे केवल अपना गांव नहीं छोड़ता, बल्कि छोड़ता है घर, परिवार, मित्र और वो यादें जिनकी वर्तमान जीवन से तुलना करता रहता है कि अभी में घर में होता, तो यह कर रहा होता वो कर रहा होता इसके या उसके साथ होता। खैर परिस्थितियों में परिवर्तन स्वाभाविक है और वैसे भी परिवर्तन तो प्रकृति का नियम है इसे हंसते-रोते जैसे भी हो समय आने पर स्वीकार करना ही पड़ता है। जब दूसरे शहर जाता है तो पहले तो वहां अजनबी होता है, मगर धीरे-धीरे एक करियाने की दुकान वाला अंकल, ढाबे वाला चाचा, कपड़े वाला, सब्जी वाला और सलून वाला भाई और साथ में दो-चार स्थानीय प्रतिदिन नमस्ते करने और स्वीकारने वाले मित्र। वो एक दुकान जहां अक्सर फ्री समय होने पर गप्पे मारने बैठना हुआ करता है। सब कुछ अपना सा लगने लगता है।

त्योहार-मेले सब यहीं मनाए जाने लगते है घर से दूर मगर घर की यादों से भरपूर। इन सब से परे एक मित्र मंडली जो उस नई जगह किसी परिवार से कम थोड़ी है। घर से फोन करके सब घर त्योहारों पर बुलाते तो है, मगर आने-जाने का खर्चा और कम अवकाश जाने की अनुमति नहीं देता ऐसे में उसी स्थान पर त्योहार भी मनाने पड़ते हैं घर वालों से दूर एक नए परिवार के बीच। फिर कभी याद आती है गांव के उन दोस्तों की भी जिनके साथ शाम को किसी निश्चित जगह मिलकर हंसी के ठहाके व गप्पे लड़ाई जाती थी वो चौबारा यादों में बार-बार याद आता है। मगर अपनी इच्छा से घर से दूर कोई कब ही जाता है ले जाती है।



पढ़ाई और कमाई। अपनों से मुलाकाते सीमित हो जाती है क्योंकि पढ़ाई व कमाई ले जाती है युवाओं को घर से दूर शहर की ओर अपने यानी पारिवारिक संबंधी मिलते है फिर कभी-कबार किसी पारिवारिक समारोह में 'तुम तो गायब ही हो गए हो कहा रहते हो आजकल' जैसे वाक्यों के साथ।

कभी मजबूरन लौटना भी पड़ता है। माता-पिता की बीमारी में सहारा बनने को। घर से दूर जब खाना बनाने लगते हैं तो घर की रसोई व मां के हाथों के खाने की याद आती है, खाना-खाने बैठते हैं तो घर वालों की कमी सी महसूस होती है, मगर क्या करें पढ़ाई व कमाई इतनी आसान तो है नहीं। भले इस राह में चुनौतियां तो अनेक है मगर आत्मनिर्भरता व निर्णय क्षमता व स्वायत्तता से भरपूर जिम्मेदारी तक पहुंचने का रास्ता यहीं से होकर गुजरता है। जहां सीखा जाता है कम पैसों में भी गुजारा करना और पैसे बचा-बचा कर जरूरतें भी पूरी करना। घर में हर चीज हाथ पर मांगने व मिलने वाले युवा कमरे में समय के प्रबंधन को लेकर चिंतित दिखते हैं।

जहां पढ़ाई, काम और निजी जीवन के बीच संतुलन बनाना कई बार मुश्किल सा होने लगता है और पैसों की कोई चिंता न करने वाले अब आर्थिक दबाव को भी महसूस करने लगते हैं जब किराया, खाने-पीने और अन्य खर्चों को पूरा करना चुनौतीपूर्ण होने की संभावना नजदीक आने लगती है। हर परिस्थिति का सामना करने का जुनून उस युवा में भर देता है जोश का ऐसा जुनून की वो युवा जीवन की हर परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार हो जाता है, क्योंकि कच्चा मिट्टी का आकार लेता घड़ा अब पककर मजबूत हो चुका है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**


## पाठकों के पत्र...

**दैनिक** अनंत ज्ञान समाचार पत्र में हिमाचल प्रदेश से जुड़ी हर छोटी बड़ी खबरों का समावेश होने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय और खेल जगत की खबरों को भी प्राथमिकता दी जा रही है। खासबात यह है कि समाचार पत्र में हर जिला की खबरें पढ़ने को मिलती है। जरूरत है तो किसान, युवा और बुजुर्गों से जुड़े विशेषांक की। जिसमें इस वर्ग से जुड़ी समस्याओं और चुनौतियों को लेकर विस्तृत जानकारियां दी जा सकती हैं। कविता, व्यंग और पुस्तकों की समीक्षा को भी समाचार पत्र में जगह दी सकती है। इसी तरह नौकरी से जुड़ी जानकारियां और प्रतियोगिता परीक्षा से जुड़ी ज्ञानवर्धक सामग्री के लिए भी कॉलम शुरू किया जा सकता है। समाचार पत्र धार्मिक, पर्यटन और स्वास्थ्य संबंधित पृष्ठों के माध्यम से पाठकों तक पहुंचाने का सार्थक प्रयास कर रहा है।



**अशोक गौतम, सोलन**
**+91 94180 70089**

**अनंत** ज्ञान जैसे दैनिक समाचार पत्र (कांगड़ा। बुधवार, 8 जनवरी 2025) में प्रकाशित संपादकीय 'नक्सलवाद जटिल समस्या' सहित खासकर ओपिनियन में छपे लेखों में कारगिल युद्ध उपरांत सेनाएं बनी सशक्त व खेल स्पर्धाओं के लिए हो योग्य खिलाड़ियों का चयन 9 जनवरी के ओपिनियन में लेख 'युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्त्रोत महान संन्यासी स्वामी विवेकानंद' बाकी सिटी ब्यूटीफुल (चंडीगढ़) तथा देश विदेश की सामग्री बेहतर लगी इसी बीच प्रवासी भारतीय दिवस वाला रंगदार छायाचित्र भी सुंदर लगा। 10 जनवरी के अनंत ज्ञान के अंक में कांगड़ा वाले पृष्ठ 4 में छपे समाचार संबंधी फोटो की क्वालिटी अच्छी नहीं लगी, लेकिन इसी पृष्ठ पर छपे निखार की सामग्री जो महिलाओं के लिए आधारित थी परिजनों को खूब पसंद आई। संपादकीय 'नौ तोड़ का जिन्न' बहुत अच्छा लगा। 11 जनवरी को कविता 'हिंदी है' अच्छी लगी। 12 जनवरी को छपी हिमाचली रंग की पूरे पृष्ठ की रंग-बिरंगी धार्मिकता एवं सांस्कृतिक भरी सामग्री मन भायी। स्पोर्ट्स वाले पृष्ठ की सामग्री मजेदार लगी। अनंत classifieds के रंग भी न्यारे लगे। 13 जनवरी को संपादक महोदय समरजीत का छपा लेख ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाना वाजिब नहीं बेहतरीन लगा। ओपिनियन में रामलाल पाठक, डॉ. कमल के प्यासा का खूब योगदान दिख रहा है। अनंत आरोग्य नए लुक में पूरा पृष्ठ देख पढ़ खुशी मिली। कृपया आगे भी रुचिकर एवं शिक्षाप्रद छापें। हां प्रतिभा सम्मान की सूचना छापकर आप अपनी अनूठी समाजसेवा एवं इंसानियत का परिचय दे रहे हैं।



**भीम बसेड़ू राजपूत**
**मंडी**

**मैं** जिला ऊना के डोहगी ग्राम पंचायत का स्थायी निवासी हूं। महोदय हमारे क्षेत्र में लावारिस और जंगली जानवरों, खासकर बंदरों की समस्या विकराल हो चुकी है। यहां मक्की और गेहूं की प्रमुख फसलें होती हैं, लेकिन कुछ मौसम की मार और रही कसर लावारिस जानवरों द्वारा पूरी कर दी जाती है। हालांकि बंदरों की समस्या के लिए वन विभाग द्वारा प्रयास किया जाता है, लेकिन समस्या का पूरा हल नहीं हो पाया है। इलाके में वाहनों की ओवर स्पीड, नशाखोरी, अवैध खनन और वन माफिया की समस्या भी यहां प्रमुख है। पुलिस ने पिछले कुछ समय से काफी हद तक इसको नियंत्रित करने में सफलता पाई है। यहां कृषि के कार्य से जुड़े लोग भी अधिक हैं। यहां लोग कृषि से जुड़े हैं इसलिए किसानों की समस्याएं भी हैं। इन समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। हमारी जानकारी पर कुछ समाचार प्रकाशित हुए भी हैं। अब तक आपका डिजिटल संस्करण नियमित पढ़ता हूं। प्रिंट भी मिल जाता है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र क्षेत्र के कई आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आपसे आग्रह है कि अगर कोई व्यवस्था हो पाए तो मरोट, चमुखा आदि क्षेत्र में समाचार पत्र पहुंचने की व्यवस्था की जाए। समाचार पत्र में रोजगार संबंधी समाचार और जानकारी होनी चाहिए।



**केसर चंद ( भुगड़ियान ऊना )**
**मो. 9805390741**

**पाठक अपने पत्र और सुझाव यहां भेज सकते हैं**
***Email : editoranantgyaan@gmail.com***
***Whatsapp no. : 88945-21702 व 80914-50407***

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# लोनिवि जोगिंद्रनगर हुआ हाईटेक सभी कमरों में लगे सीसीटीवी कैमरे

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर



**कर्मचारियों की सभी गतिविधियों पर रहेगी नजर**

लोक निर्माण विभाग जोगिंद्रनगर ने प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और कार्यप्रणाली में तेजी लाने के उद्देश्य से डिविजन के लगभग सभी कमरों में सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। यह पहल विभागीय कार्यों को सुचारू और निष्पक्ष बनाने में सहायक सिद्ध होगी।

लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता जयपाल नायक ने बताया कि इन सीसीटीवी कैमरों की मदद से अब हर कर्मचारी और आगंतुक की गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। इससे कार्यालय में बिना उद्देश्य के समय बिताने वालों पर भी लगाम लगेगी।

### विभाग को होगा कई प्रकार का लाभ

**यह** कदम न केवल प्रशासनिक व्यवस्था को बेहतर बनाएगा, बल्कि कार्यालय की सुरक्षा और अनुशासन को भी सुदृढ़ करेगा। साथ ही, विभागीय कार्यों की गति और गुणवत्ता में सुधार होगा।

### धरातल पर कार्य में दिखेगा सुधार

**सीसीटीवी** कैमरों के माध्यम से विभागीय कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है। अधिकारी अब आसानी से यह सुनिश्चित कर सकेंगे कि सभी कार्य समय पर और बिना बाधा के पूरे हों। जयपाल नायक ने कहा कि इस पहल से सरकारी कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी।

### लड़ाई-झगड़ा करने वालों की पहचान में होगी सहूलियत

**कैमरों** की मौजूदगी से कार्यालय में होने वाले किसी भी विवाद या झगड़े की पहचान करना आसान होगा। विवादों की जांच में यह तकनीक मददगार साबित होगी। साथ ही, इससे विभागीय कर्मचारियों की कार्यशैली पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

# बाजारों में लोहड़ी की रौनक

अनंत ज्ञान टीम, मंडी/जोगिंद्रनगर







लोहड़ी पर्व को लेकर जिले के विभिन्न हिस्सों सहित मंडी, जोगिंद्रनगर, सरकाघाट, सुंदरनगर के बाजारों में सोमवार को जबरदस्त रौनक देखने को मिली। परंपरागत उत्साह और उमंग के साथ लोगों ने लोहड़ी की तैयारियों के लिए जमकर खरीदारी की।

बाजार में मूंगफली, गच्चक, रेवड़ी और मक्की के भुने दानों की दुकानों पर ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ी। छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर उम्र के लोग त्योहार की खुशियों में डूबे नजर आए। दुकानदारों ने बताया कि इस बार त्योहार पर बिक्री में काफी बढ़ोतरी हुई है। हर कोई अपने परिवार के लिए खास चीजें खरीदने में व्यस्त दिखा। महिलाओं ने पारंपरिक पकवानों के लिए सामग्री जुटाई, जबकि बच्चों ने लोहड़ी के गीत गुनगुनाते हुए मूंगफली और रेवड़ी का आनंद लिया।

लोहड़ी पर्व के साथ ही मंगलवार को खिचड़ी पर्व भी मनाया जाएगा। स्थानीय निवासी गोपाल शर्मा ने बताया कि यह पर्व परिवार और रिश्तेदारों के साथ खुशियां बांटने का खास मौका होता है। त्योहार की रौनक के बीच मौसम भी सर्दी का पूरा अहसास करा रहा है, जिसने उत्साह को और बढ़ा दिया है।

### चौहार व छोटा भंगाल में लोहड़ी पर्व शुरू, सात दिन तक चलेगा उत्सव

**रूपी ठाकुर, बरोट।** लोहड़ी पर्व छोटाभंगाल व चौहार घाटी में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। दोनों घाटियों में इस वर्ष लोहड़ी का पर्व का मनाने का सिलसिला लगभग एक सप्ताह के बाद 13 जनवरी को आरंभ हो गया है। 14 जनवरी को मनाई जाने वाली लोहड़ी मकर संक्रांति की 13 जनवरी की रात को घाटियों के समस्त लोग अपने घरों में कई प्रकार के स्वादिष्ट पकवान बनाकर अपने परिवार सहित खाएंगे और 14 जनवरी को मकर संक्रांति को सुबह लोग कुल देवी-देवताओं की पूजा अर्चना करने के बाद घरों में स्वादिष्ट पकवान, राजमाह व माह की खिचड़ी बनाकर सगे संबंधियों व पड़ोसियों के साथ मिल बैठकर खाने का भरपूर आनंद लेंगे। दोनों घाटियों में लोहड़ी पर्व करीब एक सप्ताह तक मनाया जाएगा। इस पर्व को लेकर छह सात दिन तक गांवों में 10 से 15 परिवार एकत्रित होकर खाने-पीने की सामग्री एक चुनिंदा घर में लाते हैं तथा गांव के सारे लोग खूब मस्ती करते हैं।

# जोगिंद्रनगर में व्यापार मंडल ने धूमधाम से मनाई लोहड़ी



लोहड़ी मनाते हुए व्यापार मंडल के सदस्य।

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

जोगिंद्रनगर में लोहड़ी पर्व धूमधाम और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। सोमवार को व्यापार मंडल के सौजन्य से स्थानीय सनातन धर्म मंदिर में इस त्योहार का आयोजन किया गया। लोहड़ी की पवित्र अग्नि में तिल, गुड़, मूंगफली और रेवड़ी अर्पित कर सुख-शांति और समृद्धि की कामना की गई।

कार्यक्रम में व्यापार मंडल के अध्यक्ष भास्कर गुप्ता, वरिष्ठ सदस्य सतवीर शर्मा, विकास और मंदिर समिति के अन्य सदस्यों ने विशेष रूप से भाग लिया। बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भी इस आयोजन में हिस्सा लिया और लोहड़ी की पवित्रता और उत्सव का आनंद उठाया। मंच से वक्ताओं ने लोहड़ी पर्व के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। भास्कर गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा, लोहड़ी हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। यह पर्व नई फसल के आगमन और समाज में एकजुटता का प्रतीक है। हमें अपनी आने वाली पीढ़ी को इस संस्कृति से जोड़ने के प्रयास करने चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन और लोहड़ी गीतों का आयोजन भी हुआ, जिसमें बच्चों और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस आयोजन ने मंदिर परिसर को उल्लास और सांस्कृतिक ऊर्जा से भर दिया।

लोहड़ी की पवित्र अग्नि में तिल चोली अर्पित करने के बाद सभी ने एक-दूसरे को लोहड़ी की शुभकामनाएं दीं।

## न्यूज ब्रीफ

### बहाव सिंचाई स्कीम की गुणवत्ता से न हो समझौता



**अनंत ज्ञान, मंडी।** खंड परियोजना प्रबंधन इकाई हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना के चरण-2 जायका मंडी द्वारा उप परियोजना बहाव सिंचाई स्कीम ठंडी बावड़ी से भड़याल का निरीक्षण डॉ. राजेश जसवाल, खंड परियोजना प्रबंधक मंडी व उनके साथ अन्य अधिकारियों ने किया। निरीक्षण के दौरान कार्य की गुणवत्ता चेक करने के लिए मौके पर स्लंप टेस्ट करवाया गया, ताकि निर्माणाधीन कूहल की गुणवत्ता में कमी न रहे और स्कीम का कार्य करवा रहे ठेकेदार व अन्य स्टाफ को भी खंड परियोजना प्रबंधक द्वारा निर्देश दिया गया कि बनाई जा रही कूहल का कार्य विभाग द्वारा बनाई गई डीपीआर के अनुसार हो व गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं होना चाहिए। इस निरीक्षण के दौरान डॉ. हंसराज, कृषि विकास अधिकारी व शलैंदर, निर्माण अभियंता भी साथ थे।

### घरेलू गैस सिलेंडर की बिक्री दरें निर्धारित

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला दंडाधिकारी मंडी अपूर्व देवगन ने मंडी जिला में कार्यरत विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से घरेलू उपभोक्ताओं को प्रदान किए जाने वाले रसोई गैस सिलेंडर की बिक्री दरें निर्धारित करने संबंधी अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना के अनुसार गैस एजेंसियों द्वारा 14.2 किलोग्राम, 10 किलोग्राम तथा 5 किलोग्राम के रसोई गैस सिलेंडर की आपूर्ति निर्धारित दरों पर ही की जा सकेगी। अधिसूचना के अनुसार प्रत्येक गैस वितरक उपभोक्ताओं के दूरभाष या व्यक्तिगत अनुरोध पर रिफिल बुक करना भी सुनिश्चित करेंगे। इसके अतिरिक्त प्रत्येक गैस वितरक जिला दंडाधिकारी द्वारा निर्धारित दर, जिसमें ढुलाई भाड़ा भी शामिल है, से अधिक की राशि वसूल नहीं कर सकेगा। घर-द्वार शुल्क तभी लिया जाए जब घरेलू गेस सिलंडर उपभोक्ता के घर के अंदर दिया जाए। अधिसूचना के अनुसार गैस वितरक उपभोक्ता द्वारा गैस लीकेज संबंधी शिकायत का तुरंत निपटारा करना सुनिश्चित करेंगे। इसके अतिरिक्त प्रत्येक गैस वितरक संबंधित क्षेत्र में वितरण वाहन में लाउडस्पीकर लगाकर लोगों को इस बारे में अवगत करवाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने इसके अतिरिक्त जिला के सभी एसडीएम को भी अपने स्तर पर संबंधित क्षेत्र का रूट चार्ट जारी करने के निर्देश दिए हैं।

### शराब के अधिक सेवन से युवक की मौत

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर।** पुलिस थाना सुंदरनगर के तहत गमोहू में दोस्त के पास आए नेपाली मूल के युवक की शराब का अत्याधिक सेवन करने से मौत हो गई है। नेपाली की तबीयत खराब होने पर उसे उपचार के लिए रविवार रात अस्पताल में ले जाया गया। जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत करार दे दिया। सूचना मिलने पर सुंदरनगर थाना पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में ले लिया है और उसका मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम कराया जाएगा। जानकारी के अनुसार सुंदरनगर थाना में अस्पताल से सूचना आई की नेपाली मूल के राजू नेपाली(28) नामक युवक को तबीयत खराब होने पर उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया, लेकिन वह वहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। चिकित्सकों द्वारा प्रथम दृष्टया में मौत का कारण शराब का अत्याधिक सेवन करना बताया गया है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारण का पता चल पायेगा। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया सूचना मिलने पर पुलिस थाना सुंदरनगर सूचना मिलने पर शव को कब्जे में लेकर अधीन धारा 194 भारतीय न्याय संहिता कार्यवाही शुरू कर दी है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### चोरी किए गए टायर पुलिस ने किए बरामद

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सदर थाना पुलिस द्वारा चोरी किए गए टायर बरामद करने का मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार विजय कुमार पुत्र बृज लाल गांव बिजनी (ढलवान) डाकघर बिजनी तहसील सदर जिला मंडी गाड़ियों के पुराने टायरों को खरीदने व बेचने का काम करता है। इसके पिता बृज लाल भी काम में सहयोग करते हैं। दुकान से बाहर एक पिकअप नंबर एचपी 31ए 9033 थी, जिसमें चोरी किए हुए टायर थे। पिकअप चालक ने पिकअप को स्टार्ट किया और मंडी की तरफ चल पड़ा। चेक करने पर स्टोर किए हुए टायरों के ढेर से बड़ी छोटी गाड़ियों के टायर चोरी होना पाए गए।

# कोठुवां व सोहर की टीम ने जीते मैच

अनंत ज्ञान, सरकाघाट



प्रतिभागियों को सम्मानित करने के दौरान व सामूहिक चित्र में खिलाड़ी।

संधोल में चल रहे खेल महाकुंभ 3.0 के तहत चल रही वॉलीबॉल प्रतियोगिता के आज दूसरे दिन काफी रोमांचक मुकाबले हुए, जिसमें दो बड़े सेमी फाइनल ओर फाइनल हुआ। पहला सेमीफाइनल कोठुआं व घनाला के बीच पांच सेट का हुआ जिसने कोठुवां ने कड़े संघर्ष के बाद 3-2 से जीता।

वहीं दूसरा सेमीफाइनल दत्तवाड व सोहर के बीच हुआ जिसे सोहर की टीम ने आसानी से जीत लिया। फाइनल मैच सोहर ओर कोठुआं के बीच संघर्ष भरे मैच में यहां की स्थानीय टीम सोहर ने जीता। विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ साथ 11000 नकद राशि सहित 5100 रुपए मुख्यातिथि ने दिए। वहीं उपविजेता टीम कोठुआं पंचायत को 5100 रुपए के साथ ट्रॉफी व मुख्य अतिथि ने 5100 रुपए अलग से दिए, वहीं तीसरे स्थान पर रही घनाला पंचायत को 3100 रुपए व ट्रॉफी के साथ साथ अलग से 5100 रुपए नकद इनाम दिए गए। इस मौके पर मुख्यातिथि जिला भाजपा प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी रजत ठाकुर ने विजेता टीम को ट्रॉफी व नकद राशि प्रदान की।

इस सांसद खेल महाकुंभ में समूचे धर्मपुर मंडल से सत्रह टीमें भाग लेने पहुंची है जिनमें धर्मपुर, छत्रेण, सरस्कान, बारल, स्योह, सोहर, जायंट घनाला, संधोल, कून, ओल्ड इज गोल्ड सोहर, दत्तवाड, वीसी सोहर, सरौन, कोठुवां क्लब, कोठुवां ब्रदर्स तथा सोहर टाइगर्स की टीमें भाग रही हैं।

अवसर पर पर संधोल पंचायत के प्रधान कुलदीप सिंह बीडीसी प्रवीण कुमार, ग्वेला पंचायत प्रधान पंकज कुमार, पूर्व भाजपा मंडलाध्यक्ष राजेंद्र मांढोत्र, जिला किसान मोर्चा के सचिव एसके भंडारी, कर्नल खेम चंद, बीडीसी अध्यक्ष एवं पूर्व संधोल पंचायत प्रधान कुमकुम इत्यादि मौजूद रही।

# 'युवाओं को नशे से दूर रखती हैं खेलें'

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



बैडमिंटन प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते हुए।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एवं खेलो भारत बलद्वाड़ा इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती व राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य पर बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया। यह प्रतियोगिता कला मेमोरियल पब्लिक स्कूल बतैल में आयोजित की गई।

मुख्यातिथि ताराचंद ठाकुर ने कहा कि खेल युवाओं को न केवल शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाता है, बल्कि उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से भी दूर रखता है। उन्होंने कहा कि आज का युवा नशे की ओर आकर्षित हो रहा है और खेलों के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि नशा युवाओं की ऊर्जा और क्षमता को नष्ट करता है और समाज के विकास में बाधा डालता है।

कार्यक्रम अध्यक्ष रवि राणा युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद ने हमेशा युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित किया। उनका जीवन हमें सिखाता है कि सही दिशा और सकारात्मक सोच से हर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इस प्रकार के आयोजनों से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलता है, बल्कि मानसिक विकास और टीम वर्क की भावना भी मजबूत होती है। विशिष्ट अतिथि राहुल चौहान ने राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस हमें स्वामी विवेकानंद के विचारों और आदर्शों को आत्मसात करने का अवसर देता है। इस प्रतियोगिता में कई टीमों ने भाग लिया और शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

इस दौरान विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार भी दिए गए। वहीं प्रथम स्थान पर वंश और मोहित की टीम रही इसी के साथ दूसरे स्थान पर कारणदीप और मोहित की टीम रही।

### न्यायिक हिरासत पर भेजा आरोपी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर थाना के दल द्वारा 495 ग्राम चरस के साथ धरे गए आरोपी संदीप कुमार (26) पुत्र लाल सिंह निवासी गांव कमालपुर डाकघर बगथाला जिला रेवाड़ी हरियाणा को अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

आरोपी का दो दिन का रिमांड सम्पात होने पर उसे सोमवार को अदालत में पेश किया गया। जहां पुलिस पूछताछ शेष न होने के कारण अदालत ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश दिये है। गौरतलब है कि पुलिस ने निगम की बस में 495 ग्राम चरस के साथ हिरासत में लिया था।

# हारे कांग्रेसी नेता बल्ह के विकास में रोड़ा : इंद्र सिंह

आदर्श, नेरचौक



जानकारी देते हुए बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी व साथ हैं अन्य।

बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी ने पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी व एपीएमसी अध्यक्ष संजीव गुलेरिया पर बल्ह के विकास कार्यों में बाधा डालने का आरोप जड़ा है। विधायक ने कहा कि जनता द्वारा हारे नकारे व ऊपर से थोपे गए कांग्रेस नेता बल्ह के विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के दो साल के शासनकाल में बल्ह में कोई विकास नहीं हुआ है। बल्कि उल्टा भाजपा कार्यकाल में बजट के साथ जिन योजनाओं को धरातल पर उतारने की शुरुआत की गई थी। वे भी अधूरी पड़ी हुई हैं। 2 करोड़ 33 लाख बजट के साथ बस स्टैंड रिवालसर का हमने शिलान्यास करवाया था मगर इसका कार्य भी अधर में लटका हुआ है।

ऐसे दर्जनों उदाहरण है जो कांग्रेस के इन नेताओं की नकारात्मक सोच को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रकाश चौधरी बताएं कि 20 साल सत्ता सुख भोगते हुए आपने कितनी सड़कों और कितने पुलों का निर्माण करवाया। इंद्र सिंह गांधी ने कहा कि मैंने बल्ह के लिए 18 सड़कों का निर्माण करवाया। कलखर रति सड़क के लिए 26 करोड़ रुपए की केंद्र से मंजूरी करवाई।

गांधी ने कहा कि प्रदेश सरकार कर्ज पर कर्ज ले रही है। 2022 से कांग्रेस ने 87 होते ही ठेकेदारों की पेमेंट पर पाबंदी लगा दी है ठेकेदारों के बिल पास नहीं हो रहे हैं और वे भी कर्ज में दबते जा रहे हैं। इस दौरान भाजपा रिवालसर मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र राणा, नेरचौक (बल्ह) मंडल के अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर तथा मीडिया प्रभारी पवन भी मौजूद रहे।( अनंत ज्ञान)

# देवभूमि क्षत्रीय संगठन एवं सवर्ण मोर्चा के मोहिंद्र पाल बने महासचिव



अनंत ज्ञान, बालीचौकी

देवभूमि क्षत्रीय संगठन एवं सवर्ण मोर्चा द्वारा स्थापना दिवस कुनिहार में मनाया गया। इस मौके पर संगठन द्वारा प्रदेश स्तरीय बैठक का भी आयोजन किया गया।

संगठन के प्रमुख रूमित सिंह ठाकुर द्वारा अनेकों संगठन के सदस्यों को नवीन दायित्वों के साथ नवाजा गया। सराज क्षेत्र से महासचिव पद के लिए मोहिंद्र पाल, कोषाध्यक्ष प्रेम लाल और सलाहकार नोक सिंह को चुना गया। संगठन के प्रमुख रूमित सिंह ठाकुर, सराज मंडल अध्यक्ष जयसिंह ठाकुर और तुलेश कुमार ठाकुर द्वारा सभी को नवीन दायित्व हेतु बधाई दी।

# लोहड़ी पर वृद्ध आश्रम देहरी में करवाया कवि सम्मेलन

भीम बसेड़ू, महादेव



वृद्ध आश्रम देहरी में सम्मेलन में कविता पाठ करते हुए कवि।

जानी मानी साहित्यिक संस्था हिम साहित्य परिषद मंडी द्वारा लोहड़ी पर्व के अवसर पर सुंदरनगर के दहरी स्थित वृद्ध आश्रम के अध्यक्ष पदम चंद गुलेरिया की उपस्थिति में एक बहुभाषी कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद अध्यक्ष डॉ. पीसी कौंडल द्वारा की गई और सेवामुक्त एडीसी दर्शन कालिया ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

कवि सम्मेलन में वृद्ध आश्रम की कर्मियों रेखा व उनकी सहेलियों ने लोहड़ी के मीठे गीत सुनाए वहीं रतन लाल शर्मा ने हास्य-व्यंग्य सुनाकर श्रोताओं को हंसने पर मजबूर कर दिया। इसके साथ ही उत्तम चंद शर्मा ने नशे को लेकर अपनी कविता पढ़ी और साहित्यकार मुरारी शर्मा ने जिंदगी का मर्म समझाया।

नवोदित कवयित्री हरपिंद्र कौर ने जीवन जीने की कला समझाई तो सुरेंद्र मिश्रा ने हंसते मुस्कुराते हुए जीवन जीने का संदेश दिया। डॉ. एम किशोर ने अपने जीवन के अनुभव सुनाए। जितेश शर्मा ने घर में नए व पुराने लोगों को साथ मिलकर आगे बढ़ने की सलाह अपनी मंडयाली रचना के माध्यम से दी। डॉ. राकेश कपूर ने पहाड़ी कठोर जीवन पर प्रकाश डाला। कवि भीम सिंह ने सर्द सच शीर्षक से कविता सुनाकर सियाचिन में तैनात फौजियों का ठिठुरता जीवन बयान किया। (अनंत ज्ञान)

# बालीचौकी और जंजैहली में खोले जाएं विश्वकर्मा प्रशिक्षण केंद्र

नूतन ठाकुर, बालीचौकी

ओबीसी मोर्चा सराज के मंडल अध्यक्ष वीर सिंह भारद्वाज ने विश्वकर्मा योजना के प्रशिक्षण केंद्र सराज विधानसभा क्षेत्र के बालीचौकी व जंजैहली में विश्वकर्मा प्रशिक्षण केंद्र खोलने की मांग की है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर व विश्वकर्मा योजना के प्रदेश संयोजक महेंद्र धर्माणी से इस बारे सरकार से पक्ष रखने की बात की है। विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत प्रदेश में सबसे अधिक पंजीकरण सराज विधान क्षेत्र में किया गया है। वीर सिंह भारद्वाज ने कहा कि उन्होंने विश्वकर्मा योजना का प्रचार प्रसार सराज मंडल के 25 ग्राम केंद्र में किया है।

उन्होंने कहा कि लोगों का प्रशिक्षण आईटीआई सुंदरनगर व आईटीआई मंडी व आईटीआई कमांद में हुआ है। उन्होंने कहा कि सराज विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं के यह प्रशिक्षण मंडी, सुंदरनगर, कमांद इत्यादि स्थानों पर करवाए जा रहे हैं। महिलाओं की समस्या को देखते हुए बालीचौकी में प्रशिक्षण केंद्र खोला जाए व तहसील थुनाग के लोगों के लिए जंजैहली में प्रशिक्षण केंद्र खोला जाए।(अनंत ज्ञान)

### कुफरी में चिकित्सा शिविर कल

**कविता, पधर।** विवा केयर सुंदरनगर द्वारा नि:शुल्क चिकित्सक शिविर का आयोजन 15 जनवरी को ग्राम पंचायत कुफरी में किया जा रहा है। ग्राम पंचायत कुफरी के उपप्रधान ओम प्रकाश ठाकुर ने बताया कि इस शिविर में मेडिसिन विभाग, नेत्र रोग विशेषज्ञ, शल्य चिकित्सक व दंत चिकित्सक इस शिविर में अपनी सेवाएं देंगे।

जिन लोगों के कार्ड है उनके टेस्ट फ्री रहेंगे वे लोग अपने कार्ड अवश्य लेकर आएं। ओम प्रकाश ठाकुर ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के लोग समय पर इलाज नहीं करवाते हैं जिससे, कई बीमारियां लग जाती है।

# गंगूराम मुसाफिर को मिलनी चाहिए सरकार में बड़ी जिम्मेदारी : चमन राही

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



गंगूराम मुसाफिर को उपहार भेंट करते हुए चमन राही।

अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही के नेतृत्व में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गंगूराम मुसाफिर को उनके आवास में लोहड़ी पर्व के उपलक्ष्य पर उपहार भेंट कर शुभकामनाएं दी। इस मौके महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने कहा कि मंडी जिला के सध्याणी के निकट दलित बस्ती पाथा में जन्में गंगूराम मुसाफिर ने राजनीतिक क्षेत्र में बुलंदियां छूते हुए पूरे प्रदेश का मान बढ़ाया है।

चमन राही ने कहा कि इनका सबसे बड़ा योगदान यह रहा कि इन्होंने पहली बार हिमाचल प्रदेश में थ्री टायर सिस्टम लागू किया था।

वहीं सन्नी ईप्पन अध्यक्ष पूर्व अल्पसंख्यक विभाग मंडी, सद्दीक मोहम्मद संयोजक मुस्लिम समुदाय, कर्मसिंह सैनी पिछड़ा वर्ग संयोजक, हरिचंद गोयल प्रजापति कुंभकार सभा प्रदेशाध्यक्ष, पूर्व यशवंत गुलेरिया पूर्व प्रदेश सेवादल सचिव हिमाचल प्रदेश मांग करते हैं कि इन्हें सरकार के बोर्ड और निगमों में बड़ी जिम्मेदारी देनी चाहिए।

## आस्था — लडभड़ोल के सिमस गांव में स्थित है अजियापाल देवता का प्राचीन मंदिर

# अजिया पाल देवता हैं सिमस गांव के रक्षक

अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर

अजिया पाल देवता की अनेकों कथाएं प्रचलित हैं। अगर बात करें तो अजियापाल देवता से जुड़े बहुत से मंदिर हिमाचल प्रदेश के मंडी व कांगड़ा जिलों के पधर, जोगिंद्रनगर, लडभड़ोल, चौहारघाटी, छोटा व बड़ा भंगाल क्षेत्रों में स्थापित हैं।

स्थानीय लोग अपने-अपने तरीकों व आस्था के चलते अजिया पाल देवता की पूजा-अर्चना करते हैं। कहते हैं कि जोगिंद्रनगर उपमंडल की ग्राम पंचायत सिमस में भी अजियापाल देवता से जुड़ा एक ऐसा मंदिर है जिसका इतिहास काफी प्राचीन है। गांव सिमस की सबसे ऊंची पहाड़ी जिसे अजियापाल के नाम से भी जाना जाता है, यहां पर अजियापाल देवता जी का पवित्र स्थान मौजूद है।

गांव के बड़े बुजुर्गों का कहना है कि अजियापाल देवता की ग्रामीण पुरातन समय से ही पूजा करते रहे हैं। बुजुर्ग कहते हैं कि आज से 25-30 वर्ष पूर्व तक गांव में सौंझी जातर यानि की सभी ग्रामीण मिलकर मई व जून माह में सामूहिक जातर का आयोजन किया करते थे। स्थानीय ग्रामीण पूरे संतान दात्री मां शारदा (सिमसा) के अलावा अजिया पाल देवता की पूजा अर्चना करते थे।( अनंत ज्ञान)



### नया मंदिर किया स्थापित

**अजिया** पाल गांव के रक्षक हैं तथा किसानों की अच्छी फसल के साथ-साथ जान माल की सुरक्षा करते हैं। यह प्रथा प्राचीन समय से ही जारी रही है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से जातर न होने के चलते मंदिर उपेक्षा का शिकार हो गया था। ग्रामीणों के प्रयासों से इसका जीर्णोद्धार कर एक नया मंदिर स्थापित किया है।

### सिमस बस स्टैंड से 30 मिनट का रास्ता

**अजिया** पाल के इस पवित्र स्थान से एक तरफ जहां हमीरपुर, सुजानपुर, जयसिंहपुर, चढ़ियार, मां आशापुरी, संधोल, धर्मपुर, सरकाघाट इत्यादि क्षेत्रों को देखा जा सकता है तो वहीं दूसरी ओर बर्फ से ढकी धौलाधार पर्वत शृंखला का नजारा बरबस ही अपनी ओर आकर्षित करता है। इसके अलावा बैजनाथ, संपूर्ण लडभड़ोल क्षेत्र, भभौरी धार, मां चतुर्भुजा का भी खूबसूरत नजारा यहां से देखा जा सकता है।समस बस स्टैंड से महज 25 से 30 मिनट की खड़ी चढ़ाई चढ़कर पैदल ही पहुंचा जा सकता है।

# लोहड़ी का त्योहार जीवन में नई ऊर्जा का करता है संचार

अभिषेक, जोगिंद्रनगर



लोहड़ी पर्व मनाने के दौरान बच्चे व साथ हैं अन्य।

दयानंद भारतीय पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल जोगिंद्रनगर में सोमवार को लोहड़ी पर्व मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रांगण में हवन किया गया, जिसमें बच्चों, स्कूल प्रबंधन समिति और स्टाफ सदस्यों ने आहुतियां डालीं।

कार्यक्रम के दौरान स्कूल के चेयरमैन ओम मरवाह और प्रधानाचार्य राजेश डोगरा ने उपस्थित लोगों को लोहड़ी की बधाई दी। उन्होंने इस पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोहड़ी का त्यौहार हमारे जीवन में नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार करता है। उन्होंने सभी को यह संकल्प लेने का आह्वान किया कि अपने कार्यों और विचारों से किसी का अहित न करें। इस अवसर पर जनरल सेक्रेटरी विजय जमवाल, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य अशोक सूद और कृष्ण शर्मा, स्कूल अधीक्षक आरके पठानिया और अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# बंगाणा के लोहड़ी पर्व को मिला जिला स्तरीय दर्जा

## मुख्यातिथि विधायक विवेक शर्मा ने की घोषणा, लोहड़ी पर्व पर हिमाचल के प्रसिद्ध गायक धीरज ने नचाया पंडाल

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

लोहड़ी के पावन पर्व पर और बंगाणा प्रशासन द्वारा एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि विवेक शर्मा ने परंपरागत रूप से तिल, गुड़, रेवड़ी, गजक और मूंगफली की अग्नि में आहुति देकर की। इस मौके पर विधायक विवेक शर्मा ने क्षेत्रवासियों को लोहड़ी की शुभकामनाएं दीं और आयोजकों को ऐसे भव्य आयोजन के लिए बधाई दी।

कार्यक्रम में विशेष रूप से नवविवाहित जोड़ों को बुलाया गया। नवविवाहित जोड़ों के द्वारा इस कार्यक्रम को खास बनाया गया। जोड़ों ने अग्नि के चारों ओर परंपरागत चक्कर लगाते हुए सुखी वैवाहिक जीवन की कामना की। इसके पश्चात माननीय विधायक विवेक शर्मा के द्वारा नवविवाहित जोड़ों को उपहार में मूंगफली और रेवड़ी दी गई। इसके लिए उन्होंने ने विधायक विवेक शर्मा का आभार व्यक्त किया।

बंगाणा लोहड़ी उत्सव बड़े धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया। यह उत्सव न केवल पारंपरिक रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का प्रतीक है, बल्कि यह क्षेत्र के लोगों को एक साथ लाने का भी एक माध्यम है। इस बार का आयोजन बेहद खास रहा, जिसमें प्रसिद्ध गायक धीरज शर्मा ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया और स्थानीय विधायक विवेक शर्मा ने अपने विचारों से जनता को प्रेरित किया।



बंगाणा में लोहड़ी के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में थिरकते विधायक विवेक शर्मा और अन्य गणमान्य(

लोहड़ी उत्सव के मंच पर जब धीरज शर्मा ने कदम रखा, तो पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। अपने सुरों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने वाले धीरज शर्मा ने एक के बाद एक लोकगीत और लोकप्रिय गाने प्रस्तुत किए। उनकी गायकी ने न केवल युवाओं, बल्कि बुजुर्गों को भी झूमने पर मजबूर कर दिया।

धीरज ने पारंपरिक लोकगीतों के साथ-साथ बॉलीवुड के प्रसिद्ध गानों को भी अपनी आवाज में प्रस्तुत किया, जिसने हर आयु वर्ग के लोगों का दिल जीत लिया। धीरज शर्मा ने 'सुंदर मुंदरिए' जैसे पारंपरिक गीतों से शुरुआत की, जो लोहड़ी के उत्सव की पहचान है। इसके बाद उन्होंने 'पंजाब की मिट्टी' पर आधारित एक गाना प्रस्तुत किया, जिसने क्षेत्रीय संस्कृति और परंपराओं को जीवंत कर दिया। धीरज की आवाज में वह जादू था, जिसने हर किसी को अपने साथ जोड़े रखा। उन्होंने एक संदेश भी दिया कि सांस्कृतिक उत्सव न केवल मनोरंजन का साधन हैं, बल्कि ये हमारे इतिहास और परंपराओं को सहेजने का भी जरिया हैं।

इस भव्य आयोजन के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक विवेक शर्मा थे, जिन्होंने अपने भाषण में क्षेत्र के विकास और सांस्कृतिक संरक्षण की बातों को प्रमुखता दी। विवेक शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि लोहड़ी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह हमारी संस्कृति और सामूहिकता का प्रतीक है। ऐसे उत्सव हमें हमारी जड़ों से जोड़ते हैं और समाज में एकता और भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। विधायक ने अपने क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि सरकार ने बंगाणा क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में कई अहम कदम उठाए हैं। उन्होंने स्थानीय युवाओं को शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित किया। अपने भाषण के दौरान विधायक ने महिला सशक्तिकरण पर भी जोर दिया और कहा कि समाज तभी प्रगति कर सकता है, जब महिलाओं को समान अवसर और अधिकार दिए जाएं। उन्होंने सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का जिक्र किया, जिनका लाभ विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं को मिलेगा।

हिमाचली गायक धीरज शर्मा और विधायक विवेक शर्मा ने यारा तेरी यारी फिल्मी गाने से मंच पर खूब समय बांधा और पंडाल से खूब वाहवाही लूटी। वहीं, स्थानीय कलाकारों ने भी मंच पर अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधा। भांगड़ा जैसे पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए गए, जो लोहड़ी के उत्सव का मुख्य आकर्षण हैं। बच्चों ने भी रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें उन्होंने लोहड़ी की कहानी और इसके महत्व को रेखांकित किया। आयोजन स्थल को पारंपरिक ढंग से सजाया गया था, जिसमें लोहड़ी की आग और उसके चारों ओर जमा हुई भीड़ ने इस उत्सव को जीवंत बना दिया। लोगों ने गुड़, रेवड़ी, मूंगफली और मक्की की रोटी के साथ सरसों का साग का आनंद लिया, जो इस पर्व की खासियत है।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर विधायक की पत्नी मृदु शर्मा, प्रदेश कांग्रेस सचिव देशराज मोदगिल, प्रदेश कांग्रेस सचिव देशराज गौतम, कार्यकारी अध्यक्ष विवेक मिंका, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा, तहसीलदार बंगाणा अमित शर्मा, थाना प्रभारी रोहित चौधरी, खंड विकास अधिकारी सुशील कुमार, जोगिंद्र आर्य, विपिन कुमार, अजय कुमार के साथ विभिन्न पंचायतों से प्रधान, उपप्रधान, पंचायत सचिवों के साथ भारी संख्या में स्थानीय जनता उपस्थित रही। (अनंत ज्ञान)

### स्थानीय कलाकारों ने भी बांधा समां

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध हिमाचली गायक धीरज शर्मा और मोहित गर्ग की शानदार प्रस्तुति रही। उनकी सुरीली आवाजों ने न केवल दर्शकों को झूमने पर मजबूर किया, बल्कि पूरे कार्यक्रम को संगीतमय बना दिया। इसके अलावा, स्थानीय कलाकारों ने अपनी गायन और नृत्य प्रतिभा से सभी का दिल जीत लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्रीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और समाज में संस्कृति व परंपराओं के महत्व को उजागर करना था, जो पूरी तरह से सफल रहा। बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने कार्यक्रम में भाग लेकर इसका आनंद उठाया।

## महेंद्र पाल गुर्जर ने संभाला नगर निगम ऊना के आयुक्त का कार्यभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** ऊना के अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) महेंद्र पाल गुर्जर ने सोमवार को नवगठित नगर निगम ऊना के प्रथम आयुक्त के रूप में कार्यभार संभाला। इस अवसर पर उन्होंने आयुक्त के तौर पर अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट करते हुए कहा कि नए नगर निगम के वार्डों की पहचान, वार्डबंदी, और मतदाता सूचियों की तैयारी प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी, ताकि निगम के चुनाव समय पर और सुचारू रूप से संपन्न हो सकें।



गुर्जर ने कहा कि नगर निगम का संचालन मानक प्रक्रियाओं के अनुरूप सुनिश्चित करने के लिए अभी से कार्य आरंभ कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करना, सीवरेज से संबंधित समस्याओं का समाधान और शहर के सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, बरसात के दौरान शहर में पानी निकासी से जुड़ी समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए गहन विचार-विमर्श कर एक व्यापक योजना तैयार की जाएगी। उल्लेखनीय है कि अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर को सरकार द्वारा नगर निगम ऊना के प्रथम आयुक्त के रूप में अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। इस संबंध में शुक्रवार देर सायं अधिसूचना जारी की गई थी।

### वशिष्ट पब्लिक स्कूल में रही लोहड़ी के पर्व पर धूम




अनंत ज्ञान, ऊना। वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में लोहड़ी का त्योहार बड़ी ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें प्रधानाचार्य ने लोहड़ी पर्व के महत्व और उसकी सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डाला। विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सामूहिक रूप से इस त्योहार का आनंद उठाया। स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ट ने लोहड़ी को प्रज्वलित कर बच्चों को आशीर्वाद दिया। प्रधानाचार्य दीपक कौशल व सभी शिक्षकों ने लोहड़ी की अग्नि में मूंगफली व रेवड़ियां डालकर कामना की। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को मूंगफली और रेवड़ियां वितरित की गई। स्कूल के अध्यक्ष सतपाल वशिष्ट ने सभी को लोहड़ी और मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं और छात्रों को जीवन में हमेशा सत्य और परिश्रम के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

## भंजाल में फुटबाल टूर्नामेंट 16 से 19 जनवरी तक

**सुदीप सरोच, मुबारिकपुर।** फुटबाल शिवालिक कमेटी भंजाल द्वारा फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है, जो 16 जनवरी से 19 जनवरी तक शिवालिक स्टेडियम अपर भंजाल में शुरू होने जा रहा है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से फुटबाल टीमें में भाग ले रही है। इसमें विनर अप टीम को 6100 हजार रुपए व रनर अप 5100 व ट्रॉफी दी जाएगी। यह जानकारी फुटबाल शिवालिक कमेटी के प्रधान राजेश ठाकुर व बिट्टू लाला और अनुराग ठाकुर ने दी। (अनंत ज्ञान)

## डिप्टी डायरेक्टर हायर एजुकेशन ऊना को लेक्चरर संघ ने दी बधाई

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के प्रांतीय संगठन एवं प्रेस सचिव राजन शर्मा, राज्य उपाध्यक्ष विकास रतन, जिला प्रधान देवेंद्र सिंह बेली, महासचिव शशि सैनी ने अनिल कुमार को बतौर डिप्टी डायरेक्टर हायर एजुकेशन ऊना का कार्यभार संभालने के लिए बधाई दी है।

## चाचा-चाची पर लगाया मारपीट का आरोप

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** थाना सुजानपुर में एक लड़की निवासी गांव खडोला डा. चरोट, तहसील सुजानपुर ने शिकायत दर्ज करवाई है कि उसके चाचा संजीव व चाची मनीषा ने उसकी दादी के साथ मारपीट की है। सुजानपुर थाना के प्रभारी राकेश धीमान ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

# श्रद्धालु ने मां चिंतपूर्णी को पहनाया 100 ग्राम सोने का मुकुट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चिंतपूर्णी**

विश्व प्रसिद्ध मां चिंतपूर्णी मंदिर में एक भक्त ने सोने का छत्र चढ़ाया है। यह छत्र रविवार को किसी श्रद्धालु द्वारा चढ़ाया गया था और इसका वजन सोमवार को किया गया। इस छत्र का वजन 100 ग्राम लगभग दस तोले बताया जा रहा है। दानी ने अपने नाम गुप्त रखा है।

मंदिर अधिकारी अजय मंडयाल ने बताया कि माता चिंतपूर्णी के दरबार में दान करने की परंपरा बहुत पुरानी है। कई भक्त माता रानी के दरबार में सोना, चांदी और अन्य कीमती वस्तुएं चढ़ाते हैं। उन्होंने बताया कि सोने का छत्र चढ़ाने वाले भक्त की पहचान नहीं की गई है, लेकिन यह जरूर है कि उन्होंने माता रानी के दरबार में अपनी श्रद्धा और भक्ति का प्रदर्शन किया है।

माता चिंतपूर्णी मंदिर में हर साल लाखों भक्त आते हैं और माता रानी के दरबार में अपनी अर्जी लगाते हैं। यह मंदिर हिमाचल प्रदेश के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है और यहां की भक्ति और श्रद्धा का अनुभव करने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं।

### विधानसभा अध्यक्ष ने भरी मां चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने माता चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी भरकर सुख समृद्धि की कामना की। पुजारी नभ कालिया ने वैदिक मंत्रों का उच्चारण कर पूजा-अर्चना करवाई और हवन पूजन भी करवाया गया। इस मौके पर एसडीएम सचिन शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष को माता रानी की फोटो भेंट की। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि माता रानी के दरबार में हाजिरी भरकर उन्होंने देश और प्रदेश की खुशहाली की प्रार्थना की है। उन्होंने कहा कि माता रानी के आशीर्वाद से ही हमारा देश और प्रदेश समृद्धि की ओर बढ़ सकता है।



### चिंतपूर्णी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़

दशकों बाद यह पहला अवसर है जब लोहड़ी के त्योहार पर विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ चिंतपूर्णी में भीड़ नहीं दिखेगी। मकर संक्रांति और लोहड़ी के पर्व में एक दिन के अंतर ने यह फर्क डाला है। प्रत्येक वर्ष लोहड़ी के रोज हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते रहे हैं। रविवार के बाद सोमवार लोहड़ी के दिन चिंतपूर्णी मंदिर में ज्यादा भीड़ नहीं दिखी। जानकारी के मुताबिक रविवार को कड़ाके की ठंड में मात्र छह हजार श्रद्धालुओं ने माता चिंतपूर्णी मंदिर में हाजिरी भरी। दूसरी ओर रात के समय हुई बरसात के बाद मौसम काफी ठंडा हो जाने से भी श्रद्धालुओं की संख्या पर असर दिखा। चंद मिनटों में ही दर्शन कर भक्त लौट गए। मंदिर के ही सूत्रों ने बताया कि रविवार को छह हजार के करीब श्रद्धालु माता चिंतपूर्णी की पावन पिंडी के दर्शन करने के लिए पहुंचे। मंदिर अधिकारी अजय मंडियाल ने बताया कि रविवार को माता के दर्शनों के लिए लगने वाली लाइनें नदारद थीं। बारिश का भी असर रहा।

# युवाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



सड़क सुरक्षा को लेकर शपथ लेते लोग और विभाग के कर्मचारी।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिले में परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा समिति के साथ मिलकर डिफेंस अकादमी ऊना में सेना में भर्ती के लिए ट्रेनिंग ले रहे बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए एक सेमिनार आयोजित किया गया।

इसमें शिमला से आए डिप्टी पुलिस अधीक्षक ने बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। परिवहन विभाग के अधिकारी ने बताया कि विभाग द्वारा एक से लेकर 31 जनवरी तक यह सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है।

इसमें युवाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है क्योंकि कोई भी व्यक्ति जब सड़क पर वाहन लेकर निकलता है तो उसको सड़क के रूल रेगुलेशन के प्रति जानकारी होना बहुत ही जरूरी है, इसलिए युवाओं को सुरक्षा के प्रति सेमिनार आयोजित कर सड़क सुरक्षा के प्रति जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

# डॉ. सुमित को मिला 'नेशनल एक्सीलेंस अवॉर्ड'

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

टांडा मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय संस्था बेटियां फाउंडेशन द्वारा नेशनल एक्सीलेंस अवाड्र्स 2025 का आयोजन किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि आर एस बाली अध्यक्ष पर्यटन विभाग, बॉलीवुड सेलिब्रिटी दीपशिखा नागपाल, बॉलीवुड सिंगर मन्नत नूर आदि उपस्थित रहे।

समारोह में देश और प्रदेश के कोने-कोने से अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन और समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया। हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर भोरंज के होम्योपैथिक डॉक्टर सुमित पुन्याल को भी नेशनल एक्सीलेंस अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें समाज को स्वास्थ्य और होम्योपैथी के प्रति जागरूक करने के लिए प्रदान किया गया। डॉ. पुन्याल प्रदेश के प्रतिष्ठित होम्योपैथिक डॉक्टर हैं, जो पिछले 10 वर्षों से होम्योपैथी के क्षेत्र में सेवाएं दे रहे हैं। वे प्रदेश के लोगों को होम्योपैथी के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ देने के साथ-साथ स्वास्थ्य और होम्योपैथी के प्रति जागरूक भी कर रहे हैं।



कार्यक्रम में अवॉर्ड प्राप्त करते डॉ. सुमित।

डॉ. सुमित पुन्याल स्वास्थ्य और होम्योपैथी की जागरूकता अलग-अलग एनजीओ, विभिन्न संगठनों, शिक्षण संस्थानों, आईसीडीएस और पंचायत स्तर पर कर रहे हैं। उनके द्वारा किए गए कार्यों को पिछले साल भी कई संस्थाओं ने सराहा। आशा किरण संस्थान ने उन्हें प्रदेश स्तरीय सम्मान 'हिमालयन श्री' 2024 से नवाजा, वहीं हिमाचल एकता मंच ने उन्हें 'हिमाचलो री शान' 2024 स्टेट अवॉर्ड प्रदान किया। यह सम्मान डॉ. पुन्याल को उनकी कड़ी मेहनत और होम्योपैथी के प्रति जुनून के कारण संभव हो पाया है। वे सेवा भाव से प्रदेश के लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर रहे हैं और उन्हें यह समझाने का प्रयास कर रहे हैं कि अच्छी जीवनशैली अपनाकर स्वस्थ जीवन जिया जा सकता है। डॉ. सुमित पुन्याल ने यह सम्मान मिलने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि मैं इस सम्मान को अपने माता-पिता और उन सभी लोगों को समर्पित करता हूं, जिन्होंने मेरा मार्गदर्शन और सहयोग किया। मेरा उद्देश्य होम्योपैथी को हर व्यक्ति की पहली पसंद बनाना है।

यह एक प्राकृतिक और सौम्य चिकित्सा पद्धति है, जो न केवल बीमारियों का इलाज करती है, बल्कि उनके मूल कारणों को भी दूर करती है और इसका शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं होता। उन्होंने कहा कि होम्योपैथी केवल उपचार का माध्यम नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी पद्धति है, जो व्यक्ति को संपूर्ण स्वास्थ्य प्रदान करती है। (अनंत ज्ञान)

## स्कूटी सवार को बुलेट ने मारी टक्कर बुजुर्ग की मौत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 72 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। सोमवार शाम को उपमंडल अंब के नकड़ोह में रेलवे स्टेशन के पास स्कूटी और बुलेट मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर में यह हादसा हुआ। मृतक की पहचान कुनेरन निवासी जोगिन्द्र सिंह पुत्र संगत राम के रूप में हुई है। हादसे के समय वह अपनी पत्नी निर्मला देवी के साथ स्कूटी पर रेलवे स्टेशन की ओर जा रहे थे, जैसे ही वह स्टेशन की तरफ मुड़ने लगे, मुबारिकपुर से आ रहे बुलेट सवार प्रिंस ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। क्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों पर सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल दौलतपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने जोगिन्द्र सिंह को मृत घोषित कर दिया। एसएचओ अंब गौरव भारद्वाज के अनुसार, पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेज दिया है और मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन ऑफ ऊना के आयुक्त को दी बधाई



नगर निगम आयुक्त को बधाई देते गणमान्य लोग।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना को नगर निगम का दर्जा मिलने के बाद जिला कांग्रेस गदगद है। हाल ही में नगर निगम के लिए बतौर कमिश्नर नियुक्त होने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एडीसी ऊना महेंद्र पाल गुर्जर को बधाई दी है।

सोमवार को जिला कांग्रेस के पूर्व महासचिव एवं युवा नेता वरुण पुरी की अगुवाई में एडीसी से भेंट की। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि ऊना नगर निगम बनने के बाद वह स्थानीय विकास को गति देंगे, साथ ही नगर निगम में शामिल हुए ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को भी चार चांद लगेंगे। वरुण पुरी ने कहा कि प्रदेश सहित ऊना के विकास के लिए प्रदेश कांग्रेस सरकार प्रतिबद्ध है। ऊना को नगर निगम बनाने की मांग को पूरा कराने के लिए पूर्व विधायक सतपाल रायजादा को श्रेय जाता है। वरुण ने कहा कि करोड़ों का खर्च नगर निगम के हर गांव में नई इबारत लिखेगा।

इसके लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, ऊना सदर के पूर्व विधायक सतपाल सिंह रायजादा का धन्यवाद संपूर्ण नगर निवासी और इससे जुड़े ग्रामीण करते हैं। इस दौरान तिलक राज सैनी, विकास सैनी, प्रिंस मक्कड़, शमनीक पुरी, संदीप बेदी, लाडी सैनी, मनी सूरी, दीक्षित पुरी, महेश आंगरा उपस्थित थे ।

### ऊना में धूमधाम से मनाई लोहड़ी




ऊना में अलाव जलाकर, मूंगफली और रेवड़ी के साथ जलेबी बांटकर लोहड़ी मनाते मुख्य बाजार के व्यापारी।

## किराये के मकान से ताले तोड़कर नकदी व गहने चुरा ले गए चोर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी हमीरपुर में 12 जनवरी को अज्ञात लोगों ने घर के दरवाजे के ताले तोड़कर 5 हजार रुपए नकदी व 5 लाख रुपए के गहने चुरा लिए हैं। सदर थाना हमीरपुर में राजेश कुमार पुत्र मुंशी राम गांव देहरा डाकखाना हटवाड़ तहसील घुमारवीं जिला बिलासपुर वर्तमान निवासी मकान नंबर 63 वार्ड नंबर 8 नया नगर ने चोरी की शिकायत दर्ज करवाई है कि वे घर पर नहीं थे और इस दौरान पीछे से चोरों ने दरवाजे को तोड़कर वहां से गहने चुरा ले गए। सदर हमीरपुर के प्रभारी बाबू राम ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

**भागीदारी** हिमाचल प्रदेश से 37 प्रतिभागियों ने भारत मंडपम में आयोजित नेशनल यूथ फेस्टिवल में लिया हिस्सा

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष रखे कई अहम मुद्दे

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

केंद्रीय युवा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा माई भारत विभाग के अंतर्गत 12 जनवरी को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम परिसर में राष्ट्रीय युवा महोत्सव -2025 का आयोजन किया गया। बता दें कि संपूर्ण भारत से इस कार्यक्रम के लिए तीस लाख प्रतिभागियों ने भाग लिया था, लेकिन उनमें से केवल तीन हजार प्रतिभागी ही राष्ट्रीय युवा महोत्सव के लिये चयनीत हुए।

हिमाचल प्रदेश से भी इस कार्यक्रम के लिए 37 बच्चों का चयन हुआ था जो कि प्रदेश के लिए गौरव की बात है। प्रतिभागियों ने हिमाचल लौटने पर कहा कि भारत मंडपम में आयोजित हुए राष्ट्रीय युवा महोत्सव को वे कभी नही भूल पाएगे। उन्होंने बताया कि युवा महोत्सव के दौरान उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष संवाद करने का अवसर भी मिला और प्रधानमंत्री ने उनकी बात गौर से सुनी। उन्होंने बताया कि इस तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान हिमाचल प्रदेश से चयनित हुए प्रतिभागियों को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा भोजन के लिए आमंत्रित किया, इस दौरान प्रतिभागियों ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, सांसद अनुराग ठाकुर, सांसद सुरेश कश्यप, राज्यसभा सांसद इंदुबाला गोस्वामी के साथ संवाद व भोजन किया ।

इसके अतिरिक्त 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य पर राष्ट्रीय युवा महोत्सव-2025 के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के कोने-कोने से आई युवा शक्ति को ध्यानपूर्वक सुना व देश को एक विकसित राज्य बढ़ाने के लिए युवाओं को आगे आने का आग्रह किया।



राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 के दौरान हिमाचल प्रदेश के प्रतिभागियों के साथ केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, सांसद सुरेश कश्यप, सांसद अनुराग ठाकुर, राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी।

# बंगाणा के लोहड़ी पर्व को मिला जिला स्तरीय दर्जा

## मुख्यातिथि विधायक विवेक शर्मा ने की घोषणा, लोहड़ी पर्व पर हिमाचल के प्रसिद्ध गायक धीरज ने नचाया पंडाल

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

लोहड़ी के पावन पर्व पर और बंगाणा प्रशासन द्वारा एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि विवेक शर्मा ने परंपरागत रूप से तिल, गुड़, रेवड़ी, गजक और मूंगफली की अग्नि में आहुति देकर की। इस मौके पर विधायक विवेक शर्मा ने क्षेत्रवासियों को लोहड़ी की शुभकामनाएं दीं और आयोजकों को ऐसे भव्य आयोजन के लिए बधाई दी।

कार्यक्रम में विशेष रूप से नवविवाहित जोड़ों को बुलाया गया। नवविवाहित जोड़ों के द्वारा इस कार्यक्रम को खास बनाया गया। जोड़ों ने अग्नि के चारों ओर परंपरागत चक्कर लगाते हुए सुखी वैवाहिक जीवन की कामना की। इसके पश्चात माननीय विधायक विवेक शर्मा के द्वारा नवविवाहित जोड़ों को उपहार में मूंगफली और रेवड़ी दी गई। इसके लिए उन्होंने ने विधायक विवेक शर्मा का आभार व्यक्त किया।

बंगाणा लोहड़ी उत्सव बड़े धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया। यह उत्सव न केवल पारंपरिक रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का प्रतीक है, बल्कि यह क्षेत्र के लोगों को एक साथ लाने का भी एक माध्यम है। इस बार का आयोजन बेहद खास रहा, जिसमें प्रसिद्ध गायक धीरज शर्मा ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया और स्थानीय विधायक विवेक शर्मा ने अपने विचारों से जनता को प्रेरित किया। लोहड़ी उत्सव के मंच पर जब धीरज शर्मा ने कदम रखा, तो पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। अपने सुरों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने वाले धीरज शर्मा ने एक के बाद एक लोकगीत और लोकप्रिय गाने प्रस्तुत किए। उनकी गायकी ने न केवल युवाओं, बल्कि बुजुर्गों को भी झूमने पर मजबूर कर दिया।

धीरज ने पारंपरिक लोकगीतों के साथ-साथ बॉलीवुड के प्रसिद्ध गानों को भी अपनी आवाज में प्रस्तुत किया, जिसने हर आयु वर्ग के लोगों का दिल जीत लिया। धीरज शर्मा ने 'सुंदर मुंदरिए' जैसे पारंपरिक गीतों से शुरुआत की, जो लोहड़ी के उत्सव की पहचान है। इसके बाद उन्होंने 'पंजाब की मिट्टी' पर आधारित एक गाना प्रस्तुत किया, जिसने क्षेत्रीय संस्कृति और परंपराओं को जीवंत कर दिया। धीरज की आवाज में वह जादू था, जिसने हर किसी को अपने साथ जोड़े रखा। उन्होंने एक संदेश भी दिया कि सांस्कृतिक उत्सव न केवल मनोरंजन का साधन हैं, बल्कि ये हमारे इतिहास और परंपराओं को सहेजने का भी जरिया हैं।

इस भव्य आयोजन के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक विवेक शर्मा थे, जिन्होंने अपने भाषण में क्षेत्र के विकास और सांस्कृतिक संरक्षण की बातों को प्रमुखता दी। विवेक शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि लोहड़ी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह हमारी संस्कृति और सामूहिकता का प्रतीक है। ऐसे उत्सव हमें हमारी जड़ों से जोड़ते हैं और समाज में एकता और भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। विधायक ने अपने क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि सरकार ने बंगाणा क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में कई अहम कदम उठाए हैं। उन्होंने स्थानीय युवाओं को शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित किया। अपने भाषण के दौरान विधायक ने महिला सशक्तिकरण पर भी जोर दिया और कहा कि समाज तभी प्रगति कर सकता है, जब महिलाओं को समान अवसर और अधिकार दिए जाएं। उन्होंने सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का जिक्र किया, जिनका लाभ विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं को मिलेगा।

हिमाचली गायक धीरज शर्मा और विधायक विवेक शर्मा ने यारा तेरी यारी फिल्मी गाने से मंच पर खूब समय बांधा और पंडाल से खूब वाहवाही लूटी। वहीं, स्थानीय कलाकारों ने भी मंच पर अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधा। भांगड़ा जैसे पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए गए, जो लोहड़ी के उत्सव का मुख्य आकर्षण हैं। बच्चों ने भी रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें उन्होंने लोहड़ी की कहानी और इसके महत्व को रेखांकित किया। आयोजन स्थल को पारंपरिक ढंग से सजाया गया था, जिसमें लोहड़ी की आग और उसके चारों ओर जमा हुई भीड़ ने इस उत्सव को जीवंत बना दिया। लोगों ने गुड़, रेवड़ी, मूंगफली और मक्की की रोटी के साथ सरसों का साग का आनंद लिया, जो इस पर्व की खासियत है।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर विधायक की पत्नी मृदु शर्मा, प्रदेश कांग्रेस सचिव देशराज मोदगिल, प्रदेश कांग्रेस सचिव देशराज गौतम, कार्यकारी अध्यक्ष विवेक मिंका, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा, तहसीलदार बंगाणा अमित शर्मा, थाना प्रभारी रोहित चौधरी, खंड विकास अधिकारी सुशील कुमार, जोगिंद्र आर्य, विपिन कुमार, अजय कुमार के साथ विभिन्न पंचायतों से प्रधान, उपप्रधान, पंचायत सचिवों के साथ भारी संख्या में स्थानीय जनता उपस्थित रही। (अनंत ज्ञान)



बंगाणा में लोहड़ी के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में थिरकते विधायक विवेक शर्मा और अन्य गणमान्य(

### स्थानीय कलाकारों ने भी बांधा समां

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध हिमाचली गायक धीरज शर्मा और मोहित गर्ग की शानदार प्रस्तुति रही। उनकी सुरीली आवाजों ने न केवल दर्शकों को झूमने पर मजबूर किया, बल्कि पूरे कार्यक्रम को संगीतमय बना दिया। इसके अलावा, स्थानीय कलाकारों ने अपनी गायन और नृत्य प्रतिभा से सभी का दिल जीत लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्रीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और समाज में संस्कृति व परंपराओं के महत्व को उजागर करना था, जो पूरी तरह से सफल रहा। बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने कार्यक्रम में भाग लेकर इसका आनंद उठाया।

# महेंद्र पाल गुर्जर ने संभाला नगर निगम ऊना के आयुक्त का कार्यभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** ऊना के अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) महेंद्र पाल गुर्जर ने सोमवार को नवगठित नगर निगम ऊना के प्रथम आयुक्त के रूप में कार्यभार संभाला। इस अवसर पर उन्होंने आयुक्त के तौर पर अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट करते हुए कहा कि नए नगर निगम के वार्डों की पहचान, वार्डबंदी, और मतदाता सूचियों की तैयारी प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी, ताकि निगम के चुनाव समय पर और सुचारू रूप से संपन्न हो सकें।



गुर्जर ने कहा कि नगर निगम का संचालन मानक प्रक्रियाओं के अनुरूप सुनिश्चित करने के लिए अभी से कार्य आरंभ कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करना, सीवरेज से संबंधित समस्याओं का समाधान और शहर के सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, बरसात के दौरान शहर में पानी निकासी से जुड़ी समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए गहन विचार-विमर्श कर एक व्यापक योजना तैयार की जाएगी। उल्लेखनीय है कि अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर को सरकार द्वारा नगर निगम ऊना के प्रथम आयुक्त के रूप में अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। इस संबंध में शुक्रवार देर सायं अधिसूचना जारी की गई थी।

### वशिष्ट पब्लिक स्कूल में रही लोहड़ी के पर्व पर धूम




अनंत ज्ञान, ऊना। वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में लोहड़ी का त्योहार बड़ी ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें प्रधानाचार्य ने लोहड़ी पर्व के महत्व और उसकी सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डाला। विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सामूहिक रूप से इस त्योहार का आनंद उठाया। स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ट ने लोहड़ी को प्रज्वलित कर बच्चों को आशीर्वाद दिया। प्रधानाचार्य दीपक कौशल व सभी शिक्षकों ने लोहड़ी की अग्नि में मूंगफली व रेवड़ियां डालकर कामना की। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को मूंगफली और रेवड़ियां वितरित की गईं। स्कूल के अध्यक्ष सतपाल वशिष्ट ने सभी को लोहड़ी और मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं और छात्रों को जीवन में हमेशा सत्य और परिश्रम के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

### भंजाल में फुटबाल टूर्नामेंट 16 से 19 जनवरी तक

**सुदीप सरोच, मुबारिकपुर।** फुटबाल शिवालिक कमेटी भंजाल द्वारा फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है, जो 16 जनवरी से 19 जनवरी तक शिवालिक स्टेडियम अपर भंजाल में शुरू होने जा रहा है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से फुटबाल टीमें में भाग ले रही है। इसमें विनर अप टीम को 6100 हजार रुपए व रनर अप 5100 व ट्रॉफी दी जाएगी। यह जानकारी फुटबाल शिवालिक कमेटी के प्रधान राजेश ठाकुर व बिट्टू लाला और अनुराग ठाकुर ने दी। (अनंत ज्ञान)

### डिप्टी डायरेक्टर हायर एजुकेशन ऊना को लेक्चरर संघ ने दी बधाई

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के प्रांतीय संगठन एवं प्रेस सचिव राजन शर्मा, राज्य उपाध्यक्ष विकास रतन, जिला प्रधान देवेंद्र सिंह बेली, महासचिव शशि सैनी ने अनिल कुमार को बतौर डिप्टी डायरेक्टर हायर एजुकेशन ऊना का कार्यभार संभालने के लिए बधाई दी है।

### चाचा-चाची पर लगाया मारपीट का आरोप

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** थाना सुजानपुर में एक लड़की निवासी गांव खडोला डा. चरोट, तहसील सुजानपुर ने शिकायत दर्ज करवाई है कि उसके चाचा संजीव व चाची मनीषा ने उसकी दादी के साथ मारपीट की है। सुजानपुर थाना के प्रभारी राकेश धीमान ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

# श्रद्धालु ने मां चिंतपूर्णी को पहनाया 100 ग्राम सोने का मुकुट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चिंतपूर्णी**

विश्व प्रसिद्ध मां चिंतपूर्णी मंदिर में एक भक्त ने सोने का छत्र चढ़ाया है। यह छत्र रविवार को किसी श्रद्धालु द्वारा चढ़ाया गया था और इसका वजन सोमवार को किया गया। इस छत्र का वजन 100 ग्राम लगभग दस तोले बताया जा रहा है। दानी ने अपने नाम गुप्त रखा है।

मंदिर अधिकारी अजय मंडयाल ने बताया कि माता चिंतपूर्णी के दरबार में दान करने की परंपरा बहुत पुरानी है। कई भक्त माता रानी के दरबार में सोना, चांदी और अन्य कीमती वस्तुएं चढ़ाते हैं। उन्होंने बताया कि सोने का छत्र चढ़ाने वाले भक्त की पहचान नहीं की गई है, लेकिन यह जरूर है कि उन्होंने माता रानी के दरबार में अपनी श्रद्धा और भक्ति का प्रदर्शन किया है।

माता चिंतपूर्णी मंदिर में हर साल लाखों भक्त आते हैं और माता रानी के दरबार में अपनी अर्जी लगाते हैं। यह मंदिर हिमाचल प्रदेश के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है और यहां की भक्ति और श्रद्धा का अनुभव करने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं।

### विधानसभा अध्यक्ष ने भरी मां चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने माता चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी भरकर सुख समृद्धि की कामना की। पुजारी नभ कालिया ने वैदिक मंत्रों का उच्चारण कर पूजा-अर्चना करवाई और हवन पूजन भी करवाया गया। इस मौके पर एसडीएम सचिन शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष को माता रानी की फोटो भेंट की। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि माता रानी के दरबार में हाजिरी भरकर उन्होंने देश और प्रदेश की खुशहाली की प्रार्थना की है। उन्होंने कहा कि माता रानी के आशीर्वाद से ही हमारा देश और प्रदेश समृद्धि की ओर बढ़ सकता है।



### चिंतपूर्णी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़

दशकों बाद यह पहला अवसर है जब लोहड़ी के त्योहार पर विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ चिंतपूर्णी में भीड़ नहीं दिखेगी। मकर संक्रांति और लोहड़ी के पर्व में एक दिन के अंतर ने यह फर्क डाला है। प्रत्येक वर्ष लोहड़ी के रोज हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते रहे हैं। रविवार के बाद सोमवार लोहड़ी के दिन चिंतपूर्णी मंदिर में ज्यादा भीड़ नहीं दिखी। जानकारी के मुताबिक रविवार को कड़ाके की ठंड में मात्र छह हजार श्रद्धालुओं ने माता चिंतपूर्णी मंदिर में हाजिरी भरी। दूसरी ओर रात के समय हुई बरसात के बाद मौसम काफी ठंडा हो जाने से भी श्रद्धालुओं की संख्या पर असर दिखा। चंद मिनटों में ही दर्शन कर भक्त लौट गए। मंदिर के ही सूत्रों ने बताया कि रविवार को छह हजार के करीब श्रद्धालु माता चिंतपूर्णी की पावन पिंडी के दर्शन करने के लिए पहुंचे। मंदिर अधिकारी अजय मंडियाल ने बताया कि रविवार को माता के दर्शनों के लिए लगने वाली लाइनें नदारद थीं। बारिश का भी असर रहा।

# युवाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



सड़क सुरक्षा को लेकर शपथ लेते लोग और विभाग के कर्मचारी।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिले में परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा समिति के साथ मिलकर डिफेंस अकादमी ऊना में सेना में भर्ती के लिए ट्रेनिंग ले रहे बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए एक सेमिनार आयोजित किया गया।

इसमें शिमला से आए डिप्टी पुलिस अधीक्षक ने बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। परिवहन विभाग के अधिकारी ने बताया कि विभाग द्वारा एक से लेकर 31 जनवरी तक यह सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है।

इसमें युवाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है क्योंकि कोई भी व्यक्ति जब सड़क पर वाहन लेकर निकलता है तो उसको सड़क के रूल रेगुलेशन के प्रति जानकारी होना बहुत ही जरूरी है, इसलिए युवाओं को सुरक्षा के प्रति सेमिनार आयोजित कर सड़क सुरक्षा के प्रति जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

# डॉ. सुमित को मिला 'नेशनल एक्सीलेंस अवॉर्ड'

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

टांडा मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय संस्था बेटियां फाउंडेशन द्वारा नेशनल एक्सीलेंस अवाड्र्स 2025 का आयोजन किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि आर एस बाली अध्यक्ष पर्यटन विभाग, बॉलीवुड सेलिब्रिटी दीपशिखा नागपाल, बॉलीवुड सिंगर मन्नत नूर आदि उपस्थित रहे।

समारोह में देश और प्रदेश के कोने-कोने से अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन और समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया। हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर भोरंज के होम्योपैथिक डॉक्टर सुमित पुन्याल को भी नेशनल एक्सीलेंस अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें समाज को स्वास्थ्य और होम्योपैथी के प्रति जागरूक करने के लिए प्रदान किया गया। डॉ. पुन्याल प्रदेश के प्रतिष्ठित होम्योपैथिक डॉक्टर हैं, जो पिछले 10 वर्षों से होम्योपैथी के क्षेत्र में सेवाएं दे रहे हैं। वे प्रदेश के लोगों को होम्योपैथी के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ देने के साथ-साथ स्वास्थ्य और होम्योपैथी के प्रति जागरूक भी कर रहे हैं।



कार्यक्रम में अवॉर्ड प्राप्त करते डॉ. सुमित।

डॉ. सुमित पुन्याल स्वास्थ्य और होम्योपैथी की जागरूकता अलग-अलग एनजीओ, विभिन्न संगठनों, शिक्षण संस्थानों, आईसीडीएस और पंचायत स्तर पर कर रहे हैं। उनके द्वारा किए गए कार्यों को पिछले साल भी कई संस्थाओं ने सराहा। आशा किरण संस्थान ने उन्हें प्रदेश स्तरीय सम्मान 'हिमालयन श्री' 2024 से नवाजा, वहीं हिमाचल एकता मंच ने उन्हें 'हिमाचलो री शान' 2024 स्टेट अवॉर्ड प्रदान किया। यह सम्मान डॉ. पुन्याल को उनकी कड़ी मेहनत और होम्योपैथी के प्रति जुनून के कारण संभव हो पाया है। वे सेवा भाव से प्रदेश के लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर रहे हैं और उन्हें यह समझाने का प्रयास कर रहे हैं कि अच्छी जीवनशैली अपनाकर स्वस्थ जीवन जिया जा सकता है। डॉ. सुमित पुन्याल ने यह सम्मान मिलने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि मैं इस सम्मान को अपने माता-पिता और उन सभी लोगों को समर्पित करता हूं, जिन्होंने मेरा मार्गदर्शन और सहयोग किया। मेरा उद्देश्य होम्योपैथी को हर व्यक्ति की पहली पसंद बनाना है।

यह एक प्राकृतिक और सौम्य चिकित्सा पद्धति है, जो न केवल बीमारियों का इलाज करती है, बल्कि उनके मूल कारणों को भी दूर करती है और इसका शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं होता। उन्होंने कहा कि होम्योपैथी केवल उपचार का माध्यम नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी पद्धति है, जो व्यक्ति को संपूर्ण स्वास्थ्य प्रदान करती है। (अनंत ज्ञान)

### स्कूटी सवार को बुलेट ने मारी टक्कर बुजुर्ग की मौत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 72 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। सोमवार शाम को उपमंडल अंब के नकड़ोह में रेलवे स्टेशन के पास स्कूटी और बुलेट मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर में यह हादसा हुआ। मृतक की पहचान कुनेरन निवासी जोगिन्द्र सिंह पुत्र संगत राम के रूप में हुई है। हादसे के समय वह अपनी पत्नी निर्मला देवी के साथ स्कूटी पर रेलवे स्टेशन की ओर जा रहे थे, जैसे ही वह स्टेशन की तरफ मुड़ने लगे, मुबारिकपुर से आ रहे बुलेट सवार प्रिंस ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। क्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों पर सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल दौलतपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने जोगिन्द्र सिंह को मृत घोषित कर दिया। एसएचओ अंब गौरव भारद्वाज के अनुसार, पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेज दिया है और मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# एमसीयू म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन ऑफ ऊना के आयुक्त को दी बधाई



नगर निगम आयुक्त को बधाई देते गणमान्य लोग।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना को नगर निगम का दर्जा मिलने के बाद जिला कांग्रेस गदगद है। हाल ही में नगर निगम के लिए बतौर कमिश्नर नियुक्त होने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एडीसी ऊना महेंद्र पाल गुर्जर को बधाई दी है।

सोमवार को जिला कांग्रेस के पूर्व महासचिव एवं युवा नेता वरुण पुरी की अगुवाई में एडीसी से भेंट की। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि ऊना नगर निगम बनने के बाद वह स्थानीय विकास को गति देंगे, साथ ही नगर निगम में शामिल हुए ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को भी चार चांद लगेंगे। वरुण पुरी ने कहा कि प्रदेश सहित ऊना के विकास के लिए प्रदेश कांग्रेस सरकार प्रतिबद्ध है। ऊना को नगर निगम बनाने की मांग को पूरा कराने के लिए पूर्व विधायक सतपाल रायजादा को श्रेय जाता है। वरुण ने कहा कि करोड़ों का खर्च नगर निगम के हर गांव में नई इबारत लिखेगा।

इसके लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, ऊना सदर के पूर्व विधायक सतपाल सिंह रायजादा का धन्यवाद संपूर्ण नगर निवासी और इससे जुड़े ग्रामीण करते हैं। इस दौरान तिलक राज सैनी, विकास सैनी, प्रिंस मक्कड़, शमनीक पुरी, संदीप बेदी, लाडी सैनी, मनी सूरी, दीक्षित पुरी, महेश आंगरा उपस्थित थे ।

### ऊना में धूमधाम से मनाई लोहड़ी



ऊना में अलाव जलाकर, मूंगफली और रेवड़ी के साथ जलेबी बांटकर लोहड़ी मनाते मुख्य बाजार के व्यापारी।

### किराये के मकान से ताले तोड़कर नकदी व गहने चुरा ले गए चोर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी हमीरपुर में 12 जनवरी को अज्ञात लोगों ने घर के दरवाजे के ताले तोड़कर 5 हजार रुपए नकदी व 5 लाख रुपए के गहने चुरा लिए हैं। सदर थाना हमीरपुर में राजेश कुमार पुत्र मुंशी राम गांव देहरा डाकखाना हटवाड़ तहसील घुमारवीं जिला बिलासपुर वर्तमान निवासी मकान नंबर 63 वार्ड नंबर 8 नया नगर ने चोरी की शिकायत दर्ज करवाई है कि वे घर पर नहीं थे और इस दौरान पीछे से चोरों ने दरवाजे को तोड़कर वहां से गहने चुरा ले गए। सदर हमीरपुर के प्रभारी बाबू राम ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

**भागीदारी** हिमाचल प्रदेश से 37 प्रतिभागियों ने भारत मंडपम में आयोजित नेशनल यूथ फेस्टिवल में लिया हिस्सा

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष रखे कई अहम मुद्दे

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

केंद्रीय युवा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा माई भारत विभाग के अंतर्गत 12 जनवरी को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम परिसर में राष्ट्रीय युवा महोत्सव -2025 का आयोजन किया गया। बता दें कि संपूर्ण भारत से इस कार्यक्रम के लिए तीस लाख प्रतिभागियों ने भाग लिया था, लेकिन उनमें से केवल तीन हजार प्रतिभागी ही राष्ट्रीय युवा महोत्सव के लिये चयनीत हुए।

हिमाचल प्रदेश से भी इस कार्यक्रम के लिए 37 बच्चों का चयन हुआ था जो कि प्रदेश के लिए गौरव की बात है। प्रतिभागियों ने हिमाचल लौटने पर कहा कि भारत मंडपम में आयोजित हुए राष्ट्रीय युवा महोत्सव को वे कभी नही भूल पाएगे। उन्होंने बताया कि युवा महोत्सव के दौरान उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष संवाद करने का अवसर भी मिला और प्रधानमंत्री ने उनकी बात गौर से सुनी। उन्होंने बताया कि इस तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान हिमाचल प्रदेश से चयनित हुए प्रतिभागियों को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा भोजन के लिए आमंत्रित किया, इस दौरान प्रतिभागियों ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, सांसद अनुराग ठाकुर, सांसद सुरेश कश्यप, राज्यसभा सांसद इंदुबाला गोस्वामी के साथ संवाद व भोजन किया ।

इसके अतिरिक्त 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य पर राष्ट्रीय युवा महोत्सव-2025 के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के कोने-कोने से आई युवा शक्ति को ध्यानपूर्वक सुना व देश को एक विकसित राज्य बढ़ाने के लिए युवाओं को आगे आने का आग्रह किया।



राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 के दौरान हिमाचल प्रदेश के प्रतिभागियों के साथ केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, सांसद सुरेश कश्यप, सांसद अनुराग ठाकुर, राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी।

# लोग आज एक-दूसरे को दूब देकर लेंगे आशीर्वाद

## जगह-जगह जला अंगीठा, पूजा-अर्चना के साथ मनाया लोहड़ी पर्व, मूंगफली-गज्जक सहित अन्य चीजों की सजी दुकानें

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

कुल्लू जिले में सोमवार को लोहड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। जिले के हर गांव व शहर में लोहड़ी के लिए दुकानें सजी रही, गली-मोहल्ले लोहड़ी के गीतों से गूंजते रहे।

वहीं मंगलवार को मकर संक्रांति के साथ माघ मास का आगमन होगा। मकर संक्रांति को मनाने के लिए लोगों ने जहां तैयारियां पूरी कर ली हैं। वहीं, घाटी के मंदिर भी दुल्हन की तरह सज गए हैं। मकर संक्रांति के दिन जिले के लोग एक-दूसरे को जौ की दूब भेंट करेंगे। इस दिन लोग अपने देवालयों में पूजा-अर्चना के बाद बुजुर्गों से आशीर्वाद ग्रहण करेंगे। जिले के कुछ मंदिरों में देवी-देवता स्वर्ग प्रवास से संक्रांति की शुभ बेला में अपने-अपने देवालयों में लौटेंगे। कुछेक घाटी के देवता मकर संक्रांति के दिन अपने देवालयों में लौटेंगे, जबकि कुछ फाल्गुन को संक्रांति को अपने देवालयों में लौटते हैं। मकर संक्रांति के दिन जिला कुल्लू के विभिन्न तीर्थ स्थलों वशिष्ठ, मणिकर्ण, व्यास-पार्वती संगम स्थल जिया भुंतर, सरयोलसर सहित विभिन्न तीर्थ स्थलों में श्रद्धालु संक्रांति का स्नान करेंगे। इसके अलावा संक्रांति की शाम को जगह-जगह अंगीठा जला और पूजा-अर्चना के बाद लोहड़ी पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया।

लोग घरों पर तंदूर और हीटर के पास बैठकर मूंगफली, गज्जक, रेवड़ी का स्वाद लेना नहीं भूले। कुल्लू में मूंगफली 100 से लेकर 130 रुपए किलो, गज्जक पैकेट 50 से 150 रुपए किलो तक बिक रही है। रेवड़ी 200 ग्राम 40 रुपए, देसी घी 700 रुपए किलो तक बिक रहा है। (अनंत ज्ञान)





कुल्लू के अखाड़ा बाजार में व्यवसायी लोहड़ी के दिन अलाव जलाकर जश्न मनाते हुए।



### पारंपरिक व्यंजनों से महकेगी घाटी

**मकर** संक्रांति के अवसर पर लोक व्यंजनों का विशेष महत्व होता है। मकर संक्रांति में लोक व्यंजनों जैसे सिड्डू, चिलडे तथा मोड़ी का विशेष स्थान होता है। जिले के कई स्थानों में मकर संक्रांति मनाने की अलग ही परंपरा है। लोग मकर संक्रांति के दिन सुबह चार बजे उठते हैं और गांव के आंगन में एकत्र होकर ढोल-नगाड़ों के साथ प्राकृतिक जल स्रोत तक अंधेरे में मशालों के साथ जाते हैं और वहां पर प्राकृतिक जल स्रोतों में संक्रांति का स्नान करते हैं।

### आज स्वर्ग से वापस लौटेंगे देवी-देवता

पोष संक्रांति को स्वर्ग प्रवास पर गए जिले के सैकड़ों देवी-देवता माघ संक्रांति को अपने देवालय लौटेंगे। वहीं कई देवता के फाल्गुन व कुछ एक के शिवरात्रि के दिन दर्शन देंगे, लेकिन अधिकतर देवी-देवताओं के कपाट मकर संक्रांति को खुल जाएंगे। देव परंपरा के अनुसार मकर संक्रांति की सुबह वाद्ययंत्रों की थाप के साथ पूजा-अर्चना होगी और देवता के गूर भविष्यवाणी करेंगे। करीब एक महीने तक घाटी के देवी-देवताओं के कपाट बंद रहने के बाद देव समाज में खुशी की लहर है। देवी-देवताओं के स्वर्ग प्रवास से लौटने के बाद जिले के देवालयों में जहां फिर से रौनक लौट आएगी। वहीं, देव कारज भी शुरू हो सकेंगे।

## सैलानियों ने बर्फ में की अठखेलियां



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

सोमवार को अटल टनल के नॉर्थ व साउथ पोर्टल सहित सिस्सू में सैलानी उमड़े। सैलानियों ने बर्फ में अठखेलियों की ओर साहसिक गतिविधियों का आनंद उठाया। इससे पहले सप्ताहांत पर ही पर्यटकों की आमद बढ़ती थी, लेकिन जनवरी महीने में बीच-बीच में हो रहा हिमपात पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मनाली के होटलों में जहां ऑक्यूपेंसी बढ़ी है। वहीं, सैलानी बर्फ देखने की चाह में अटल टनल रोहतांग होकर लाहौल की ठंडी वादियों में पहुंच रहे हैं।

सैलानियों ने अटल टनल रोहतांग के नॉर्थ पोर्टल और सिस्सू में बर्फ के बीच खूब अठखेलियां की। सैलानियों ने यहां पर साहसिक गतिविधियों का आनंद लिया। इन दिनों अटल टनल सहित सिस्सू में बर्फ की मोटी परत जमी हुई है। जनवरी माह में भी सैलानियों के अटल टनल रोहतांग होकर नॉर्थ पोर्टल और सिस्सू पहुंचने का क्रम जारी है।

मौसम साफ होने की सूरत में सोमवार को लाहौल जाने वाले सैलानियों की संख्या में बढ़ोतरी हुई। खिली धूप के बीच पर्यटकों ने लाहौल सहित मनाली के सोलंग नाला, अंजनी महादेव, फातरु, कोठी व हामटा पर्यटन स्थल में भी बर्फ का आनंद लिया। सोलंग की ढलानों में पर्यटक स्कीइंग का आनंद ले रहे हैं, जबकि पैराग्लाइडिंग जैसी साहसिक खेल भी पर्यटकों की पहली पसंद बन हुए हैं। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने कहा कि पर्यटकों को अटल टनल तक जाने की अनुमति दी गई है। सोमवार को दिन भर पर्यटकों ने पर्यटन स्थलों में बर्फ का आनंद लिया। उन्होंने बताया कि सोमवार को सभी पर्यटन स्थलों में ट्रैफिक सुचारु रही।

## न्यूज ब्रीफ

### जल्द करवाएं ई-केवाईसी, ब्लॉक होंगे राशन कार्ड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले अरविंद शर्मा ने कहा कि कुल्लू में अब तक 3,47,015 राशन कार्ड धारकों द्वारा ई-केवाईसी करवाई जा चुकी है। विभाग द्वारा मई-2022 से सभी राशन कार्ड धारकों से बार-बार ई-केवाईसी करवाने की अपील व आग्रह किया जा रहा है। ऐसे राशन कार्ड धारक जो बार-बार आग्रह करने के बावजूद भी ई-केवाईसी नहीं करवा रहे हैं उनके राशन कार्डों को अस्थायी रूप से ब्लॉक किया जा रहा है। उन्होंने उपभोक्ताओं से पुनः आग्रह व अपील की है कि वे जल्द अपने-अपने एंड्रॉयड मोबाइल फोन पर गूगल प्ले स्टोर से ई-केवाईसी पीडीएस एचपी फेस ऐप डाउनलोड कर आधार नंबर अथवा राशन कार्ड नंबर फीड करने के उपरांत बहुत ही सुगमता व सुविधाजनक ढंग से घर बैठे ही ई-केवाईसी कर सकते हैं। राशन कार्ड धारक प्रदेश में स्थित किसी भी उचित मूल्य की दुकान पर ई-पॉश मशीन के माध्यम से अपनी ई-केवाईसी करवा सकते हैं। उन्होंने सूचित किया कि उपभोक्ता जिला नियंत्रक कार्यालय (मिनी सचिवालय ढालपुर समीप डीसी कार्यालय कुल्लू) में भी ई-केवाईसी करवा सकते हैं। इस बारे में उपभोक्ता को यदि कोई समस्या व कठिनाई आती है, तो वे जिला कार्यालय कुल्लू दूरभाष संख्या 01902-222535 पर संपर्क कर सकते हैं। जिला कुल्लू के विभिन्न क्षेत्रों से उपभोक्ता अपने विकास खंड के निरीक्षकों से ई-केवाईसी करवाने व इस बारे आवश्यक जानकारी के लिए निम्न मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। नगर नवीन कुमार मोबाइल नंबर 89882-34590, बंजार मोबाइल नंबर नवीन कुमार 89882-34590, कुल्लू अनिल कुमार मोबाइल नंबर 82198-60167 और आनी धर्मपाल मोबाइल नंबर 94181-68428, निरमंड धर्मपाल मोबाइल नंबर 9418168428। उन्होंने सभी ऐसे उपभोक्ताओं, जिन्होंने अपनी ई-केवाईसी अभी तक नहीं करवाई है, उनसे आग्रह किया कि वे अविलंब अपनी व अपने परिवार के सदस्यों की ई-केवाईसी करवाएं।

### होटल एसोसिएशन का जनरल हाउस 27 को

**अनंत ज्ञान, मनाली।** होटल एसोसिएशन मनाली का जनरल हाउस 27 जनवरी को आयोजित किया जा रहा है। डीसी ने तहसीलदार मनाली अनिल राणा को होटल एसोसिएशन के चुनाव करवाने के लिए अधिकृत किया है। एसोसिएशन के सदस्यों ने 27 जनवरी को आयोजित होने वाले जनरल हाउस को लेकर तहसीलदार मनाली से विस्तृत चर्चा की। जनरल हाउस में चुनाव की तिथि निर्धारित होने की उम्मीद है। होटल एसोसिएशन के चुनाव 25 सितंबर को निर्धारित थे, लेकिन चुनाव सदस्यों की शिकायत के चलते डीसी ने चुनाव पर रोक लगा दी थी। तहसीलदार अनिल राणा ने बताया होटल एसोसिएशन संरक्षक सहित अन्य सदस्यों को चुनाव करवाने की प्रक्रिया के लिए 27 को जनरल हाउस रखा गया है। बहरहाल जनरल हाउस की तिथि निर्धारित होने से होटल एसोसिएशन के चुनाव जल्द होने की उम्मीद है। होटल एसोसिएशन के चुनाव 25 सितंबर को निर्धारित थे। चुनाव, सदस्यों की शिकायत के चलते डीसी ने चुनाव पर रोक लगा दी थी। तहसीलदार अनिल राणा ने बताया कि होटल एसोसिएशन संरक्षक सहित अन्य सदस्यों को चुनाव करवाने की प्रक्रिया के लिए 27 जनवरी को जनरल हाउस रखा गया है। बहरहाल जनरल हाउस की तिथि निर्धारित होने से होटल एसोसिएशन के चुनाव जल्द होने की उम्मीद है।

### 80 से अधिक लोगों का जांचा स्वास्थ्य



**अनंत ज्ञान, मनाली।** द हंस फाउंडेशन की मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा सीनियर सेकेंडरी स्कूल मनाली में निशुल्क नाक, कान, गला तथा स्त्री रोग के विशेष निदान के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 80 से अधिक लोगों को निशुल्क उपचार तथा नाक, कान, गला तथा स्त्री रोग संबंधी जांच परिक्षण करने के उपरांत निशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध करवाई गई। द हंस फाउंडेशन के प्रवक्ता ने बताया कि सीनियर सेकेंडरी स्कूल मनाली के प्रधानाचार्य ने शिविर के दौरान बहुत सहयोग दिया तथा उन्हें स्कूल में कमरे और अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई। इस शिविर के दौरान जनरल ओपीडी में एमएमयू के चिकित्सा अधिकारी द्वारा शिविर में आए लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। आशा वर्कर्स व ग्राम स्वास्थ्य मार्गदर्शिका ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर में चिकित्सा अधिकारी डॉ. पल्लवी स्त्री रोग चिकित्सा, डॉ. वारु नाक, कान, गला और द हंस फाउंडेशन की टीम से चिकित्सा अधिकारी डॉ. सारांश आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### ह्यूमन वेलफेयर सोसायटी ने प्रभावितों को 60 कंबल और 620 किलो आटा-चावल दिया

**अनंत ज्ञान, बंजार ।** उपमंडल बंजार के तांदी गांव में हुए भीषण अग्निकांड के प्रभावितों की मदद में सरकार और प्रशासन के अलावा सामाजिक संस्थाए भी आगे आ रही हैं। वहीं, ह्यूमन वेलफेयर सोसायटी ने भी प्रभावितों की मदद को हाथ बढ़ाया है। संस्था ने प्रभावितों को 60 कंबल और 620 किलोग्राम आटा-चावल वितरित किया है। सोसायटी के निदेशक दीपक शर्मा ने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता में निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सोयायटी ने तांदी अग्निकांड प्रभावितों के दुख बांटने में कुछ सहयोग किया है।

### सीएम के दौरे से बदलेगी तांदी गांव की तस्वीर, शाच-तांदी सड़क को दुरुस्त करने के लिए एक करोड़ की राशि मंजूर

# प्रभावित परिवारों को पुनर्वास के लिए दिए जाएंगे 7-7 लाख रुपए

**शीला कौल, बंजार**

बंजार जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार की ग्राम पंचायत तांदी ईको-टूरिज्म के लिए प्रसिद्ध है। एक जनवरी को गांव में हुए भीषण अग्निकांड के पश्चात सोमवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खू प्रभावित परिवारों का दुख-दर्द साझा करने तांदी गांव पहुंचे।



मुख्यमंत्री का यह दौरा ग्रामीण विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा, बल्कि क्षेत्र की संभावनाओं को भी नए स्तर पर ले जाने वाला साबित हो सकता है। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा आपदा राहत के तहत प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए सात-सात लाख रुपए देने की घोषणा की और आज इसी तर्ज पर यहां के प्रभावित परिवारों को राहत मिलेगी। यह कदम न केवल पीड़ित परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान करेगा, बल्कि उन्हें पुनर्वास में भी मदद करेगा। गांव की सड़क को दो किलोमीटर तक बढ़ाने के लिए 75 लाख रुपए की घोषणा की गई साथ में मुख्यमंत्री ने शाच से तांदी तक खराब सड़क को दुरुस्त करने के लिए 1 करोड़ की राशि मंजूर की। तांदी से झिड़ी सड़क को पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत लाने का निर्णय लिया गया, जिससे सड़क के रखरखाव और गुणवत्ता में सुधार होगा। इन घोषणाओं से न केवल गांव की आंतरिक कनेक्टिविटी बेहतर होगी, बल्कि पर्यटकों को भी यहां आने में अधिक सुविधा होगी। लो-वोल्टेज समस्या का समाधान के लिए गांव में 100 केवी के ट्रांसफार्मर की स्थापना से बिजली की समस्या का समाधान होगा। इस दौरान मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़, एपीएमसी अध्यक्ष राम सिंह मियां, बंजार विधायक सुरेंद्र शौरी, जिलाधीश कुल्लू तोरुल एस रवीश, एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन के अलावा कांग्रेस पदाधिकारी, जोगिंद्र ठाकुर, सुरेंद्र शर्मा, रूपेश शर्मा, टीसी महंत सहित विभिन विभाग अधिकारी ग्रामीण मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## कार सेवा दल संस्था ने अग्निकांड प्रभावित परिवारों को दी राहत सामग्री



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू की प्रसिद्ध समाजसेवी कारसेवा दल संस्था भी तांदी अग्नि प्रभावित परिवारों की मदद को आगे आई है।

कुल्लू की जनता ने भी मिलकर प्रभावितों की मदद की। ऐसे में कार सेवा दल संस्था ने भी एक प्रयास किया। हालांकि कार सेवा दल संस्था कुल्लू की जनता को 32 तरह की सेवाएं प्रदान कर रही है, जिसके अलावा अन्य ऐसी समस्याओं में हो रहे नुकसान पर व्यय करना संस्था के लिए एक बहुत बड़ा सवाल बन जाता है, लेकिन फिर भी संस्था द्वारा सभी के सहयोग से मदद का प्रयास किया गया। संस्था के अध्यक्ष मनदीप सिंह ने बताया कि घटना के पश्चात तांदी गांव में बनाई गई कमेटी द्वारा पीड़ित परिवारों की सूची कार सेवा दल संस्था के कार्यालय में भेजी गई, जिसके आधार पर संस्था द्वारा पीड़ित परिवारों को 5 फुट बड़ा ट्रंक और 2 राशन बॉक्स गांव में बनी कमेटी के माध्यम से परिवारों को सौंपे। सामान को तांदी गांव पहुंचाने में ट्रक यूनियन कुल्लू का सहयोग रहा, जिसने यह सारा सामान पीड़ित परिवारों तक पहुंचाने का जिम्मा उठाया। इस नेक कार्य में बंजार विधानसभा के विधायक सुरेंद्र शौरी, तांदी गांव के कमेटी सदस्य व पीड़ित 19 परिवार और कार सेवा दल संस्था की कार्यकारिणी टीम मौजूद रही।

## कार्निवाल से पहले 15 व 17 को होगी महानाटी की रिहर्सल



**अनंत ज्ञान, मनाली**

एसडीएम मनाली एवं विंटर कार्निवाल कमेटी के उपाध्यक्ष रमन शर्मा की अध्यक्षता में कार्निवाल की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कार्निवाल की उपसमितियों के सदस्य मौजूद रहे। सभी ने कार्निवाल के सफल आयोजन को लेकर चर्चा की। कार्निवाल में विंटर क्वीन, झांकियों, सहित वायस ऑफ विंटर कार्निवाल, महानाटी व सांस्कृतिक कार्यक्रमों बारे चर्चा हुई। मौसम मेहरवान हुआ, तो इस बार विंटर गेम्स भी कार्निवाल का हिस्सा होंगी। कार्निवाल से पहले 15 व 17 जनवरी को महानाटी की रिहर्सल रखी गई है। इस दिन महिलाओं को नाटी प्रतियोगिता के टिप्स व रूल बताए जाएंगे। विंटर कार्निवाल की समीक्षा एसडीएम एवं विंटर कार्निवाल कमेटी उपाध्यक्ष रमण कुमार शर्मा ने बताया कि सोमवार को उपसमितियों के समन्वयक और नान आफिशियल मेंबर की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आज तक की तैयारियों की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से कार्निवाल के सफल आयोजन के प्रयास किए जाएंगे।


### मनाली की उझी घाटी के नौ गांवों में आज भी वर्षों पुरानी परंपरा का बखूबी हो रहा निर्वहन

# आज से गांवों में 42 दिन तक नहीं चलेंगे रेडियो व टीवी

**अनंत ज्ञान, मनाली**

कुल्लू घाटी के जर्रे-जर्रे में देव आस्था का चमत्कारिक प्रभाव अन्य राज्यों के लोगों के लिए किसी अचंभे से कम नहीं है।

देव अनुकंपा से ही यहां के समस्त गांवों की सत्ता चलती है। देव अनुकंपा का साक्षात उदाहरण मंगलवार को मनाली के ऐतिहासिक गांव गोशाल में देखने को मिलेगा। मनाली की उझी घाटी के नौ गांव देव आदेश का पालन करने को एक बार फिर तैयार हैं। सूचना क्रांति के इस दौर में कुल्लू की देव आस्था एक बार फिर कौतूहल पैदा करने जा रही है। ऐतिहासिक गांव गोशाल में अब टीवी व रेडियो के बटन स्विच ऑफ होने जा रहे हैं। टीवी रेडियो सहित मनोरंजन के सभी साधनों को ग्रामीणों ने देव आदेश के चलते अपने से दूर करने की तैयारी कर ली है।



मनाली का गोशाल गांव (फाइल फोटो)।

### किसान-बागवान भी खेत-खलिहानों का नहीं करेंगे रुख

देवालयों की सारी घंटियों को बांधने की तैयारी हो रही है, ताकि कोई श्रद्धालु गलती से घंटी बजाकर देव आदेश की आज्ञा का उल्लंघन न कर सके। उझी घाटी के नौ गांव 14 जनवरी से 42 दिन तक देव आदेश में बंधने जा रहे हैं। इन गांवों के लोगों पर आराध्य देवों गौतम-व्यास ऋषि व नाग देवता का आदेश लागू हो गया है। साथ ही खेत-खलिहानों पर भी काम करने पर प्रतिबंध लग गया है। देवता के स्वर्ग प्रवास से आने के बाद ही सभी शुभ कार्य शुरू होंगे।

### यह है मान्यता

**मान्यता** है कि गांव के आराध्य देव इन दिनों तपस्या में लीन हो जाते हैं तथा देवताओं को शांत वातावरण मिले, इसके लिए ग्रामीण गांव में टीवी व रेडियो नहीं चलाएंगे न ही खेतों-खलिहानों का रुख नहीं करेंगे। उझी घाटी के गोशाल गांव सहित कोठी, सोलंग, पलचान, रुआड़, कुलंग, शनाग, बुरुआ तथा मझाच के लोग आज भी देव प्रतिबंध का पालन सदियों से पूरी श्रद्धा से कर रहे हैं। व्यापक प्रतिबंध के चलते गोशाल गांव के ग्रामीण रेडियो, टीवी का प्रयोग नहीं करेंगे, जबकि अन्य गांव के ग्रामीण खेतों का रुख नहीं करेंगे।

### युवा वर्ग भी निभा रहा परंपरा

देवलू एवं ग्रामीण मेहर चंद ठाकुर, गोकल, कृष्णा का कहना है कि उझी घाटी के नौ गांवों के लोग 14 जनवरी से देव प्रतिबंध में बंधने जा रहे हैं। उनके अनुसार बुजुर्ग लोगों सहित युवा वर्ग भी इस प्रतिबंध को आज बड़ी श्रद्धा से निभा रहा है। देवता पर अटूट विश्वास का ही कारण है कि इस बार भी घाटी के ग्रामीण देव आज्ञा के पालन को पूरी तरह तैयार हैं।

**बैठक** अनुराधा राणा ने विकास कार्यों के लिए 40.64 करोड़ रुपए का बजट किया अनुमोदित

# विकासात्मक कार्यों को समय पर पूरा करें संबंधित विभाग



विधायक लाहौल-स्पीति अनुराधा राणा आयोजित परियोजना सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

जिला लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने सोमवार को अतिरिक्त उपायुक्त काजा के सम्मेलन कक्ष में आयोजित परियोजना सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में जनजातीय विकास कार्यक्रम योजना के तहत वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तावित 40 करोड़ 64 लाख रुपए का बजट अनुमोदित किया गया। उन्होंने कहा कि स्पीति में विभिन्न विभागों के माध्यम से चलाए जा रहे विकासात्यक परियोजनाओं व जन कल्याणकारी कार्यों को गति प्रदान कर समय पर पूर्ण किया जाए। इस दौरान लंबित पड़े विभिन्न विकासत्मक कार्यों पर गहनता से विचार-विमर्श किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन विभागों के माध्यम से स्पीति में विभिन्न विकासात्मक कार्य व योजनाएं चलाई जा रही हैं, उनसे संबंधित विभागीय अधिकारी समय-समय पर जमीनी स्तर पर पहुंचकर कार्य का जायजा लें, ताकि स्पीति घाटी के लोगों को वर्तमान सरकार द्वारा चलाई जा रही नीतियों व योजनाओं का लाभ मिल सके।

विधायक ने बीआरओ सहित सभी विभागों के अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों के साथ समन्वय स्थापित कर विकासात्मक कार्य करने को कहा, ताकि लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने सीमा सड़क संगठन को सड़क से बर्फ हटाने के उपरांत मिट्टी आदि लगाने को कहा, ताकि जनता को यातायात संबंधी समस्याओं का सामना न करना पड़े।

### लोक निर्माण विभाग को सड़कों को दुरुस्त रखने के निर्देश

**विधायक** ने सर्दी के मौसम के दौरान लोक निर्माण विभाग को सड़कों को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए तथा विशेष कर दूरदराज के क्षेत्रों में संपर्क सड़कों को दुरुस्त रखने को कहा, ताकि लोगों को आवागमन में सुविधा मिले। इसके अलावा उन्होंने विभाग द्वारा विभिन्न निर्माणाधीन भवनों पर किए जा रहे कार्यों की विस्तृत चर्चा की और गुणवत्तापूर्ण कार्यों पर बल दिया।

### काजा व ताबो में सीवरेज निर्माण संबंधी कार्यों में लाएं तेजी

**विधायक** ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र के जिन स्थानों में सर्दी के दौरान पेयजल की समस्या होती है, वहां पर आवश्यक कार्रवाई करें, ताकि लोगों को पानी की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने जल शक्ति विभाग को काजा व ताबो में सीवरेज निर्माण संबंधी कार्यों में तेजी लाने के निर्देश किए। उन्होंने बिजली बोर्ड को क्षेत्र में चल रहे बिजली संबंधित कार्यों को निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## 26 जनवरी को मेला मैदान में आयोजित होगा गणतंत्र दिवस



एसडीएम आनी नरेश वर्मा गणतंत्र दिवस के आयोजन को लेकर बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

**अनंत ज्ञान, आनी**

आनी में 26 जनवरी को मेला मैदान में गणतंत्र दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में एसडीएम आनी नरेश वर्मा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों को गणतंत्र दिवस मनाने को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि उपमंडल में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने व्यक्तियों को सम्मानित किया जाए और इस संबंध में उनके नामों की सूची तैयार की जाए।

इस मौके पर आनी कस्बे में स्थित विभिन्न स्कूलों और डिग्री कॉलेज आनी के छात्रों की प्रस्तुतियां एवं मार्च पास्ट आयोजित करने के दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम में तीन महिला मंडलों की नाटी की प्रस्तुतियां भी होंगी। बैठक में बीडीसी अध्यक्ष विजय कंवर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# सोलन में धूमधाम से मनाया लोहड़ी पर्व

## माल रोड सोलन में व्यापारियों ने लोहड़ी जलाकर मनाया पर्व



अनंत ज्ञान, सोलन

जिला मुख्यालय सोलन में लोहड़ी पर्व को धूमधाम से मनाया गया। लोहड़ी पर्व से गर्मियों का आगाज माना जाता है।

लोग इस दौरान लोहड़ी पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। सोलन में लोगों ने लोहड़ी मनाने के लिए जमकर खरीददारी की। देश सहित जिले भर में सोमवार को लोहड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। लोहड़ी पर्व से बाजारों में खरीददारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। लोगों ने मूंगफली, रेवड़ी सहित गच्चक आदि खाद्य पदार्थों की जमकर खरीददारी की। लोहड़ी पर्व के अवसर पर सोलन के बाजारों व घरों में लोगों ने एकत्रित होकर विधिविधान से पूजन कर लोहड़ी जलाई। इस दौरान मूंगफली रेवड़ी गचक का प्रसाद भी बांटा गया। शहर के माल रोड सहित वार्ड क्षेत्रों में धूमधाम से लोहड़ी का पर्व मनाया गया। आधुनिकता के इस दौर में अब युवाओं की टोलियां लोहड़ी मांगने के लिए घर-घर जाते नजर नहीं आती हैं। कुछ वर्षों पहले लोहड़ी पर्व से एक सप्ताह पूर्व युवाओं की टोलियां घरों में जाकर लोहड़ी मांगती थी। माल रोड सोलन मुरारी मार्केट के समीप लोहड़ी का पर्व व्यापारी वर्ग की ओर



से धूमधाम से मनाया गया सायं 6 बजे के करीब विधिविधान से पूजन कर लोहड़ी जलाई गई सभी व्यापारियों ने एक-दूसरे को व आम जन को लोहड़ी की बधाई दी। व्यापार मंडल के निवर्तमान प्रधान मुकेश गुप्ता, रचित सहनी, संजय काहिली आदि ने सभी प्रदेश वासियों को बधाई दी।

## नेशनल हाईवे-5 में बढ़ती वाहन दुर्घटनाओं को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने लिया संज्ञान

# डायवर्जन प्वॉइंट्स पर लगाए जाएं सूचना बोर्ड

आर मोहन चौहान, सोलन

नेशनल हाईवे-5 में परवाणू-सोलन और चंबाघाट-कैथीघाट के बीच बढ़ते वाहन दुर्घटनाओं का पुलिस प्रशासन ने संज्ञान लिया है। डीएसपी ट्रैफिक ने इस बाबत नेशनल हाईवे ऑथोरिटी और फोरलेन निर्माण कंपनियों के अधिकारियों को जवाब तलब किया है।

इसके तहत फोरलेन निर्माण कंपनी को डायवर्जन प्वॉइंट्स पर सूचना बोर्ड लगाने के आदेश दिए हैं। इसी तरह स्पीड लिमिट के बोर्ड लगाने के लिए भी कहा है। ऐसा न करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। बता दें कि नेशनल हाईवे-5 में परवाणू-शिमला तक रोज दो से तीन वाहनों की दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। इसका मुख्य कारण हाईवे पर बिना साइन बोर्ड के रोड डायवर्जन और स्पीड लिमिट तय न होना

### स्पीड लिमिट के बोर्ड न लगाने पर कार्रवाई की चेतावनी

है। हाईवे को सिंगल लेन किए जाने से वाहन चालकों को गफलत हो जाती है। इस कारण दुर्घटनाएं भी बढ़ रही हैं। परवाणू-कैथलीघाट स्ट्रैच में नए वर्ष से अब तक गाड़ियों के पलटने के हादसे पेश आए हैं।

हाईवे के वाकनाघाट, सलोगड़ा और सनवारा में इस प्रकार के हादसे पेश आ रहे हैं। पिछले वर्ष जनवरी से दिसंबर माह तक परवाणू से कैथलीघाट के बीच सड़क दुर्घटना के 129 मामले सामने आए हैं। पुलिस के अनुसार इसमें 23 लोगों की मौत भी हुई, जबकि 175 लोग घायल हुए हैं। हालांकि कई मामले ऐसे भी हैं, जो पुलिस के पास पंजीकृत नहीं हुए हैं। (अनंत ज्ञान)



सोलन-कैथलीघाट फोरलेन में जगह-जगह सड़क पर की गई डायवर्जन।

### फाइनल टच का कार्य प्रगति पर

चंबाघाट-कैथलीघाट फोरलेन निर्माण को लेकर कंपनी की ओर से पहाड़ियों की कटिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है, अब फाइनल टच का कार्य प्रगति पर है। यह कार्य एनएचएआई की ओर से सितंबर-2018 में एफि कंपनी को सौंपा गया था। साथ ही इस कार्य को पूरा करने का लक्ष्य जून-2026 दिया गया है। डीपीआर के अनुसार सोलन से कैथलीघाट के बीच 22.9 किलोमीटर पर फोरलेन का निर्माण होना है।

### दिशा-निर्देशों का पालन न करने पर होगी कार्रवाई

डीएसपी ट्रैफिक सोलन अशोक चौहान ने कहा कि फोरलेन निर्माण कंपनियों के अधिकारियों को रोड डायवर्जन और वन-वे से किए जाने की सूरत में स्पीड लिमिट तय करने और सूचना बोर्ड लगाने को कहा है। दिशा-निर्देशों की पालना न करने पर आवश्यक कार्रवाई होगी।

### ओवरस्पीड से बढ़ रही वाहन दुर्घटनाएं

पुलिस की चेतावनी से अब फोरलेन निर्माण कंपनी को रोड डायवर्जन पर सूचना बोर्ड लगाने के साथ स्पीड लिमिट तय करनी होगी। इसका उल्लंघन करने पर वाहन चालक पर कार्रवाई की जा सकेगी। डायवर्जन प्वॉइंट्स पर दिशा संचालक के न होने से और ओवरस्पीड से वाहन दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। एनएचएआई ने परवाणू से शिमला तक बन रहे फोरलेन का डिजाइन 40 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड के लिए किया है, मगर इसमें ज्यादातर चालक ओवर स्पीड में चलते हैं। इसके अलावा परवाणू से सोलन और चंबाघाट से कैथलीघाट के बीच में कई स्थानों पर फोरलेन की फाइनल स्टेज का कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य के चलते कई बार फोरलेन की एक लेन को अचानक बंद कर दिया जाता है। इस कारण दोनों ओर के वाहनों की आवाजाही सिंगल लेन होने के कारण असमंजस भी हादसे का कारण बन रहा है, क्योंकि अधिकांश फोरलेन पर दोनों लेन से ही वाहन गुजर रहे हैं।


## न्यूज ब्रीफ

### बाइक चोरी में संलिप्त दूसरा आरोपी भी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, सोलन। चंबाघाट में बेर गांव से बाइक चोरी के आरोप में पुलिस ने दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। 20 वर्षीय यह युवक बाइक चोरी के बाद मुख्य आरोपी के पीछे आल्टो कार से चल रहा था। दोनों बेर गांव में ही एक ही मकान में किराये पर रहते थे। पुलिस अब पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की छानबीन कर रही है। करौली तहसील के शगली कलां गांव निवासी चमन चंबाघाट के बेर गांव में किराये के कमरे में रहता है। 22-23 दिसंबर की रात उसने अपनी बाइक एचपी-98-0883 को अपने कमरे के बाहर खड़ा किया था। सुबह उठकर उसने देखा, तो उसे वहां पर बाइक कहीं नहीं मिली। उसने बाइक की काफी तलाश की, लेकिन बाइक न मिलने पर 28 दिसंबर को उसने सोलन के सदर पुलिस थाने में मामले की तहरीर दी। पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने बताया कि मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने बेर गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू किया। मामले में पुलिस थाना सदर सोलन की टीम द्वारा पानीपत के मैटरोला तहसील के सिथाना गांव निवासी 27 वर्षीय अमनदीप को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद पुलिस ने अमनदीप सिंह को अदालत में पेश कर आगे की पूछताछ के लिए पांच दिन की पुलिस रिमांड हासिल की। उससे पूछताछ में पता चला कि बाइक चोरी की इस वारदात में वह अकेला नहीं था। उसके साथ उसका ही रूम मेट 20 वर्षीय कसौली के रामपुर क्षेत्र के ठिंबर गांव निवासी रोहित भी शामिल था। एसपी गौरव सिंह ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपी बेर गांव में ही एक किराये के कमरे में रहते थे।

### डीएवी दाड़लाघाट ने जीती वॉलीबाल प्रतियोगिता

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। धार्मिक युवा क्लब स्पोर्ट्स दाड़लाघाट की ओर से आयोजित कबड्डी और वॉलीबाल प्रतियोगिता का समापन सरस्वती विद्या मंदिर के खेल मैदान में हुआ। इस अवसर पर पूर्व उपप्रधान दाड़लाघाट राजेश गुप्ता ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। धार्मिक युवा क्लब स्पोर्ट्स दाड़लाघाट के अध्यक्ष चेतन ठाकुर, सचिव तनुज



शुक्ला और कोषाध्यक्ष तरुण ठाकुर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग 24 टीमों ने भाग लिया और दोनों खेलों में रोमांचक मैच देखने को मिले। वॉलीबाल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला डीएवी दाड़लाघाट और ममलीग के बीच हुआ, जिसमें डीएवी दाड़लाघाट ने जीत हासिल की और ममलीग रनरअप रही। कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बिलासपुर और डीवाईसी स्पोर्ट्स दाड़लाघाट के बीच हुआ, जिसमें बिलासपुर ने जीत हासिल की और डीवाईसी स्पोर्ट्स दाड़लाघाट रनरअप रही। मुख्यातिथि पूर्व उपप्रधान दाड़लाघाट राजेश गुप्ता ने विजेता टीमों को ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान किए और उन्हें उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता युवाओं को अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करने का एक अच्छा मंच प्रदान करती है और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करती है। धार्मिक युवा क्लब स्पोर्ट्स दाड़लाघाट के अध्यक्ष चेतन ठाकुर और सचिव तनुज शुक्ला ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

### महर्षि मार्कंडेश्वर ने मनाया विश्व हिंदी दिवस



अनंत ज्ञान, सोलन। महर्षि मार्कंडेश्वर विश्वविद्यालय कुमारहट्टी सोलन में विश्व हिंदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर रजिस्ट्रार अजय सिंगल ने बताया कि हिंदी न केवल यांत्रिक संचार की भाषा है, बल्कि भावनात्मक कड़ी और संचार की आत्मा भी है। विश्व हिंदी दिवस अपने समृद्ध सांस्कृतिक मूल्यों और इसके वैश्विक महत्व का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। महर्षि मार्कंडेश्वर विश्वविद्यालय, कुमारहट्टी, सोलन के रजिस्ट्रार अजय सिंघल ने समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने विभिन्न विभागों की टीमों के रूप में पोस्टर तैयार किए। पोस्टर उत्कृष्ट गुणवत्ता के थे, जो दैनिक जीवन में हिंदी के महत्व का संदेश देते थे। मुख्यातिथि ने पोस्टर की गुणवत्ता तथा प्रतिभागियों द्वारा की गई मेहनत की सराहना की। कार्यक्रम का समापन गणमान्य व्यक्तियों के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ हुआ।

# डोबर खड्ड के तटीकरण की मांग को लेकर डीसी से मिला प्रतिनिधिमंडल

अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब



कोटडी व्यास का प्रतिनिधिमंडल स्थानीय ग्रामीणों सहित विधायक सुखराम चौधरी की अध्यक्षता में जिलाधीश जिला सिरमौर सुमित खिमटा से मिला, जिसमें 2024 में आई बाढ़ के कारण हुए नुकसान के बारे में उनको अवगत करवाया।

सुखराम चौधरी की अध्यक्षता में पंचायत प्रधान सुरेश कुमार अपने सभी वार्ड सदस्यों के साथ तथा स्थानीय लोगों के साथ जिलाधीश कार्यालय में पहुंचे, जिसमें बरसात में हुए डोबर खड्ड से नुकसान के कारण व जो जमीन पानी में बह गई है व फसले बर्बाद हुई है उसके बारे में जिलाधीश को अवगत करवाया, जिसमें खासतौर पर डोबर खड्ड तटीकरण के बारे में विशेष तौर पर बात रखी क्योंकि डोबर खड्ड में लगभग कुंभागढ़ पर्वत तक के जंगली क्षेत्र का पानी आता है, जो बरसात के दिनों में मैदानी इलाके में अपना बहाव का रुख हमेशा बदलता रहता है, जिससे लोगों की फसलें व घरों को नुकसान होता है साथ में लगते हुए रोड आदि को भी अपने साथ बहा ले जाता है। लोगों की जानमाल का नुकसान न हो इसलिए जिलाधीश से आग्रह किया कि इस खड्ड का तटीकरण करवा के लोगों को राहत दी जाए।

## गुरुद्वारा परिसर में जलाई लोहड़ी

अनंत ज्ञान, बीबीएन। दून के हरिपुर स्थित दो दिवसीय लोहड़ी मेले में श्रद्धालुओं का आना शुरू हो चुका है। सोमवार से भारी संख्या में स्थानीय बाहरी राज्यों के लोगों ने गुरुद्वारा में माथा टेका। इसके अलावा यहां पर बाहरी राज्यों के लोग लंगर भी लगाते हैं। मेले में पहले दिन सोमवार को गुरुद्वारा परिसर में लोहड़ी जलाई गई। मंगलवार को संक्रांति के दिन यहां पर खिचड़ी बनाई जाएगी, जिसे सभी भक्त प्रसाद के रूप में ग्रहण करेंगे। मेले में इस बार बाहरी राज्यों से लाखों भक्तों के आने की उम्मीद है। पुलिस प्रशासन ने इसके लिए 60 पुलिस कर्मियों को तैनात किया है। इसके अलावा गुरद्वारा के सेवादार भी दिनरात सेवा देंगे। पुलिस कर्मचारी मेला परिसर में तैनात रहेंगे। साथ ही यातायात को सुचारु करने के लिए हमेशा तैनात रहेंगे।

# सोलन के बंद और मर्ज हुए स्कूल भवनों में खुलेंगे सरकारी कार्यालय

अनंत ज्ञान, सोलन

जिला सोलन के बंद और मर्ज हुए स्कूल भवनों में अब अन्य विभागों के सरकारी कार्यालय खोले जाएंगे। इस कड़ी में जिले में बंद हुए प्राथमिक स्कूल सरली में पुलिस पोस्ट खोल दी गई है। अन्य स्कूल भवनों में पंचायत, युवक मंडल या फिर अन्य सरकारी कार्यालय भी खोले जा सकते हैं।

इसके लिए पंचायत समेत अन्य संस्था शिक्षा विभाग या फिर सरकार को प्रस्ताव भेज सकती है। वर्तमान में जिले में बंद हुए स्कूल भवन देख-रेख के अभाव से खंडहर में बदलते जा रहे हैं। कई भवनों की टाइलें समेत फर्श टूटने लगे हैं। भवन का पेंट समेत

### देख-रेख के अभाव से वर्तमान में स्कूल भवन बन रहे खंडहर

दीवारों का प्लास्टर भी उखड़ना शुरू हो गया है। जिले में विद्यार्थियों की कम संख्या वाले प्राथमिक स्कूलों को बंद और मर्ज किया गया है।

वर्तमान में 16 प्राथमिक और एक माध्यमिक स्कूल में ताला लटका है। शिक्षा विभाग ने इन स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों को साथ लगते स्कूलों में शिफ्ट कर दिया था। जानकारी के अनुसार, जिले में करीब 910 प्राथमिक और 140 माध्यमिक स्कूल चल रहे हैं। शिक्षा निदेशालय ने कम विद्यार्थियों की संख्या वाले और दो से चार किमी के दायरे में चल रहे स्कूलों का आंकड़ा एकत्र करने के लिए जिला विभाग को आदेश दिए थे। इसके बाद संबंधित स्कूलों में तैनात रेगुलर, अनुबंध, पैरा टीचर्स और एसमएसी, पीजीटी शिक्षकों का आंकड़ा भी मांगा था। विभाग ने स्कूल स्टाफ, स्कूल में मौजूद विद्यार्थियों के दस्तावेज, फर्नीचर समेत अन्य वर्कर्स को साथ लगते स्कूलों में शिफ्ट कर दिया था, लेकिन अभी तक स्कूल भवनों को लेकर कोई योजना न होने के कारण वह खंडहर बनते जा रहे थे पर अब संबंधित स्कूल भवनों को सरकारी या किसी अन्य संस्था को देने की कवायद शुरू कर दी है।

# डॉ. कमल बने रोटरी रॉयल सोलन के अध्यक्ष

अनंत ज्ञान, सोलन

रोटरी रॉयल सोलन ने अपना चार्टर प्रेजेंटेशन और पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया।

इस अवसर पर मुख्यातिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन राजपाल सिंह व पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अरुण मोंगिया और रोटेरियन अजय यादव ने विशिष्टातिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। मंच संचालन पायल तोमर, नताशा चौहान और डॉ. सुप्रिया अटवाल ने कुशलतापूर्वक किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि और असिस्टेंट गवर्नर जोन-2 रोटेरियन अनिल चौहान ने डॉ. कमल



अटवाल को कॉलर पहनाकर क्लब के अध्यक्ष और रोटेरियन मनीष तोमर को सचिव के रूप में नियुक्त किया। नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. कमल अटवाल ने कहा कि रोटरी मानवता की सेवा के लिए समर्पित संस्था है। उन्होंने बताया कि क्लब इस वर्ष कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर काम करेगा, जिनमें अंगदान शिविर, कृत्रिम अंग बैंक, बेटी है अनमोल अभियान, नशा विरोधी अभियान, रक्तदान शिविर, पौधरोपण, रेन बसेरा निर्माण और सोलन के कमर्शियल ड्राइवरों के लिए नेत्र जांच शिविर का आयोजन मुख्य प्राथमिकता में रहेगा। क्लब के सचिव रोटेरियन मनीष तोमर ने किए गए कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि क्लब ने नवजात बच्चियों के लिए बेबी हेल्थ किट वितरित की, हार्टलाइन प्रोजेक्ट चलाया, सर्दियों में कंबल वितरण और स्वास्थ्य शिविर जैसे कार्य किए।

# नाहन में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह चौगान में मनाया जाएगा : डीसी

अनंत ज्ञान, नाहन



गणतंत्र दिवस के अवसर पर आगामी 26 जनवरी को नाहन चौगान में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा।

यह जानकारी उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने गणतंत्र दिवस के सफल आयोजन से संबंधित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय समारोह नाहन के ऐतिहासिक चौगान में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा, जिसमें आकर्षक परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम समारोह के मुख्य आकर्षण रहेंगे। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को प्रातः 11 बजे मुख्यातिथि द्वारा ध्वजारोहण के साथ आरंभ होगा। इससे पहले मुख्यातिथि द्वारा डीसी कार्यालय के समीप शहीद स्मारक पर स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

## लोहड़ी पर्व पर बच्चों को बांटे जूते



अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब। मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था द्वारा लोहड़ी के पर्व पर खुशियों का बैंक माजरा में निशुल्क ट्यूशन क्लास में आने वाले बच्चों को जूते वितरित किए गए तथा बच्चों के साथ खुशियां बांटी गई मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था द्वारा संचालित खुशियों का बैंक माजरा में रोज शाम को 4 से 5 बजे तक निशुल्क ट्यूशन क्लास में बच्चों को पढ़ाया जाता है। लोहड़ी पर इन बच्चों को संस्था द्वारा जूते वितरण किए गए।

# कबड्डी में हरियाणा की बेटियों ने मारी बाजी

अनंत ज्ञान, बीबीएन

दुर्गा स्पोर्ट्स क्लब की ओर से खेली गई राष्ट्र स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के ओपन वर्ग में खेलो इंडिया सेंटर राजपुरा की टीम ने जीत दर्ज की। फाइनल में खेले गए मैच में देहला महादेव को 2 अंक से पराजित किया।

ओपन वर्ग का फाइनल मुकाबला काफी रोमांचक रहा। पूरे मैच में दोनों टीमों का पलड़ा भारी रहा। 40 मिनट के मैच में दोनों टीमें 27-27 अंक लेकर बराबरी पर रही, जिस पर मैच रैफरी ने पांच-पांच रेड देने का फैसला लिया। इसमें खेलो इंडिया सेंटर की टीम 6-4 से विजय रही। मंधाला के खेल मैदान में खेली गई राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में पहले सेमीफाइनल में राजपुरा ने हरियाणा के जसूर खेड़ी व देहला महादेव ने बाबा



चको जगतपुर को पराजित किया। विजेता टीम खेलो इंडिया सेंटर को एक लाख रुपए का पुरस्कार मिला। वहीं, दूसरे स्थान पर रही देहला महादेव को 71 हजार रुपए का पुरस्कार दिया गया। महिला कबड्डी में हरियाणा की बेटियों ने बाजी मारी। फाइनल में हरियाणा का कलिंगा अकादमी ने जीद की टीम को पराजित किया। समारोह के मुख्यातिथि दुर्गा स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष सुनील शर्मा व मधाला पंचायत के पूर्व उपप्रधान भाग चंद शर्मा ने विजेता व उपविजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## कांग्रेस के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने को लेकर एफआईआर की मांग

अनिल नेगी, किन्नौर। किन्नौर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष उमेश



नेगी की अध्यक्षता में किन्नौर कांग्रेस के पदाधिकारियों के एक दल ने सोशल मीडिया पर कांग्रेस पार्टी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने को लेकर डीएसपी किन्नौर नवीन जालटा को एक ज्ञापन सौंपा और टिप्पणी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर की मांग की है। इस विषय में किन्नौर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष उमेश नेगी ने कहा कि शिमला जिले के जुब्बल नावर कोटखाई क्षेत्र से संबंध रखने वाले दिनेश जस्टा ने वर्ष-2024 के दिसंबर माह में भाजपा के सोशल मीडिया प्लेटफार्म में एक पोस्ट पर कांग्रेस संगठन को एक छुपा हुआ मुस्लिम आतंकवादी संगठन, किसान बागवान व धर्म विरोधी बताया है। (अनंत ज्ञान)

## राज्यपाल आज अर्की के प्रवास पर

अनंत ज्ञान, सोलन

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल 14 जनवरी को सोलन जिले के अर्की उपमंडल के प्रवास पर आ रहे हैं। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल 14 को प्रातः 11.40 बजे अर्की विधानसभा क्षेत्र के अर्जुन खेल मैदान में 'खेल खिलाओ नशा भगाओ' कार्यक्रम में मुख्यातिथि होंगे।




संबोधित

## हिम एकादश ओपन क्रिकेट टूर्नामेंट के सीजन-4 के समापन समारोह पर विक्रमादित्य सिंह पहुंचे कुनिहार

# प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को बेहतर प्रोत्साहन देने के लिए कृतसंकल्प

अनंत ज्ञान, सोलन

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार राज्य में विभिन्न स्थानों पर आवश्यकतानुसार खेल स्टेडियम निर्मित कर रही है, ताकि स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा तराशने के लिए उचित मंच मिल सके।

विक्रमादित्य सिंह सोलन के अर्की उपमंडल की पंचायत कुनिहार के महाराजा पदम सिंह मेमोरियल खेल मैदान में हिम एकादश ओपन क्रिकेट टूर्नामेंट के सीजन-4 के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस प्रतियोगिता का आयोजन एहसास क्लब कुनिहार द्वारा किया गया।




विजेता टीम कमांडो इलेवन को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह।

लगभग दो माह तक आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेश की 64 टीमों के लगभग 700 खिलाड़ियों ने भाग लिया। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित बना रही है कि राज्य के खिलाड़ियों को बेहतर प्रोत्साहन मिले, ताकि वह अपना शत प्रतिशत प्रदान कर सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने ओलंपिक एवं एशियन तथा राष्ट्र मंडल खेलों की व्यक्तिगत स्पर्धाओं में स्वर्ण, रजत तथा कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि में ऐतिहासिक वृद्धि की है। खेलों के माध्यम से खिलाड़ी न केवल देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं, बल्कि अन्य के लिए प्रेरणास्रोत बन रहे हैं। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि खेल युवाओं के व्यक्तित्व में विकास के साथ-साथ उनकी ऊर्जा को उचित दिशा भी प्रदान करते हैं।

शहरी विकास मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेलों को समुचित प्रोत्साहन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुनिहार क्षेत्र में सुचारु जलापूर्ति के लिए योजनाबद्ध प्रयास किए जा रहे हैं। कुनिहार क्षेत्र में योजनाबद्ध विकास के लिए बेहतर योजनाओं का समन्वय किया जाएगा, ताकि लोगों को उचित आधारभूत सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों की समस्याओं को चरणबद्ध तरीके से निपटाया जाएगा। क्षेत्र में विभिन्न सड़कों के रखरखाव एवं मरम्मत का कार्य भी पूरा करवाया जाएगा। उन्होंने एहसास क्लब कुनिहार से अन्य खेलों को भी प्रतियोगिता में सम्मिलित करने को कहा।

उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि नशे से सदैव दूर रहें और शिक्षा तथा खेल के माध्यम से अपने जीवन को नई ऊंचाई प्रदान करें। लोक निर्माण मंत्री ने इस अवसर पर प्रतियोगिता में विजेता टीम कमांडो इलेवन को एक लाख रुपए की राशि, ट्रॉफी तथा रनरअप रही टीम हाट कोट वॉरियर्स को पचास हजार रुपए की राशि व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।




## न्यूज ब्रीफ

### पीजीआई को व्हीलचेयर और बैरिकेड्स दान




**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** मरीजों की सुविधा और देखभाल में सुधार के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने एक अनूठी पहल करते हुए पीजीआई को 75 व्हीलचेयर और 160 बैरिकेड्स दान किए हैं। यह सहयोग न केवल मरीजों के अनुभव को बेहतर बनाएगा, बल्कि दोनों संस्थानों के बीच आपसी भरोसे और समर्पण को भी मजबूती देगा। इस मौके पर डीन एकेडमिक प्रो. आरके राठो, चिकित्सा अधीक्षक विपिन कौशल, डॉ. आरएस भोगल, एसबीआई के अधिकारी सुरजीत कुमार, टीकम सिंह गहलोत, रोहित शर्मा आदि मौजूद रहे।

### नवनिर्वाचित चेयरमैन जय शाह को दी बधाई



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** यूटीसीए अध्यक्ष संजय टंडन ने मुंबई में बीसीसीआई की विशेष आम बैठक में आईसीसी के नवनिर्वाचित चेयरमैन जय शाह को बधाई दी। उन्होंने बीसीसीआई के नए सचिव देवजीत सैकिया और कोषाध्यक्ष प्रभजीत सिंह भाटिया से भी मुलाकात कर शुभकामनाएं दीं। बैठक में टंडन ने यूटीसीए को मजबूत बनाने और चंडीगढ़ की क्रिकेट प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। उन्होंने नशीली दवाओं के दुरुपयोग से युवाओं को दूर रखने और गली क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए यूटीसीए की पहल पर एक कॉफी टेबल बुक भेंट की। यह पुस्तक गली क्रिकेट से पेशेवर मंच तक पहुंचने के प्रयासों को रेखांकित करती है।

### एनसीसी कैडेटों की साइकिल रैली चंडीगढ़ पहुंची

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारत के वीर-एक शौर्य गाथा थीम पर चंडीगढ़ स्थित पीएचएचपीएंडसीसी निदेशालय के 12 एनसीसी लड़के और लड़की कैडेटों की एक साइकिलिंग टीम, जो 7 जनवरी से हुसैनीवाला बॉर्डर से नई दिल्ली तक की यात्रा पर है, आज चंडीगढ़ में सेक्टर 31 स्थित एनसीसी ग्रुप मुख्यालय में पहुंची, जहां रैली का स्वागत लेफ्टिनेंट जनरल बलजीत सिंह जसवाल, पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएसएम, पूर्व जीओसी-इन-सी, उत्तरी कमान, ब्रिगेडियर वी एस चौहान, वाईएसएम, ग्रुप कमांडर, एनसीसी ग्रुप मुख्यालय, चंडीगढ़, अन्य एनसीसी अधिकारियों और कैडेटों ने किया। साइकिल रैली का समापन नई दिल्ली में होगा।

### सीएम धामी ने मकर संक्रांति की दी बधाई

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को मकर संक्रांति एवं उत्तरायणी पर्व की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सूर्यदेव की उपासना, दान एवं धर्म परायणता का यह पर्व लोगों के जीवन में उत्साह और उमंग का संचार करता है। यह पर्व हमारे देश की समृद्ध विरासत और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में मकर संक्रांति और इस अवसर पर किए जाने वाले दान-पुण्य का विशेष महत्व होता है।

### गर्ल्स हॉस्टल में मनाया लोहड़ी का पर्व

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल में लोहड़ी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राएं एकता और सांस्कृतिक गौरव की भावना से एक साथ आए। लोहड़ी उत्सव के मुख्य आकर्षण पवित्र अग्नि को प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने प्रज्वलित किया। अपने संबोधन में डॉ. शर्मा ने हॉस्टल की छात्राओं को अपनी शुभकामनाएं दीं और उन्हें एकजुटता, उम्मीद और नई शुरुआत के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

### सुकमा में आईईडी विस्फोट, 10 साल की बच्ची की मौत

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलियों की ओर से लगाए प्रेशर इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) में विस्फोट होने से 10 साल की बच्ची घायल हो गई। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह घटना तिम्मापुरम गांव के बाहरी इलाके में हुई। लड़की ने अनजाने में प्रेशर आईईडी पर पैर रख दिया, जिसके कारण उसमें विस्फोट हो गया। लड़की को चोटें आई हैं और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

### कच्छ में सीमा पार करते पाकिस्तान नागरिक पकड़ा

**भुज।** गुजरात के कच्छ जिले में सीमापार कर भारत में दाखिल होने की कोशिश कर रहे एक पाकिस्तानी नागरिक को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पकड़ लिया। बीएसएफ ने बताया कि पाकिस्तान का यह व्यक्ति हरामी नाला के उत्तर के एक क्षेत्र से सीमा पार करने की कोशिश कर रहा था। बीएसएफ जवानों ने पाकिस्तानी नागरिक को अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर कच्छ के हरामी नाला के उत्तरी क्षेत्र से भारतीय सीमा में प्रवेश करते देखा। बीएसएफ जवानों ने तुरंत उसे ललकारा और पकड़ लिया।

### राष्ट्रपति ने दी मकर संक्रांति की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लोहड़ी, मकर संक्रांति, पोंगल, माघ बिहू त्योहारों की देशवासियों को बधाई दी है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि लोहड़ी, मकर संक्रांति, पोंगल और माघ बिहू के शुभ अवसर पर मैं देश और विदेश में रहने वाले सभी भारतीय लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। ये पर्व हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत तथा विविधता में एकता के प्रतीक हैं। भारत के विभिन्न क्षेत्रों में मनाए जाने वाले ये त्योहार प्रकृति के प्रति सम्मान को व्यक्त करते हैं।

### खदान में फंसे मजदूरों के बचे होने की संभावना क्षीण



**गुवाहाटी।** असम के दीमा हसाओ जिले में एक कोयला खदान से पानी निकालने का काम सोमवार को आठवें दिन भी जारी रहने के बीच उसमें फंसे पांच खनिकों के बचे होने की संभावना और कम होती जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि उमरंगशु में छह जनवरी को खदान के अंदर नौ श्रमिक फंसे गए थे, जिनमें से अब तक चार शव बरामद किए गए हैं। तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) और 'कोल इंडिया' की ओर से लाई गई विशेष पंपिंग मशीनों की मदद से खदान से पानी निकाला जा रहा है। एक अधिकारी ने कहा कि खदान में जलस्तर काफी घट गया है, लेकिन यह अब भी स्पष्ट नहीं है कि इससे कब पूरी तरह से पानी निकल जाएगा।

# किसान संगठनों ने बैठक के बाद एकजुट होकर लड़ने पर जोर दिया

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के नेताओं ने पंजाब और हरियाणा की सीमाओं पर प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे दो किसान संगठनों के साथ सोमवार को बैठक की, ताकि केंद्र पर उनकी मांगों को स्वीकार करने के लिए दबाव बनाया जा सके और एक संयुक्त आंदोलन किया जा सके। किसान नेताओं ने कहा कि लड़ाई जीतने के लिए जनता का समर्थन बहुत जरूरी है।

किसान संगठनों के बीच एकता पर जोर देते हुए तीनों संगठनों के नेताओं ने फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित अपनी मांगों के लिए एकजुट लड़ाई की रूपरेखा तैयार करने को लेकर 18 जनवरी को एक और बैठक आयोजित करने का फैसला किया।

एसकेएम ने तीन कृषि कानूनों के खिलाफ 2020 के आंदोलन का नेतृत्व किया था। बाद में ये कानून निरस्त कर दिए गए। संयुक्त किसान



बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते किसान नेता।

मोर्चा फिलहाल एसकेएम (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) के आंदोलन का हिस्सा नहीं है। पिछले साल 13 फरवरी से खनौरी और शंभू सीमा स्थलों पर किसानों के दिल्ली मार्च को सुरक्षा बलों ने रोक दिया था।

डेढ़ महीने से अधिक समय से भूख हड़ताल कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के ''बिगड़ते'' स्वास्थ्य के मद्देनजर प्रदर्शनकारी किसानों के अनुरोध पर बैठक 15 जनवरी के बजाय 13 जनवरी को की गई।

एसकेएम नेता जोगिंदर सिंह उगराहां, बलबीर सिंह राजेवाल, दर्शन पाल, रमिंदर पटियाला और युद्धवीर सिंह ने पटियाला के पतरान में आयोजित दो घंटे की बैठक में भाग लिया। एसकेएम (गैर-राजनीतिक) और केएमएम की ओर से सरवन सिंह पंढेर, काका सिंह कोटरा, अभिमन्यु कोहाड़, सुरजीत सिंह फुल, सुखजीत सिंह हरदोझंडे और गुरिंदर सिंह भंगू मौजूद थे।

बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए तीनों संगठनों के नेताओं ने कहा कि बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई। केएमएम नेता पंढेर ने कहा, ''हमने 18 जनवरी को एक और बैठक बुलाई है, जिसमें आंदोलन में जीत सुनिश्चित करने और किसानों की मांगों को मनवाने जैसे मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। लोग चाहते हैं कि सभी एकजुट होकर लड़ें।''

एसकेएम नेता उगराहां के अनुसार, बैठक में यह निर्णय लिया गया कि एसकेएम, एसकेएम (गैर-राजनीतिक) और केएमएम के कोई भी किसान नेता एक-दूसरे के खिलाफ कोई बयान नहीं देंगे। उन्होंने कहा, ''हम जानते हैं कि हमारे दुश्मन और मुद्दे एक ही हैं और हमें एक संयुक्त लड़ाई लड़नी है।''

केंद्र के खिलाफ संयुक्त लड़ाई के लिए किसान संगठनों के बीच एकता बनाने के लिए एसकेएम द्वारा एसकेएम (गैर-राजनीतिक) और केएमएम को बैठक के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद यह बैठक आयोजित की गई।

## इनर व्हील क्लब ने अनोखे ढंग से मनाई लोहड़ी



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

इनर व्हील क्लब चंडीगढ़ सिटी ब्यूटीफुल ने इस वर्ष लोहड़ी का पर्व एक विशेष और सामुदायिक दृष्टिकोण से मनाया। क्लब ने सेक्टर 21 में आयोजित इस आयोजन के दौरान आर्थिक रूप से कमजोर बुजुर्ग महिलाओं को राशन वितरित किया।

इसके साथ ही बच्चों को पारंपरिक लोहड़ी मूंगफली, रेवाड़ी और गचक वितरित की गईं। आयोजन क्लब की प्रेसिडेंट अनिता मिड्ढा के नेतृत्व में आयोजित किया गया था, जिसमें उनके साथ क्लब की चार्टर प्रेसिडेंट उषा शर्मा, वाइस प्रेसिडेंट सरबानी दत्ता, मोनिका गुप्ता, कुलविंदर कौर, वीना धीर, रीनू, संगीता, पलक, शिवाली, नैंसी होरा उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

## ट्रस्ट ने लोहड़ी पर लगाया लंगर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

श्री राधा माधव सेवा ट्रस्ट सेक्टर-51 चंडीगढ़ द्वारा लोहड़ी का पावन पर्व धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर ट्रस्ट के मेंबरों द्वारा ब्रेड पकोड़ा, हलवा तथा चाय का लंगर लगाया गया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के सभी सदस्यों ने लोहड़ी का पर्व नाच गाकर मनाया।

इस कार्यक्रम में पार्षद जसमेन प्रीत सिंह तथा ट्रस्ट के सदस्य पीके शर्मा, भुपिंदर कुमार, जेके शर्मा, वरिंदर कटारिया, सुशील धवन, सुशील शर्मा, गिरवर शर्मा आदि सदस्यों ने भाग लिया।

## एक साल से फरार चल रहे इनामी नशा तस्कर को पकड़ा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



एक साल से फरार चल रहे ईनामी नशा तस्कर को भतरौजखान पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह लगातार अपनी पहचान व स्थान बदल रहा था।

17-01-2024 को मोहान चैक पोस्ट पर ओमनी वैन को पुलिस टीम द्वारा रुकने का ईशारा किया, तो चालक वैन को छोड़कर फरार हो गया। वाहन को चैक करने पर 50 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ, जिस पर थाना भतरौजखान में एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा अल्मोड़ा द्वारा थानाध्यक्ष भतरौजखान को फरार चल रहे वांटेड आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के लिए निर्देशित किया गया। लगभग 1 वर्ष से फरार चल रहे अभियुक्त पर 5,000 रुपए का इनाम घोषित किया गया था। इसमें पुलिस अधीक्षक हरबंस सिंह व सीओ अल्मोड़ा, रानीखेत विमल प्रसाद के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष भतरौजखान सुशील कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम वांटेड की तलाश में रवाना हुई। पुलिस टीम ने लगातार कई दिनों से रैकी (सुरागरसी-पतारसी) कर आरोपी के बारे में जानकारी जुटाई। पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयासों से ईनामी नशा तस्कर वीरू को मोहाली पंजाब से गिरफ्तार किया गया।

## अन्न मेले का हुआ आयोजन

**चंडीगढ़।** 5 सिग्नल बटालियन, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, हल्लोमाजरा, चंडीगढ़ का 37वां स्थापना दिवस वाहिनी मुख्यालय में मनाया। इस दौरान विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं सांस्कृतिक कार्यकम के साथ-साथ श्री अन्न मेले का आयोजन किया गया।

मुख्यातिथि दिनेश उनियाल, पुलिस महानिरीक्षक, पश्चिमोत्तर सेक्टर, चंडीगढ़ द्वारा दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया गया। सांस्कृतिक कार्य में बच्चों के साथ-साथ जवानों ने भी खूब नाच-गाना व मस्ती की। इस अवसर पर आयोजित मेले में विभिन्न प्रकार के व्यंजनों, दैनिक उपयोग की वस्तुओं के साथ-साथ पुस्तकों, शिक्षण सामग्री व विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेलों के स्टॉल भी लगाए गए।

## दो वर्ष में हरित क्षेत्र 22 फीसदी बढ़ा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



चंडीगढ़ के निवासियों के लिए खुशखबरी की बात है कि पिछले दो वर्षों में शहर का हरित क्षेत्र 22 प्रतिशत तक बढ़ गया है। इसमें सुखना वाइल्डलाइफ सेंचुरी का क्षेत्र शामिल नहीं है। भारतीय वन रिपोर्ट (आईएसएफआर)-2023 के अनुसार, चंडीगढ़ का कुल हरित आवरण 2021 में 37.88 वर्ग किलोमीटर से बढ़कर 2023 में 46.18 वर्ग किलोमीटर हो गया है।

यह रिपोर्ट वन सर्वेक्षण भारत (एफएसआई) द्वारा हर दो वर्ष में देश में वन और वृक्ष आवरण की स्थिति पर रिपोर्ट जारी की जाती है। एफएसआई के अनुसार, 2001 में चंडीगढ़ का वृक्ष आवरण केवल 2 वर्ग किलोमीटर था, जो 2023 में बढ़कर 21.18 वर्ग किलोमीटर हो गया है। वहीं, वन आवरण-2001 में 13 वर्ग किलोमीटर था, जो 2023 में बढ़कर 25 वर्ग किलोमीटर हो गया है। 2021 से 2023 के बीच भी बड़ा बदलाव देखने को मिला। वन आवरण 2021 में 22.88 वर्ग किलोमीटर था, जो 2023 में 25 वर्ग किलोमीटर तक पहुंच गया है।

इसी तरह, वृक्ष आवरण 2021 में 15 वर्ग किलोमीटर था, जो अब 21.18 वर्ग किलोमीटर हो गया है। वन विभाग ने शिशम, शहतूत, खैर और बबूल जैसे स्थानीय प्रजातियों के पौधे लगाने पर ध्यान केंद्रित किया है।

### सामूहिक प्रयास से मिली सफलता

**चंडीगढ़** के वन उपसंरक्षक नवनीत कुमार ने राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) में दाखिल हलफनामे में बताया कि शहर के वन और वृक्ष आवरण में बढ़ोतरी का श्रेय चंडीगढ़ प्रशासन और अन्य पौधारोपण एजेंसियों के सक्रिय प्रयासों को जाता है।

विदेशी प्रजातियों के पौधे लगाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके अलावा, स्थानीय निवासियों को मुफ्त पौधे वितरित किए जा रहे हैं, जिससे हरित क्षेत्र में बढ़ोतरी हो रही है। एनजीओ, आरडब्ल्यूए, ईको क्लब्स और मीडिया के साथ निरंतर जुड़ाव ने न केवल वन की सुरक्षा में मदद की है, बल्कि चंडीगढ़ के हरित क्षेत्र को बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाई है।

## देश-विदेश

## इसराइल ने किया गाजा में हमला, आठ लोगों की मौत

**एजेंसी, रामल्लाह**



**गाजा** पट्टी के इलाकों पर इसराइली हमलों में कम से कम आठ फिलिस्तीनी मारे गए। गाजा में नागरिक सुरक्षा के प्रवक्ता महमूद बसल ने बताया कि गाजा शहर के पश्चिम में अल-शती शरणार्थी शिविर में फिलिस्तीनियों की एक सभा को निशाना बनाकर किए गए इजरायली ड्रोन हमले में तीन लोग मारे गए। वहीं, गाजा शहर के उत्तर-पश्चिम में अल- करामा पड़ोस में हवाई हमले में दो फिलिस्तीनी मारे गए और गाजा शहर के पूर्व में अल-शुजाइया पड़ोस में एक इसराइल हमले में दो और मारे गए। इसके अलावा, उत्त ने गाजा के जबालिया शहर में एक युवक की मौत हो गई, जहां प्रत्यक्षदर्शियों ने क्षेत्र को निशाना बनाने वाले इजरायली तोपखाने से चोटों की पुष्टि की।

## राजस्थान में सड़क हादसे में तीन लोगों की गई जान

**जयपुर।** राजस्थान के गंगानगर जिले में सोमवार की सुबह एक सड़क हादसे में महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह हादसा उस समय हुआ जब एक जीप सामने से आ रही रोडवेज की बस से जा टकराई। हादसे का कारण घना कोहरा बताया जा रहा है। पदमपुर के थानाधिकारी सुरेंद्र राणा ने बताया कि हादसे में जीप में सवार गुरचरण सिंह, बादल सिंह व स्वर्णजीत कौर की मौत हो गई। दो व्यक्ति हादसे में घायल हुए हैं जिनका इलाज चल रहा है। रोडवेज की बस गंगानगर से बीकानेर के लिए निकली थी जबकि जीप में सवार लोग गंगानगर जा रहे थे।

## सेना प्रमुख बोले- पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर स्थिति संवेदनशील, लेकिन स्थिर

**एजेंसी, नई दिल्ली**



सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति संवेदनशील, लेकिन स्थिर है।

जनरल द्विवेदी ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में थोड़ा बहुत गतिरोध अभी भी बना हुआ है और भारतीय एवं चीन की सेनाओं के बीच विश्वास बहाली के लिए प्रयास किए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि देपसांग और डेमचोक में पारंपरिक क्षेत्रों में गश्त और जानवरों की चराई शुरू हो गई है, जो दो टकराव वाले क्षेत्र थे और जहां से दोनों पक्ष अक्तूबर में पीछे हट गए थे। उन्होंने कहा कि हमारी तैनाती संतुलित और ठोस है और हम किसी भी स्थिति से निपटने में सक्षम हैं। एलएसी की समग्र स्थिति पर कहा कि हम सीमा बुनियादी ढांचे और क्षमता विकास को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर की स्थिति पर उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर स्थिति नियंत्रण में है और नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान के साथ संघर्षविराम समझौता कायम है। सेना प्रमुख ने कहा कि घुसपैठ की कोशिशें जारी हैं और पाकिस्तान की तरफ आतंकी ढांचा बरकरार है। पिछले साल मारे गए 60 प्रतिशत आतंकवादी पाकिस्तानी मूल के थे। मणिपुर के बारे में सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने कहा कि सुरक्षाबलों के समन्वित प्रयासों और सरकार की सक्रिय पहलों से राज्य में स्थिति नियंत्रण में आ गई है।

## अमेरिका में आग बेकाबू, अब तक 24 लोगों की मौत

**एजेंसी, लॉस एंजिलिस**

**अमेरिका** के पश्चिमी तटीय लॉस एंजिलिस क्षेत्र में जंगल में लगी आग में मरने वालों की संख्या 24 हो गई और हजारों घर तबाह हो गए हैं। वहीं, अग्निशमन दल ने आग बुझाने की कवायद तेज कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि कम से कम 16 लोग लापता हैं और यह संख्या बढ़ सकती है। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने भीषण आग



की स्थिति के लिए उच्च श्रेणी की चेतावनी जारी की है। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने क्षेत्र में 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान जताया है और पर्वतीय क्षेत्रों में हवा की गति 113 किलोमीटर प्रति घंटे रहने की संभावना है। लॉस एंजिलिस काउंटी के अग्निशमन प्रमुख एंथनी सी मारोन ने कहा कि आग बुझाने की कवायद में तेजी लाने के लिए पानी के 70 अतिरिक्त ट्रक पहुंचे हैं। शेरिफ रॉबर्ट लूना ने कहा कि ईटॉन क्षेत्र में 12 और पैलिसेड्स से चार लोग लापता हैं।

## जेएंडके के बारामूला में दुर्घटनावश गोली चलने से बीएसएफ का जवान जख्मी

**एजेंसी, श्रीनगर**



जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में सोमवार को नियमित गश्त के दौरान सर्विस राइफल से दुर्घटनावश गोली चलने से बीएसएफ का एक जवान घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि कांस्टेबल मनीष मेघवाल जब ओल्ड टाउन बारामूला में गश्त पर थे, उसी दौरान यह घटना हुई। उन्होंने बताया कि घायल जवान को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

## भाजपा ने आरक्षण मुद्दे पर दिल्ली के जाटों को दिया धोखा : केजरीवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**'आप'** के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर आरक्षण के मुद्दे पर दिल्ली के जाटों को 'धोखा' देने का आरोप लगाया और पार्टी से पूछा कि उन्हें अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए केंद्र की सूची में कब शामिल किया जाएगा।

केजरीवाल ने सोमवार को अपने आवास पर जाट नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। राष्ट्रीय राजधानी के कुछ विधानसभा क्षेत्रों, खासकर बाहरी दिल्ली के इलाकों में इस समुदाय के मतदाताओं की अच्छी खासी संख्या है। केजरीवाल ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी के जाट दिल्ली की ओबीसी सूची में शामिल हैं, लेकिन केंद्र की सूची में नहीं हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राजस्थान के जाटों को दिल्ली विश्वविद्यालय और उसके कॉलेजों में प्रवेश मिल सकता है, एम्स, सफदरजंग अस्पताल और सभी केंद्र सरकार के संस्थानों में नौकरियां मिल सकती हैं, लेकिन दिल्ली के जाटों को नहीं। प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने दिल्ली के जाट समुदाय से वादा किया था कि उन्हें केंद्रीय स्तर पर ओबीसी आरक्षण दिया जाएगा, लेकिन वादा पूरा नहीं हुआ है।

## संवाद बंद होने पर गठबंधन सफल नहीं हो सकता : राउत



**मुंबई।** महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव अकेले लड़ने की शिवसेना (यूबीटी) की घोषणा के कुछ दिनों बाद पार्टी नेता संजय राउत ने सोमवार को कहा कि यदि सहयोगियों के बीच संवाद बंद हो जाए तो कोई भी गठबंधन सफल नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि सहयोगियों के बीच संवाद बनाए रखने के लिए 'जिम्मेदार नेताओं' की नियुक्ति की जरूरत है और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन में सबसे बड़े घटक दल कांग्रेस को यह भूमिका निभानी चाहिए। किसी भी पार्टी को अपने पूर्व या संभावित भावी सहयोगियों को 'धोखेबाज' नहीं कहना चाहिए।

### बदलापुर स्कूल यौन उत्पीड़न मामला

## बच्चियां बहुत छोटी, जल्द पूरी हो सुनवाई : हाईकोर्ट

**एजेंसी, मुंबई**

**बॉम्बे** हाईकोर्ट ने सोमवार को बदलापुर स्कूल यौन उत्पीड़न मामले में सख्ती दिखाई। अदालत ने कहा कि पीड़ित बच्चियां बहुत छोटी हैं, इसलिए मामले की सुनवाई जल्द से जल्द पूरी होनी चाहिए।

पिछले साल अगस्त में ठाणे के बदलापुर इलाके में स्थित एक स्कूल के शौचालय में चार और पांच साल की दो लड़कियों का एक पुरुष अटेंडेंट ने यौन उत्पीड़न किया था। मामला सामने आते ही उसे गिरफ्तार कर लिया गया था। हालांकि, अदालत ले जाते समय पुलिस के साथ मुठभेड़ हुई और वह मारा गया। वहीं, मामले की जांच के लिए महाराष्ट्र सरकार की ओर से गठित विशेष जांच (एसआईटी) आरोप पत्र दायर कर चुकी है। यौन अपराधों से बच्चों की सुरक्षा (पॉक्सो) अधिनियम के प्रावधानों के तहत यौन उत्पीड़न की रिपोर्ट करने में नाकाम रहने के लिए स्कूल के प्रधानाध्यापक और उसके प्रबंधन के दो सदस्यों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया गया है। हाईकोर्ट ने घटना का खुद संज्ञान तब लिया था, जब यह बात सामने आई कि बदलापुर की स्थानीय पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए तत्काल कार्रवाई नहीं की।

## सेंसेक्स 1048 और निफ्टी 345 अंक गिरा

**एजेंसी, मुंबई**

हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स 1048 अंक (1.36 फीसदी) की गिरावट के साथ 76,330 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 345 अंक (1.47 फीसदी) की गिरावट रही, ये 23,085 के स्तर पर बंद हुआ।

बीएसई स्मॉलकैप 2,126 अंक (4.03 फीसदी) की गिरावट के साथ 50,596 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 26 में गिरावट और केवल 4 में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 46 में गिरावट और केवल 4 में तेजी रही। एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स में सबसे ज्यादा निफ्टी रियल्टी 6.47 फीसदी, निफ्टी मीडिया 4.54 फीसदी और निफ्टी मेटल 3.77 फीसदी गिरकर बंद हुए। दिसंबर में अमेरिकी बेरोजगारी दर गिरकर 4.1 फीसदी हो गई, जबकि जॉब ग्रोथ मजबूत रही। ऐसे में आशंका है कि फेडरल रिजर्व दर में कटौती को रोक सकता है। इससे भारत जैसे उभरते बाजारों पर दबाव बढ़ने की आशंका है।




### सोने में बढ़त और चांदी में गिरावट दर्ज

**नई दिल्ली।** सोने की कीमतों में बढ़त देखने को मिली। 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 332 रुपए बढ़कर 78,350 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने का दाम 78,018 रुपए प्रति दस ग्राम था। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 118 रुपए घटकर 90,150 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले ये 90,268 रुपए प्रति किलो पर थी।

# ऊना और मंडी के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

**संजीव पुरी, ऊना**



अंडर 14 जिला स्तरीय प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मुकाबला ऊना और शिमला के बीच इंदिरा स्टेडियम, ऊना में खेला गया। ऊना की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट पर 227 रन बनाए। ऊना के समीर सिंह ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 86 रन बनाए। अपनी पारी में समीर सिंह ने 12 चौके लगाए, तेजस शर्मा 45 रन बनाए। शिमला के गेंदबाज सर्वेश ने 4 खिलाड़ियों को आउट किया।

शिमला की टीम पहली पारी में 10 विकेट पर 108 रन बना सकी। संयम ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 31 रन बनाए जबकि संभव शर्मा ने 46 रनों का योगदान दिया। ऊना के गेंदबाज समीर सिंह चौहान ने चार खिलाड़ियों को आउट किया। ऊना की टीम ने पहली पारी में बढ़त बनाकर जीत पक्की की। कर ली। ऊना की टीम ने अपनी दूसरी पारी में दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट पर 52 रन बनाए, मैच बिना किसी नतीजे से समाप्त हो गया, पहली पारी में बढ़त के आधार पर ऊना ने फाइनल में प्रवेश किया।

खेल प्रेमियों विनय शर्मा मंदली, पंकज पीटर संदीप बेदी नवीन शर्मा सुनील शर्मा रमन सैनी और संजीव पुरी ने टीम को फाइनल में पहुंचने के लिए बधाई दी।

## मंडी ने दूसरे सेमीफाइनल में बिलासपुर को हराया

**जवाहर** नवोदय विद्यालय ऊना पेखुवेला में मंडी और बिलासपुर में दूसरा सेमीफाइल मुकाबला खेला गया। मंडी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट 153 रन बनाए। मंडी की तरफ से शुभम कुमार ने 20, रजत ठाकुर ने 13, अदीश मिन्हास ने 16 और वैदुस ने 43 रनों का योगदान दिया। बिलासपुर के गेंदबाज अंश और मयंक शर्मा ने तीन-तीन खिलाड़ियों को आउट किया जबकि प्रतीक और प्रिंस को दो-दो विकेट मिले। बिलासपुर की टीम पहली पारी में 129 रन ही बना सकी। मंडी के अदिश मन्हास ने 4 जबकि अर्णव ठाकुर ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया। मंडी की टीम ने दूसरी पारी में 10 विकेट 189 रन बनाए। अर्णव ठाकुर ने 86 रनों का योगदान दिया। दक्ष ठाकुर ने 31, शुभम शर्मा ने 14 रन बनाए। बिलासपुर के गेंदबाज मयंक शर्मा ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया। प्रतीक और अंश को एक-एक विकेट मिला। बिलासपुर की टीम दूसरी पारी में 10 विकेट 117 रन बना सकी। बिलासपुर केमयंक शर्मा ने 48 रन बनाए। अंश ने 38 और आरव ने 11 रनों का योगदान दिया।, मंडी के गेंदबाज अर्नव ठाकुर ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया। मंडी ने बिलासपुर को 96 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया, फाइनल मुकाबला मंडी और ऊना के बीच धर्मशाला के अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेला जाएगा।

## अभ्यास मैच : भारत ने स्कॉटलैंड को 119 रनों से हराया

**कुआलालंपुर।** गत चैंपियन भारत ने आईसीसी महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप के अभ्यास मैच में स्कॉटलैंड को 119 रन से करारी शिकस्त दी। भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 164 रन बनाए, जिसमें कमलिनी जी 23 गेंदों में 32 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं।

भारत ने इसके बाद स्कॉटलैंड को 18.5 ओवर में 45 रन पर आउट कर दिया। भारत की तरफ से शबनम शकील, वैष्णवी शर्मा और सोनम यादव ने दो-दो विकेट लिए।

अन्य अभ्यास मैचों में, ऑस्ट्रेलिया ने मेजबान मलेशिया को 140 रन से, वेस्टइंडीज ने नेपाल को नौ रन से, अमेरिका ने न्यूजीलैंड को 13 रन से, बांग्लादेश ने श्रीलंका को चार विकेट से, इंग्लैंड ने समोआ को नौ विकेट से और पाकिस्तान ने नाइजीरिया को 11 रन से हराया।

# 18 जनवरी से शुरू होगा अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप-2025

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप 2025 का आयोजन 18 जनवरी से 2 फरवरी तक मलेशिया में किया जाएगा। यह टूर्नामेंट का दूसरा संस्करण है, जिसमें 16 टीमों हिस्सा ले रही है। टूर्नामेंट में कुल 41 मैच खेले जाएंगे, इन टीमों को 4 ग्रुप में बांटा गया है।

दक्षिण अफ्रीका में 2023 में हुए पहले संस्करण में जीत दर्ज करने वाली गत विजेता भारत को मेजबान मलेशिया, श्रीलंका और वेस्टइंडीज के साथ ग्रुप-ए में रखा गया है। ग्रुप-बी में इंग्लैंड, आयरलैंड को पाकिस्तान और अमेरिका के साथ शामिल किया गया है। ग्रुप-सी में न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका को नाइजीरिया और समोआ के साथ रखा गया है, जबकि ग्रुप-डी में ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, नेपाल और स्कॉटलैंड शामिल हैं।

प्रत्येक टीम अपने ग्रुप की प्रत्येक अन्य टीम के साथ एक बार खेलेगी। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष-3 टीमें सुपर सिक्स लीग चरण में आगे बढ़ेंगी। ग्रुप-ए से आगे बढ़ने वाली टीमें ग्रुप-डी की दो क्वालीफायर टीमों का सामना करेंगी, जबकि ग्रुप-बी की टीमें ग्रुप-सी की दो क्वालीफायर टीमों से मुकाबला करेंगी। ग्रुप चरण के दौरान अन्य क्वालीफाइंग टीमों के खिलाफ मैचों में अर्जित अंक सुपर सिक्स लीग चरण में भी लागू होंगे।

सुपर-6 चरण 25 से 29 जनवरी तक आयोजित होगा, जबकि सेमीफाइनल 31 जनवरी को पंडामारन में खेले जाएंगे। फाइनल मुकाबला 2 फरवरी को पांडामारन के बायूमास ओवल में खेला जाएगा।

### भारतीय टीम

**निकी** प्रसाद (कप्तान), सानिका चालके, जी तृषा, कमलिनी जी, भाविका अहिरे, ईश्वरी अवसरे, मिथिला विनोद, जोशीता वीजे, सोनम यादव, पारुनिका सिसौदिया, केसरी द्रिथि, आयुषी शुक्ला, आनंदिता किशोर, एमडी शबनम, वैष्णवी एस।

## स्पोर्ट्स विंडो

### राष्ट्रीय मुक्केबाजी : हिमाचल के जामवाल ने शिवा थापा को हराया

**बरेली।** हिमाचल प्रदेश के अभिनाश जामवाल ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पुरूष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के



सेमीफाइनल में मौजूदा वेल्टरवेट चैंपियन शिवा थापा को हराया। जामवाल ने इससे पहले 2022 युवा विश्व चैंपियन वंशज कुमार को हराया था। सेना खेल नियंत्रण बोर्ड ( एसएससीबी) ने अपना दबदबा बरकरार रखा और उसके दस में से आठ मुक्केबाज फाइनल में पहुंच गए। पूर्व युवा विश्व चैंपियन सचिन सिवाच ने हरियाणा के गौरीश पुजानी को लाइटवेट (55 से 60 किलो ) वर्ग में हराया। वहीं लक्ष्य चाहर ने मिजोरम के मालसावम्त्लुआंगा को लाइट हैवीवेट (75 से 80 किलो) में मात दी। सुपर हैवीवेट (90 और प्लस 90 किलो ) वर्ग में उत्तराखंड के नरेंदर ने एसएससीबी के गौरव चौहान को हराया और अब उनका सामना हरियाणा के अंशुल गिल से होगा।

### कमिंस, हेजलवुड चोट के बावजूद चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में

**सिडनी।** पैट कमिंस को अगले महीने होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलियाई टीम का कप्तान चुना गया, जबकि तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को भी चोट के बावजूद टीम में जगह मिली है। कमिंस भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में टखने की चोट से जूझते रहे थे। वह अपने दूसरे बच्चे के जन्म और इस चोट के कारण आगामी श्रीलंका दौरे पर भी नहीं जा रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया को ग्रुप-बी में अफगानिस्तान, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के साथ रखा गया है। उसे अपने मैच लाहौर और रावलपिंडी में खेलने हैं।

**टीम।** पैट कमिंस (कप्तान ), एलेक्स कैरी, नाथन एलिस, आरोन हार्डी, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, मार्नस लाबुशेन, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट, स्टीवन स्मिथ, मिशेल मार्श, मार्कस स्टोइनिस, एडम जांपा।

### चहल की पत्नी धनश्री ने तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली।** क्रिकेटर युजवेंद्र चहल की पत्नी धनश्री ने सोशल मीडिया ट्रोलिंग से तंग आकर अपना पक्ष भी सोशल मीडिया के जरिए ही रखा है। हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक लंबी पोस्ट लिखी है, जिसमें वह लिखती हैं, 'पिछले कुछ दिन मेरे लिए और परिवार के लिए काफी मुश्किल भरे रहे। सबसे ज्यादा परेशान करने वाली यह रही कि बिना तथ्यों की खबर लिखी गई। मेरे कैरेक्टर पर सवाल किए गए। यह सब कुछ फेसलेस ट्रोल्स ने किया, मेरे खिलाफ नफरत फैलाई।'



### शाहपुर अकादमी की टीम ने जीती अंडर-18 फुटबॉल ट्रॉफी



**कोहली, शाहपुर।** धर्मशाला के खनियारा में इंद्रू नाग फुटबॉल अकादमी की ओर से अंडर-18 फुटबॉल की दो दिवसीय चैंपियनशिप करवाई गई। टूर्नामेंट का फाइनल मैच शाहपुर फुटबॉल अकादमी और इंद्रू नाग फुटबॉल अकादमी के बीच खेल गया, जिसमें शाहपुर फुटबॉल अकादमी ने 2-0 से ट्रॉफी अपने नाम की। टूर्नामेंट के अंतिम दिन मुख्यातिथि के रूप में धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा ने शिरकत की। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीम को सम्मानित किया। इस मौके पर जिला फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष की राकेश चौहान ने दोनों टीमों को बधाई दी।

## ऑस्ट्रेलिया ओपन

## सिनेर और स्वियातेक ने जीत के साथ किया आगाज

# नोवाक जोकोविच की संघर्षपूर्ण जीत

**एजेंसी, मेलबोर्न**

नोवाक जोकोविच का अपने पूर्व प्रतिद्वंद्वी एंडी मर्रे के कोच रहते हुए शुरुआत बहुत अच्छी नहीं रही और उन्हें सोमवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर के मैच में पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता में खेल रहे 19 वर्षीय निशेष बासवरेड्डी के खिलाफ जीत के लिए पसीना बहाना पड़ा।

रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता जोकोविच पहले सेट में हार गए.लेकिन इसके बाद उन्होंने अपने अनुभव का अच्छा इस्तेमाल किया तथा आखिर में 4-6, 6-3, 6-4, 6-2 जीत दर्ज करके मेलबर्न पार्क में 11वीं बार चैंपियन बनने की तरफ कदम बढ़ाए।



जोकोविच ने मर्रे के बारे में कहा, ''निश्चित तौर पर उसे अपने कॉर्नर पर बैठे देखकर मैं काफी रोमांचित था। यह थोड़ा अजीब अनुभव भी था क्योंकि हम पिछले 20 वर्षों से एक-दूसरे के खिलाफ खेलते रहे हैं। उसका अब मेरे साथ होना शानदार है। उसने मैच के दौरान मुझे कुछ अच्छी सलाह दी।''

इससे पहले दूसरे टाइब्रेकर में खराब ड्रॉप शॉट पर एक सेट अंक गंवाने के बाद यानिक सिनेर ने दमदार वापसी करते हुए पहले दौर में निकोलस जैरी को 7-6, 7-6, 6-1 से हराया।

टूर्नामेंट से पहले 2024 के डोपिंग मामलों में सुर्खियों में रहे सिनेर और महिला वर्ग में नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने जीत के साथ आगाज किया। सिनेर की यह टूर पर और ग्रैंडस्लैम में हार्डकोर्ट पर लगातार 15वीं जीत है। शीर्ष रैंकिंग वाले सिनेर ने 35वीं रैंकिंग वाले चिली के जैरी के खिलाफ मिली जीत के बाद कहा ,'' पहला सेट काफी करीबी था और कोई भी जीत सकता था । तीसरे सेट में मैने दबाव बनाया और खुश हूं कि कठिन हालात से निकलकर जीत दर्ज की ।''

सिनेर ने यहां पिछले साल फाइनल में दानिल मेदवेदेव को हराकर पहला ग्रैंडस्लैम जीता था जबकि सेमीफाइनल में 10 बार के चैम्पियन नोवाक जोकोविच को मात दी थी । महिला वर्ग में पोलैंड की स्वियातेक ने कैटरीना सिनियाकोवा को 6-3, 6-4 से हराया।

अमेरिका की तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गाफ ने 2020 की चैंपियन सोफिया केनिन को सीधे सेटों में 6-3, 6-3 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की। गाफ ने नवंबर में डब्ल्यूटीए फाइनल्स जीता था और पिछले सप्ताह युनाइटेड कप जीतकर अपनी तैयारियां पुख्ता की।

### प्वाइंट कार्ड

| जोकोविच | | बासवरेड्डी |
|---|---|---|
| 23 | एस | 04 |
| 04 | डब्ल फॉल्ट | 08 |
| 68% | पहली सर्व | 55% |
| 78% | पहली सर्व जीती | 72% |
| 70% | दूसरी सर्व जीती | 52% |
| 4/11 | ब्रेक प्वाइंट | 1/3 |
| 00 | टाइब्रेक जीता | 00 |
| 129 | प्वाइंट जीते | 106 |

### एलेक्स मिचेलसेन ने सिटसिपास को हराकर किया उलटफेर

**अमेरिका** के 20 वर्ष के एलेक्स मिचेलसेन ने अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज करते हुए 2023 ऑस्ट्रेलियाई ओपन



उपविजेता स्टेफानोस सिटसिपास को सत्र के पहले ग्रैंडस्लैम में पहले ही दौर में हरा दिया और जीत के बाद अपनी मां को शुक्रिया कहा। मिचेलसेन ने यूनान के 26 वर्ष के सिटसिपास पर 7-5, 6-3, 2-6, 6-4 से जीत दर्ज की। मिचेलसेन ने तीन वर्ष की उम्र से टेनिस खेलना शुरू किया। उनकी मां सोंड्रा स्कूल टीचर है जो कॉलेज में टेनिस खेल चुकी थी। जीत के बाद उन्होंने कहा ,'' मुझे यकीन है कि वह देख रहीं होंगी। हम रोज काफी अभ्यास करते थे। बेसलाइन से रोज करीब एक मिलियन बॉल हिट करते थे। वह नहीं होती तो मैं यहां तक कभी नहीं पहुंच पाता। शुक्रिया मां।''

### विराट और रोहित को अपना भविष्य खुद तय करने दीजिए: कपिल

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में लचर प्रदर्शन के बाद कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी विराट कोहली के भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं, लेकिन भारत के पूर्व महान हरफनमौला कपिल देव ने सोमवार को यहां कहा कि ये दोनों इतने बड़े खिलाड़ी हैं कि अपने भविष्य को लेकर फैसला खुद कर सकते हैं।

ऑस्ट्रेलिया दौरे पर कोहली नौ पारियों में एक शतक के साथ 190 रन ही बना सकें और बार बार ऑफ स्टंप से बाहर जाती गेंद पर कैच देकर आउट हुए। कप्तान रोहित शर्मा के आंकड़े यहां और खराब रहे और वह तीन मैचों की पांच पारियों में महज 31 रन ही बना सके। वह खराब फॉर्म के कारण पांचवें टेस्ट मैच से बाहर थे।

भारतीय टीम को अपना अगला टेस्ट इस साल जून में इंग्लैंड दौरे पर खेलना है लेकिन भारतीय ि, केट जगत में 'सुपटस्टार' संस्कृति को पीछे छोड़ने की बात उठ रही है।

भारत के पूर्व महान खिलाड़ी कपिल देव से जब इन खिलाडियों के भविष्य के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, '' विराट और रोहित बहुत बड़े खिलाड़ी है और खेल में अपने भविष्य का फैसला उन्हें खुद करने दीजिए।''

# वॉलीबॉल में पिपलू ने जीता खिताब




**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ सांसद खेल महाकुंभ के आयोजिक राजेंद्र रिंकू ने बताया कि उपमंडल बंगाणा क्षेत्र के हटली में वॉलीबॉल का फाइनल हटली बनाम पिपलू में खेला गया, जिसमें पिपलू की टीम विजेता रही। कुटलैहड़ भाजपा मंडल के अध्यक्ष चरणजीत शर्मा और राज्य भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सचिव मदन राणा ने मुख्यातिथि शिरकत करके विजेता ओर उपविजेता टीम को सम्मानित किया।

इस अवसर पर बीडीसी सदस्य राजेंद्र रिंकू, स्वर्ण सिंह, शशि राणा, कुलदीप राणा काकू आदि गणमान्य मौजूद रहे।

## सांसद महाकुंभ 3.0

# कबड्डी में शिवा क्लब महारल चैंपियन

## विशाल पटेल को बेस्ट ऑलराउंडर का खिताब

**एसके ठाकुर बड़सर**

'खेलेगा हिमाचल, जीतेगा हिमाचल' सांसद महाकुंभ 3.0 दौरान कबड्डी प्रतियोगिता में शिवा क्लब महारल की टीम चैंपियन बनी। बिझड़ी के ताल स्टेडियम में महारल (35 अंक) की टीम ने चकमोह (21 अंक) की टीम को 13 अंको से हराकर ब्लॉक स्तरीय ट्रॉफी पर कब्जा किया।

इस मैच में महारल टीम के ऑलराउंडर विशाल पटेल ने 13 अंक हासिल करके बेस्ट ऑलराउंडर का खिताब जीता। तीसरे स्थान पर बिझड़ी की टीम रही है। जिला परिषद अध्यक्ष बबली कुमारी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुई। उन्होंने विजेता टीमों को मेडल तथा ट्रॉफी भेंट करके सम्मानित किया। उन्होंने पूर्व खेल मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर का ग्रामीण स्तर पर



ऐसे खेल आयोजन करवाने के लिए आभार प्राप्त किया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष यशवीर सिंह पटियाल, जिला परिषद सदस्य संजीव कुमार, भाजपा नेता संजीव शर्मा, प्रदेश से मीडिया प्रभारी आशीष ठाकुर, उपाध्यक्ष विशाल ठाकुर, जनक, युवा मोर्चा अध्यक्ष शशि शर्मा, मीडिया प्रभारी विकास, पोलू से मीडिया प्रभारी अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### एक खिलाड़ी को आया चक्कर

**बिझड़ी** टीम के खिलाड़ी साहिल कुमार को मुकाबले दौरान चक्कर आ गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद आयुर्वेद आयुर्वैदिक हॉस्पिटल बिझड़ी में ले जाया गया वहां से उसे जिला अस्पताल हमीरपुर के लिए रेफर किया गया।

## चैंपियंस ट्रॉफी

### दक्षिण अफ्रीका टीम में एनगिडि, नोर्त्जे शामिल

**जोहानसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका ने अगले महीने होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए तेम्बा बावुमा की कप्तानी वाली टीम में चोट से उबर चुके तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडि और एनरिच नोर्त्जे को शामिल किया है।

नोर्त्जे को पिछले महीने अंगूठे में चोट लगी थी, जिसकी वजह से वह पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज नहीं खेल सके। वहीं नवंबर में ग्रोइन में लगी चोट के कारण एनगिडि श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज से बाहर रहे थे। वनडे विश्व कप 2023 सेमीफाइनल खेलने वाली दक्षिण अफ्रीका टीम को चैम्पियंस ट्रॉफी में ग्रुप बी में रखा गया है । उसे अफगानिस्तान के खिलाफ कराची में 21 फरवरी को पहला मैच खेलना है । इसके बाद 25 फरवरी को रावलपिंडी में आस्ट्रेलिया से और एक मार्च को इंग्लैंड से खेलना है ।

**टीम।** तेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डि जोर्जी, मार्को यानसेन, हेनरिच क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मारक्रम, डेविड मिलर, वियान मूल्डर, लुंगी एनगिडि, एनरिच नोर्त्जे, कैगिसो रबाडा, रियान रिकेलटन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स, रासी वान डेर डुसेन।

## बैडमिंटन

## टूर्नामेंट आज से शुरू, भारत उतार रहा 21 सदस्यीय सबसे बड़ा दल

# इंडिया ओपन में नजरें सात्विक और चिराग पर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत ने मंगलवार से यहां शुरू हो रहे सितारों से सजे इंडिया ओपन सुपर-750 टूर्नामेंट में अपना सबसे बड़ा दल उतारा है, लेकिन नजरें कुछ जाने पहचाने नामों खासकर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पर लगी होंगी।

भारतीय खिलाड़ियों को पिछले दो सत्रों से इस टूर्नामेंट में सफलता नहीं मिली है। भारत का 21 सदस्यीय दल इस कमी को पूरा करने के साथ छह महीने पहले पेरिस ओलंपिक में खराब प्रदर्शन के बाद अपनी गलतियों को सुधारने के इरादे से उतरेगा।

भारत को सात्विक और चिराग से काफी अपेक्षाएं हैं चूंकि दुनिया की पूर्व नंबर-1 पुरुष युगल टीम ने 2022 इंडिया ओपन जीता था और 2025 सत्र में पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचकर अच्छी शुरुआत की। टूर्नामेंट में दुनिया के शीर्ष-


फाइल फोटो

20 पुरुष एकल खिलाड़ियों में से 18 और महिला एकल में 14 शीर्ष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

पेरिस ओलंपिक की निराशा के बावजूद चिराग और सात्विक पिछले दो साल में भारत के सबसे भरोसेमंद खिलाड़ी रहे हैं। चाइना मास्टर्स 2024 सेमीफाइनल खेल चुके सात्विक और चिराग का सामना पहले दौर में मलेशिया के वेइ चोंग मैन और केइ वुन ती से होगा।

### पीवी सिंधू का पहले दौर में अनुपमा उपाध्याय से मुकाबला

**भारत** से इस साल 21 प्रविष्टियां मिली है, जिसमें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू शामिल है। सिंधू अपने विवाह के कारण मलेशिया मास्टर्स से बाहर रहने के बाद वापसी कर रही हैं। हैदराबाद की 29 वर्ष की सिंधू ने सैयद मोदी इंटरनेशनल खिताब जीता था, लेकिन उसमे अधिकांश भारतीय खिलाड़ी ही



खेले थे। सिंधू का सामना पहले दौर में अनुपमा उपाध्याय से होगा। वह आगे जापान की तोमोका मियाजाकी से खेल सकती है, जिसने उन्हें पिछले साल स्विस ओपन में हराया था। सैयद मोदी खिताब जीतने वाले लक्ष्य सेन मलेशिया में शुरुआती दौर में ही बाहर हो गए थे। यहां तीन साल पहले खिताब जीत चुके लक्ष्य का सामना पहले दौर में चीन के होंग यांग वेंग से होगा। पेरिस ओलंपिक प्री क्वार्टर फाइनल से बाहर होने के बाद पांच महीने का ब्रेक लेने वाले एचएस प्रणय मलेशिया में दूसरे दौर में बाहर हो गए थे। यहां पहले दौर में उनका सामना चीनी ताइपै के लि यांग सू से होगा।